RNI NO.: MAHHIM/2013/52540

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 11 ■ अंक 101 ■ नाशिक, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान

पेज-4



बसपा की बैठक में मायावती ने रच दिया मिशन-27 का चक्रव्यूह!

पेज-6



गर्मी में घर पहुंचते ही है नहाने की आदत तो जरा संभलकर

पेज-8



सुरुचि सिंह ने लगातार दूसरे ISSF विश्व कप में जीता गोल्ड, मनु भाकर को रजत

पेज-9

## Short News एक नजर

### JEE मेन्स के गलत सवालों पर NTA ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और कोचिंग एक्सपर्ट्स के आरोपों का जवाब दिया है। दरअसल, JEE मेन्स 2025 सेशन 2 की प्रोविजनल आंसर की जारी होने के बाद कई लोगों ने आंसर की में कई गलतियां निकाली थीं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी विवाद भी हुआ। इसी मामले में अब NTA ने जवाब दिया है। ऑफिशियल X हेंडल पर NTA ने लिखा कि NTA हमेशा एक ट्रांसपेरेंट एग्जामिनेशन प्रोसेस फॉलो करता है। इसलिए जैसे ही प्रोविजनल आंसर की जारी की जाती है कैंडिडेट्स अपने रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स भी देख सकते हैं।

### दुबई में पाकिस्तानी ने दो भारतीय हिंदुओं को बनाया शिकार

**दुबई।** दुबई की एक बेकरी में एक पाकिस्तानी नागरिक ने धार्मिक नारे लगाते हुए हमला किया, जिसमें तेलंगाना के दो लोगों की मौत हो गई और तीसरा घायल हो गया। मृतकों के परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को यह दावा किया। एक मृतक के चाचा ए पोशेट्टी ने बताया कि निर्मल जिले के सोन गांव के अष्टपु प्रेमसागर (35) की 11 अप्रैल को तलवार से हत्या कर दी गई। कथित घटना उस बेकरी में हुई जहां पीड़ित काम करते थे। पोशेट्टी ने बताया कि प्रेमसागर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके परिवार के सदस्यों को इस बारे में सूचित नहीं किया गया है।

### मंदिर में घुसा बाघ, छह साल के मासूम का किया शिकार

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर से एक भयावह घटना सामने आई है। दोपहर करीब 3 बजे मंदिर में दर्शन कर मां के साथ लौट रहे 6 साल के मासूम बच्चे को एक बाघ उठाकर जंगल की ओर भाग गया। इस घटना से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि बच्चे की मौत हो चुकी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह कुछ अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन कर लौट रहे थे। अचानक जंगल से एक बाघ निकला और भीड़ के बीच से एक छोटे बच्चे को उठाकर जंगल की ओर ले गया।

### कांग्रेस का देशभर में ED ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ED ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। इसके विरोध में पार्टी देशभर में ED दफ्तरों के बाहर बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## वक्फ संपत्तियों पर 'सुप्रीम' सुनवाई

### आज अदालत सुना सकती है अंतरिम आदेश

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि जो संपत्तियां वक्फ घोषित हो चुकी हैं, चाहे वह परंपरा से वक्फ हो या बाकायदा दस्तावेज से घोषित वक्फ हो, उन्हें वापस सामान्य संपत्ति घोषित नहीं किया जाएगा। हालांकि केंद्र सरकार ने इस पर आपत्ति जताई और अदालत से आग्रह किया कि इस पर कोई आदेश देने से पहले उसे सुना जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 17 अप्रैल दोपहर 2 बजे अगली सुनवाई तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन अधिनियम का हवाला दिया और कहा कि वह उस प्रावधान को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल मुसलमान ही वक्फ बना सकते हैं। सिब्बल ने पूछा, 'राज्य कैसे तय कर सकता है कि मैं मुसलमान हूं या नहीं और इसलिए वक्फ बनाने के योग्य हूं या नहीं?' उन्होंने कहा, 'सरकार कैसे कह सकती है कि केवल वे लोग ही वक्फ बना सकते हैं जो पिछले पांच सालों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं?'

शेष पेज 7 पर




### कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल

इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या आप अब हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमानों को भी शामिल करेंगे? अगर हां, तो खुलकर कहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई संपत्ति 100-200 साल पहले वक्फ घोषित हुई है, तो उसे अब अचानक से बदला नहीं जा सकता। कोर्ट ने आगे कहा कि आप इतिहास को दोबारा नहीं लिख सकते। सुप्रीम कोर्ट ने एक और अहम बात कही- वक्फ बोर्ड और सेंट्रल वक्फ काउंसिल के सभी सदस्य मुस्लिम ही होंगे, सिर्फ जो पदेन सदस्य हैं, वो किसी भी धर्म के हो सकते हैं।

## अवैध दरगाह पर चला बुलडोजर

# नाशिक में भारी बवाल

### पथराव में 21 पुलिसकर्मी घायल, हिरासत में 15 लोग

महानगर संवाददाता

नाशिक

नाशिक शहर में एक अनधिकृत दरगाह को गिराए जाने का विरोध कर रहे कुछ लोगों ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए और तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार देर रात हुई और पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े तथा स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने बताया कि हिंसा के सिलसिले में 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना के समय घायल पुलिसकर्मी अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा ड्यूटी पर थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह करीब छह बजे नासिक नगर निगम (एनएमसी) के कर्मियों ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।



### पुलिस और मुस्लिम नेताओं पर पथराव

नाशिक के पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक ने कहा कि दरगाह हटाने का विरोध करने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और प्रदर्शनकारियों को शांत करने गए पुलिस और मुस्लिम नेताओं पर पथराव किया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने कहा कि हमले में तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। दरगाह को सुबह ध्वस्त कर दिया गया और एफआईआर दर्ज करने और (हिंसा में शामिल लोगों को) गिरफ्तार करने की प्रक्रिया जारी है।

शेष पेज 7 पर

### सामाजिक न्याय मंत्री ने की घोषणा

## अब गटर की सफाई करेंगे रोबोट



महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि राज्य सरकार 27 महानगरपालिका में गटर की सफाई के लिए 100 रोबोट खरीदेगी। यह घोषणा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सफाई कार्यों का सामाजिक ऑडिट कराए जाने के बाद की गई है। ऑडिट में राज्य सरकार की सफाई कर्मचारियों की मौतों की समस्या से निपटने में विफलता को उजागर किया गया है। मुंबई, पुणे, परभणी, सतारा और शिरूर में केंद्र सरकार द्वारा किए गए सामाजिक ऑडिट ने महाराष्ट्र में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा में अधिकारियों और ठेकेदारों की गंभीर विफलताओं को उजागर किया है। ऑडिट के अनुसार, 2021 और 2024 के बीच 18 सफाई कर्मचारियों की जान चली गई। ऑडिट में कहा गया कि सर्वेक्षण किये गए सभी पांच स्थानों पर सुरक्षा नियम, सुरक्षात्मक उपकरण और आपातकालीन व्यवस्था लगभग पूरी तरह से नदारद थी।

### छत्रपति संभाजीनगर में पायलट प्रोजेक्ट

राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि हम सबसे पहले छत्रपति संभाजीनगर महापालिका में नए रोबोट के साथ एक महीने का परीक्षण करेंगे। सफल परीक्षण के बाद हम 100 रोबोट खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग शहरी विकास विभाग को रोबोट उपलब्ध कराएगा, जिसके बाद शहरी विकास विभाग उन्हें नगर निगमों को वितरित करेगा। शिरसाट ने कहा कि ये नए रोबोट स्वदेशी रूप से निर्मित हैं और कम क्षमता वाले मौजूदा रोबोटों की तुलना में अधिक सक्षम हैं। हम जो रोबोट खरीदेंगे, उनमें सफाई और अपशिष्ट पृथक्करण की अधिक क्षमता होगी।

## देश के अगले चीफ जस्टिस होंगे बीआर गवई

**नई दिल्ली।** जस्टिस बीआर गवई देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह 14 मई को चीफ जस्टिस के पद की शपथ लेंगे। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना 13 मई को रिटायर होंगे और अगले ही दिन जस्टिस गवई पदभार संभालेंगे। वह देश के दूसरे दलित चीफ जस्टिस होंगे, उससे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भी मुख्य न्यायाधीश रहे हैं, जो अनुसूचित जाति वर्ग के थे। मौजूदा चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने बुधवार को जस्टिस बीआर गवई के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी। जस्टिस गवई का पूरा नाम भूषण रामकृष्ण गवई है। चीफ जस्टिस खन्ना के बाद वह सुप्रीम कोर्ट के सबसे सीनियर जज हैं। वह देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। जस्टिस गवई का 6 महीने का कार्यकाल होगा और वह 23 नवंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह मई 2019 में ही सुप्रीम कोर्ट के जज बने थे और संयोग है कि इसी महीने में शीर्ष अदालत के चीफ जस्टिस हो जाएंगे। बीते साल 11 नवंबर को सीजेआई खन्ना ने पदभार संभाला था। उन्होंने केंद्रीय कानून मंत्रालय के समक्ष जस्टिस बीआर गवई के नाम की सिफारिश भेजी है।



### चीन के 125% टैरिफ के जवाब में

## 245% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह जानकारी तब सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। दस्तावेज में ट्रम्प के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है।




व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी।

इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।

## कश्मीर आतंकी साजिश मामले में NIA का ऐक्शन

### पाकिस्तानी हैंडलर सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट




महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हथियार और गोला-बारूद जब्त करने से जुड़े आतंकी साजिश मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें एक पाकिस्तानी हैंडलर समेत तीन लोग आरोपी बनाए गए हैं। एनआईए के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्दुल अजीज, मुनव्वर हुसैन और नजीर हुसैन उर्फ नजीर अहमद उर्फ अली खान उर्फ नजीर उर्फ अली उर्फ नजीरू उर्फ शाहीन के रूप में हुई है। उन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 2023 के साथ संशोधित यूए(पी) अधिनियम 1967 की धारा 13, 17, 18, 20, 23 और 38 और शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 3/25 के तहत आरोप लगाए गए हैं। नजीर हुसैन अभी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सक्रिय है। वह प्रतिबंधित जम्मू और कश्मीर गजनवी फोर्स (JKGF) आतंवादी संगठन का एक कार्यकर्ता है।

## सफर के दौरान अब कैश की नो टेंशन

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली/मुंबई

भारतीय रेलवे ने इनोवेटिव नॉन-फेयर रेवेन्यू पहल की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सेंट्रल रेलवे ने मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में एक ऑटोमेटेड टेलर मशीन यानी ATM की शुरुआत की है। इस ट्रेन में मोबाइल एटीएम का ट्रायल रन सफलतापूर्वक किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोबाइल एटीएम स्थापित करने के साथ रेलवे का इरादा ट्रेन में सफर कर रहे यात्रयों की सुविधाओं को बेहतर करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने X अकाउंट पर इस इनोवेशन का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे चलती ट्रेन में एक यात्री 'बैंक ऑफ महाराष्ट्र’ की एटीएम सर्विस को इस्तेमाल कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर मेटालिक शटर लगाया गया है और ATM को विशेष रबर पैड व बोल्ट्स से सुरक्षित किया गया। सुरक्षा के अन्य उपायों में दो अग्निशामक यंत्र भी इस स्थान पर लगाए गए हैं और FSDS सैंपलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही, ATM कक्ष में CCTV कैमरा भी शीघ्र ही स्थापित किया जा रहा है ताकि सुरक्षा की दृष्टि से किसी प्रकार की कमी न रहे। यह कदम न केवल यात्रियों को सुविधा ऑफर करेगा, बल्कि रेलवे के लिए राजस्व के नए रास्ते भी खोलेगा। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इस योजना का विस्तार किया जा सकता है।



पंचवटी एक्सप्रेस में लगी ATM मशीन

### मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी एटीएम सर्विस मिलेगी

भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने बताया, एटीएम के ट्रायल के परिणाम सकारात्मक रहे हैं। अब लोग सफर के दौरान भी पैसे निकाल सकेंगे। हम मशीन की परफॉर्मेंस पर लगातार नजर रखेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यह एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी उपलब्ध रहेगा क्योंकि दोनों ट्रेनें एक ही रेक साझा करती हैं।

## राजकोट में सिटी-बस ने सात को रौंदा, चार की मौत

महानगर नेटवर्क

राजकोट

गुजरात के राजकोट में एक तेज रफ्तार बस ने कहर बरपा दिया। ट्राफिक सिग्नल पर बस ने दो पहिया वाहनों, कारों और पैदल चल रहे लोगों को रौंद डाला। इस घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए। राजकोट नगर निगम ने मृतक के परिजनों को 15-15 लाख और घायलों को 2-2 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि बस सुबह करीब 10 बजे शहर के 150 फीट रिंग रोड पर इंदिरा सर्किल के पास सिग्नल पर नहीं रुकी। बस ने कम से कम दो चार पहिया वाहनों और छह दोपहिया वाहनों को कुचल दिया और फिर घटनास्थल से कुछ दूरी पर जाकर रुक गई। गांधीग्राम थाने की इंस्पेक्टर सेजल मेघानी ने बताया कि बस की चपेट में आने से दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक सात साल का लड़का भी शामिल है। बस ने कई दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान शिशुपाल सिंह राणा के रूप में हुई है, जो घायल हो गया है। वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है।



## देश में बाड़मेर सबसे गर्म

### श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी | 80 साल का टूटा रिकॉर्ड

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

मौसम विभाग ने बुधवार को देश के 25 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है। बिहार, असम और ओडिशा में तेज बारिश की आशंका है। झारखंड, ओडिशा और मेघालय में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 15 अप्रैल श्रीनगर का बीते 80 सालों में सबसे ज्यादा गर्म दिन था। शहर का तापमान सामान्य से 10.2 डिग्री ज्यादा 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में इस वक्त औसत तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में इससे पहले 20 अप्रैल, 1946 को सबसे ज्यादा तापमान 31.1 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 15 अप्रैल को कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में तापमान सामान्य से 8.1 से 11.2 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा। जिले का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है।



## केदारनाथ-गंगोत्री धामों पर वीआईपी दर्शन पर एडवाइजरी

महानगर नेटवर्क

देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर धामी सरकार ने फैसला लिया है। उत्तराखंड में गंगोत्री-यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। चारधाम यात्रा पर वीआईपी लोगों के लिए एक अपील जारी की है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से सभी गणमान्य व्यक्तियों, राज्य स्तरीय अधिकारियों, न्यायपालिका के सदस्यों से दो मई से 31 मई के बीच यात्रा में शामिल होने से बचने का अनुरोध किया है। चारधाम यात्रा के पहले महीने में वीआईपी मूवमेंट को थामने पर जोर दिया गया है। मुख्य सचिव ने ही वीआईपी लोगों से उनकी सुविधा को देखते हुए यात्रा से बचने पर जोर दिया। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए यह अनुरोध किया गया है। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आधार्ड कार्ड आधारित पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। जिन श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए ऋषिकेश, हरिद्वार, विकासनगर (हर्बटपुर, नयागांव) में ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## 'यूपी-बिहार के वीडियो दिखा बंगाल को बदनाम कर रहे'

### ममता का मोदी सरकार पर बड़ा हमला

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद हिंसा के बीच इमामों को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि यूपी-बिहार के वीडियो दिखा बंगाल को बदनाम करने की साजिश हो रही है, उन्होंने बीजेपी को भी आड़े हाथों लेने का काम किया। इससे पहले भी इस मामले में बोलते हुए सीएम ममता ने बीजेपी पर ही साजिश रचने का आरोप लगाया था। सीएम ममता बनर्जी ने इमामों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सर्व धर्म समभाव में विश्वास करते हैं। मैं रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद में विश्वास करती हूं मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि अगर भाजपा की बात पर उत्तेजित होकर बंगाल में कोई अशांति पैदा करना चाहता है तो उसे नियंत्रित करें जब हम दुर्गा पूजा मनाते हैं, तो वे कहते हैं कि हम मनाने नहीं देते। घर-घर में सरस्वती पूजा मनाई जाती है, और वे कहते हैं कि हम ऐसा नहीं करने देते हैं। सबको सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, यही परंपरा है।



### ममता बनर्जी का बीजेपी पर गंभीर आरोप

ममता ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ये लोग यूपी और बिहार के वीडियो दिखा बंगाल को इस समय बदनाम कर रहे हैं। बीजेपी ये काम कर रही है। बात रही बॉर्डर सुरक्षा की तो वो पूरी तरह बीएसएफ की जिम्मेदारी है। सीएम ने जोर देकर कहा कि केंद्र को अपनी विफलताओं के बारे में सोचना चाहिए। ममता ने बोला कि वो बताए कितने युवाओं को रोजगार मिला है। यहां दवाई, पेट्रोल के दाम बढ़े हैं, लेकिन कुछ लोग सिर्फ बंगाल के खिलाफ बोलते हैं। हिम्मत है तो मेरे सामने बोलें, मेरे पीछे नहीं।

# ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करो : सांसद म्हस्के

**प. बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटना के बावजूद उबाठा चुप क्यों?**

महानगर संवाददाता
ठाणे



पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की घटनाओं में हिंदुओं की हत्या हुई है। वहां के हिंदू घर छोड़कर पलायन कर रहे हैं। मुस्लिम वोटों के लिए लाचार हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बंगाल की सरकार को बर्खास्त किया जाए। इस प्रकार की मांग शिवसेना सांसद व प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने बुधवार को की। ठाणे में आयोजित पत्रकार परिषद को वे संबोधित कर रहे थे। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं पर उबाठा चुप क्यों है? इस प्रकार का दो टूक सवाल सांसद म्हस्के ने पूछा है। शिवसेना का एक शिष्टमंडल बहुत जल्द पश्चिम बंगाल जायेगा और वहां के पीड़ित हिंदू परिवारों की मदद करेगा।

सांसद म्हस्के ने बताया कि केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड संसोधन विधेयक मंजूर किया उसके बाद से ही बंगाल में विशिष्ट समाज के लोगों ने हिंदू समाज पर हमला करना शुरू किया है। मुर्शिदाबाद में असामाजिक तत्वों ने पुलिस के सामने ही हिंदू परिवारों के घरों में घुस कर उनकी हत्या की। हिंदुओं की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और उनके वाहनों को जला डाला गया। वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंदुओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई हैं। जिसकी वजह से पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। इस प्रकार की मांग केंद्र सरकार से की जायेगी। यह जानकारी सांसद म्हस्के ने दी है।

मुस्लिम वोटों के लिए ममता बनर्जी लाचार हो गई हैं। सांसद म्हस्के ने कहा कि मुंबई पर हुए 26/11 के आतंकवादी हमले की मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की तरह ही ममता बनर्जी का भी आचरण है इसलिए उनका नाम बदल कर ममता राणा कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि खुद को हिंदुत्वादी कहने वाले और मातोश्री में ममता बनर्जी को चाय-पानी के लिए आमंत्रित करने वाले उद्धव ठाकरे बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं का निषेध व्यक्त करेंगे क्या? इस प्रकार का सवाल सांसद नरेश म्हस्के ने पूछा है। इससे पहले भी बंगाल में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार की घटनाएं हुई हैं।

# झूठी बम की खबर देने वाला गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
मुंबई



मुंबई पुलिस ने एक शख्स को झूठी बम धमाके की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सूरज जाधव के रूप में हुई है, जो बोरीवली इलाके का रहने वाला है। सूरज ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दावा किया कि मुंबई में बम धमाके होने वाले हैं। इस कॉल से शहर में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तुरंत कई संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा जांच शुरू कर दी।

यह कॉल बुधवार दोपहर लगभग 2:35 बजे मुंबई पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष के बूथ नंबर 12 पर आपातकालीन नंबर 100 पर प्राप्त हुई थी। कॉल मोबाइल नंबर 9324888125 से की गई थी। कॉल करने वाले ने खुद को "डी-कंपनी का आदमी" बताया और धमाके की धमकी दी। पुलिस ने इस धमकी को गंभीरता से लिया और कॉलर को ट्रेस करने के लिए जांच शुरू की। कुछ ही समय में पुलिस ने पता लगा लिया कि कॉल बोरीवली से की गई थी। वहां छापेमारी कर सूरज जाधव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूरज पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं और उसे पहले भी पुलिस द्वारा शहर से बाहर निकाला गया था। करीब छह महीने पहले भी उसने ऐसा ही एक झूठा कॉल किया था। मामले में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में नया मामला दर्ज किया गया है, और सूरज को अदालत में पेश किया गया और आगे की जांच जारी है।

# डॉक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला और नवजात की मौत

**अस्पताल पर एफआईआर दर्ज**

महानगर संवाददाता
ठाणे



महाराष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं, जब ठाणे के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान कथित लापरवाही के चलते एक गर्भवती महिला और उसके अजन्मे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना वर्ष 2022 की है, लेकिन अब सरकारी जांच रिपोर्ट में डॉक्टर की गलती साबित होने के बाद चितलसर पुलिस थाने में संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

बता दें कि घटना ठाणे के घोड़बंदर इलाके की रहने वाली एक गर्भवती महिला की है, जिसे अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिवारवालों ने मानपाड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रातभर इलाज के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने दोपहर में उसे ठाणे महानगरपालिका के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां पहुंचने के कुछ ही देर में महिला और उसके गर्भस्थ शिशु दोनों की मौत हो गई। महिला के पति ने पुलिस को दिए बयान में अस्पताल की ओर से इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया था। इसी आधार पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी अस्पताल द्वारा जांच शुरू की गई, जिसकी रिपोर्ट अब सामने आई है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि महिला का समय पर और उचित इलाज नहीं दिया गया, जिससे उसकी और उसके शिशु की मौत हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि इस घटना के कुछ महीनों बाद महिला के पति की भी मौत हो गई। अब मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर चितलसर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इससे पहले पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भी आर्थिक कारणों से गर्भवती महिला को इलाज से वंचित करने का मामला सामने आया था, जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था। ठाणे की यह घटना उसी दर्दनाक कहानी की पुनरावृत्ति प्रतीत होती है, जिसने आम जनता का भरोसा एक बार फिर स्वास्थ्य संस्थानों से डगमगाया है। अब देखना यह होगा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# सीमेंट कंक्रीट के काम में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई

- दो साल मनपा में काम करने पर लगाई रोक
- 2 रेडी-मिक्स कंक्रीट परियोजनाओं का पंजीकरण रद्द

महानगर संवाददाता
मुंबई

सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मनपा प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों पर सख्त कार्रवाई की गई है। सड़क कार्य में लगे एक ठेकेदार को काम में लापरवाही पाए जाने पर और कामों में गुणवत्ता नहीं मिलने पर दो साल के लिए मनपा से बैन कर दिया है। मनपा में ठेकेदार दो साल तक कोई काम नहीं कर पाएगा।

मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि आरे कॉलोनी में दिनकरराव देसाई रोड का सीमेंट कंक्रीट और मैस्टिक डामर सुधार कार्य एक ठेकेदार के माध्यम से चल रहा है। इस काम में ठेकेदार द्वारा घटिया दर्जे का काम करने पर ठेकेदार को आगामी दो वर्षों तक मनपा के किसी भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इतना ही नहीं ठेकेदार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया है। मनपा ने इसी तरह सीमेंट कंक्रीट में आने वाले मिक्स पदार्थ के स्लंप टेस्ट में गंभीर गड़बड़ियां पाए जाने के कारण दो रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। आगामी 6 महीनों तक किसी भी मनपा कार्य के लिए, कंक्रीट की आपूर्ति पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा रेडी-मिक्स कंक्रीट परियोजना स्थल पर स्लम्प 160 मिमी था, जबकि वास्तविक कार्य स्थल पर स्लम्प 170 मिमी पाया गया। कंक्रीटिंग के लिए लोड को अस्वीकार कर दिया गया और संबंधित मिक्सर वाहन को वापस भेज दिया गया। इसी के चलते दो सड़क ठेकेदारों पर 20-20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी तथा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर के निर्देश पर की गई। स्लंप टेस्ट के मापदंडों में पाई गई खामियों के चलते यह कार्रवाई अनिवार्य हो गई थी। आयुक्त ने यह स्पष्ट किया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनपा का उद्देश्य 31 मई 2025 से पहले सभी सड़कों का कांक्रीटीकरण पूर्ण करना है। इसके लिए सूक्ष्म योजना बनाई गई है और प्रत्येक सड़क कार्य की निश्चित समयसीमा तय की गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यस्थल पर नियमित निरीक्षण करें, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और लापरवाही करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाएं।



# नागरिक सेवाओं और सुविधाओं के स्तर को बेहतर बनाने का करें प्रयास : अपर मुख्य सचिव

महानगर संवाददाता
मुंबई




मुंबई नागरिक सेवाओं और सुविधाओं के स्तर को और बढ़ाने को लेकर मुंबई शहर के पालक सचिव और राज्य के अपर मुख्य सचिव (गृह) इकबाल सिंह चहल ने मनपा मुख्यालय में विभिन्न प्राधिकरणों के साथ बैठक आयोजित कर नागरिक सेवाओं के स्तर को और बेहतर बनाने को लेकर चर्चा की। इस बैठक में म्हाडा, एसआरए, एमएमआरडीए और मनपा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य के अपर मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल ने कहा कि राज्य सरकार, महानगरपालिका और अन्य प्राधिकरणों के बीच संवाद को मजबूत करके रुके हुए प्रोजेक्ट्स को गति दी जाए, जिससे आम नागरिकों को होने वाली परेशानी दूर की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंत्रालय में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शीघ्र ही एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी ताकि लंबित परियोजनाओं पर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। बैठक में देवनार प्रोजेक्ट, आवास योजनाएं, पुलिस कॉलोनियों के पुनर्विकास, बीडीडी चॉल और कामाठीपुरा परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। एमएमआरडीए अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना की जानकारी दी। इसके अलावा मानसून में संभावित भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों के लिए एहतियाती उपायों हेतु सरकार द्वारा निधि उपलब्ध कराने का आश्वासन भी चहल ने दिया। चहल ने कहा कि नगर विकास से जुड़ी योजनाएं एक-दूसरे की अनुमतियों पर निर्भर होती हैं इसलिए, सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए दूरदर्शिता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी बनाए रखने और आम नागरिकों के जीवन को और सुगम बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक दृष्टिकोण से लगातार प्रयास करना चाहिए।

# WhatsApp चैटबॉट सेवा की शुरुआत

**घर बैठे मिलेगी जानकारी और सुविधाएं**



**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका ने नागरिकों तक प्रशासनिक सुविधाएं और जानकारी सीधे पहुंचाने के लिए एक और डिजिटल कदम उठाया है। बुधवार को भिवंडी मनपा ने WhatsApp Business API (Chatbot) सेवा का विधिवत उद्घाटन किया। यह सेवा नागरिकों को घर बैठे मोबाइल के जरिए विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस नई सेवा की शुरुआत प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर के शुभहाथों किया गया। इस अवसर अतिरिक्त आयुक्त देविदास पवार, उपआयुक्त (मुख्यालय) रोहिदास दोरकुलकर, उपआयुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, सहायक आयुक्त डॉ. अनुराधा बाबर, तथा संगणक विभाग के सिस्टम मैनेजर मंदार जोशी, कार्यालयीन अधीक्षक स्वप्निल गायकवाड समेत अन्य विभाग प्रमुख और कर्मचारी उपस्थित थे।

नागरिकों को यह सेवा मोबाइल नंबर 7066644844 पर उपलब्ध होगी। नागरिक इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव करके WhatsApp पर "HI" लिखकर भेजेंगे, तो उन्हें त्वरित उत्तर मिलेगा। शुरुआत में इस चैटबॉट के माध्यम से मालमत्ता कर (प्रॉपर्टी टैक्स) भुगतान, शिकायत पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सेवाएं और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध होंगी।

# कल्याण स्टेशन पर जनरल बोगी की मांग

**कल्याण।** उत्तर भारतीय रेल्वे संस्था के अध्यक्ष गिरजाशंकर मिश्र ने कल्याण स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों में जनरल बोगी की सुविधा देने की मांग को लेकर रेल प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। यह मांग लंबे समय से आम जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे यात्रियों को यात्रा में हो रही परेशानियों का समाधान हो सके। इस सिलसिले में मिश्र ने डीआरएम, सीनियर डीसीएम, सीपीटीएम और सीओएम को पत्र प्रेषित किए, जिनमें से चारों अधिकारियों को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। इसके अतिरिक्त, डीआरएम और सीनियर डीसीएम के साथ बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जनरल बोगी की आवश्यकता और इससे आम जनता को होने वाले लाभों पर चर्चा की गई। इस अभियान में मिश्र के साथ उत्तर भारतीय समाज के सक्रिय सदस्य देवराज पाठक और रमेश शुक्ला भी उपस्थित थे।

# कल्याण की निर्भया को मिला न्याय, आरोपी ने की आत्महत्या

महानगर संवाददाता
कल्याण



दिसंबर के महीने में कल्याण पूर्व में 12 वर्षीय एक बच्ची के साथ हुए वीभत्स अपराध को लोग भूले नहीं हैं। उस मामले में आरोपी नराधम विशाल गवली जेल में था। महाराष्ट्र के कल्याण में 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रेप और हत्या के आरोपी विशाल गवली ने नवी मुंबई के तलोजा सेंट्रल जेल में आत्महत्या कर ली है। ऐसा माना जा रहा है कि विशाल गवली ने जेल की कोठरी में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया है कि गवली ने सुबह करीब 4-5 बजे तलोजा जेल के शौचालय में फांसी लगा ली। कल्याण की निर्भया को न्याय मिले इसके लिए सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाले भाजपा नेता अमरजीत मिश्र ने कहा कि अभी-अभी नवरात्र बीता है, मां भवानी ने बदला ले लिया। भाजपा नेता मिश्र ने सबसे पहले बच्ची के माता-पिता को उनके कल्याण स्थित घर पहुँच कर ढाँढस बंधाया था। उन्हें आर्थिक सहायता दी थी और सीएम फड़णवीस के आवास पर ले जाकर माता पिता से भेंट करवाई थी। सीएम ने पुलिस को जांच शीघ्र करने, तटस्थ न्याय करने और बच्ची के माता-पिता को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया था। मामले में सरकारी वकील भी बच्ची की ओर से उपलब्ध करवाने की बात की थी। आरोपी अपने गुनाह के बोझ को संभाल नहीं पाया और आत्महत्या कर ली।

# अंग्रेजी की जबरदस्ती नहीं चलेगी

**ठाणे के स्कूलों को मराठी में संवाद का आदेश**

**ठाणे।** अब ठाणे जिले के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में छात्रों पर केवल अंग्रेजी बोलने का दबाव नहीं डाला जा सकेगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि यदि छात्रों को मराठी में बातचीत करने से रोका गया या अंग्रेजी बोलने के लिए मजबूर किया गया, तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम महाराष्ट्र नवनिर्माण विद्यार्थी सेना (मनसे) द्वारा की गई शिकायत के बाद उठाया गया है।

बता दें कि मनसे के महासचिव संदीप पाचंगे ने शिक्षा विभाग से संपर्क कर यह मामला सामने रखा था कि कुछ स्कूलों में मराठी बोलने वाले छात्रों का अपमान किया जा रहा है और उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा किया जा रहा है। शिकायत में विशेष रूप से यह भी बताया गया कि कुछ सीबीएसई और आईसीएसई स्कूल मराठी भाषा के उपयोग को हतोत्साहित कर रहे हैं, जिससे छात्रों में मातृभाषा के प्रति आत्मविश्वास कमजोर पड़ रहा है। इस पर जिला परिषद के प्राथमिक शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए एक सख्त आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, ठाणे जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में छात्रों को मराठी भाषा में संवाद करने की अनुमति और प्रोत्साहन देना अनिवार्य होगा।

# चिंचोटी-कामण-भिवंडी रोड का काम जल्द होगा शुरू : लोक निर्माण मंत्री



**वसई।** कई वर्षों से अधर में लटका चिंचोटी-कामण-भिवंडी रोड का काम अब जल्द पटरी पर आता दिख रहा है। इस मुद्दे को लेकर वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले के साथ मंत्रालय में अहम बैठक की। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। भिवंडी तालुका को वसई तालुका से जोड़ने वाला यह मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में है। रोजाना हजारों की संख्या में वसई-विरार क्षेत्र के कर्मचारी, श्रमिक और उद्यमी इस रास्ते से आवाजाही करते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने इस सड़क की बदहाल स्थिति का मुद्दा सबसे पहले नागपुर में आयोजित हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाया था। इसके बाद बजट सत्र में भी उन्होंने इस मांग को दोहराया। बुधवार, 16 अप्रैल 2025 को मंत्रालय में आयोजित बैठक के दौरान विधायक ने मंत्री के सामने नागरिकों की समस्याओं को रखते हुए, इस सड़क की मरम्मत कार्य तत्काल शुरू करने की मांग की। सभी पहलुओं पर गंभीर चर्चा के बाद मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले ने आश्वासन दिया कि, "इस मार्ग का रुका हुआ कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।" इस बैठक के बाद वसई और भिवंडी के नागरिकों को जल्द ही इस जर्जर मार्ग से निजात मिलने की उम्मीद बंधी है।

# बिजली चोरी में भी 'मेक इन इंडिया', भिवंडी सबसे आगे

**भिवंडी।** शहर में बिजली चोरी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामला कारिवली ग्राम का है, जहां विश्वनाथ जगन्नाथ पाटिल नामक व्यक्ति पर 3,37,974 रुपए की बिजली चोरी का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला 18 मार्च 2024 से 27 मार्च 2025 के बीच का है, जब आरोपी द्वारा कथित रूप से बिजली के लघुदाब पोल से बिजली कनेक्शन लेकर 10,329 यूनिट बिजली का इस्तेमाल किया। यह खुलासा तब हुआ जब टोरेंट पॉवर कंपनी के एक्जीक्यूटिव करद जगदीश थोराल ने निरीक्षण के दौरान यह अनियमितता पाई। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई टोरेंट अधिकारी की शिकायत अनुसार, आरोपी ने बिना किसी वैध कनेक्शन के बिजली की लाइन जोड़कर कारोबार में उसका उपयोग किया। इस दौरान कुल 3.37 लाख रुपए की विद्युत की चोरी की गई।

# ओलंपिक 2025 महोत्सव से चमकेंगे खिलाड़ी

महानगर संवाददाता
भिवंडी



भिवंडी शहर में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे भिवंडी ओलंपिक 2025 क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दस दिवसीय महोत्सव में भिवंडी महानगरपालिका आयुक्त अनमोल सागर, उपायुक्त परिमंडल-2 मोहन दहीकर, भिवंडी प्रांत अधिकारी अमित सानप तथा तहसीलदार अभिजित खोले समेत कई मान्यवरों ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह आयोजन भिवंडी पश्चिम से भारतीय जनता पार्टी के विधायक महेश चौघुले के नेतृत्व और प्रयासों से संपन्न हो रहा है। महोत्सव का उद्देश्य शहर के उभरते हुए खिलाड़ियों को एक व्यापक मंच प्रदान करना है।

इस क्रीड़ा महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे टीम गेम्स के साथ-साथ एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम जैसे व्यक्तिगत खेलों की कुल 25 स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें शहर भर से हजारों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विधायक महेश चौघुले द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना करते हुए उपस्थित मान्यवरों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में भिवंडी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकेंगे। आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी गई।

# मानसून से पहले काम ख़त्म करने का निर्देश



**नायगांव।** वसई विरार शहर महानगरपालिका अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे ने राज्य महामार्ग प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों को वसई विरार शहर महानगर पालिका की सीमा के भीतर मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग क्रमांक 48 पर नालों के काम को मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी महानगर पालिका पी. आर.ओ. गणेश पाटील ने दी है। उन्होंने बताया कि, वसई विरार शहर महानगरपालिका की सीमा के भीतर मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग क्रमांक 48 पर निचले इलाकों में जलभराव की पृष्ठभूमि में, मानसून के दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न होने के कारण,16 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे वर्सोवा क्रीक (घोड़बंदर ब्रिज) से विरार फाटा तक अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे की उपस्थिति में निरीक्षण दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान वसई प्रांत अधिकारी शेखर घाड़गे, एनएच 48 महामार्ग परियोजना अधिकारी सुहास चिटनीस, मनपा के प्रभारी शहर अभियंता प्रदीप पाचंगे, कार्यकारी अभियंता प्रकाश साटम व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# यात्रियों की मुसीबतें चरम पर!

**ठाणे।** मुंबई-ठाणे रेलवे सेवा के 172वें वर्षगांठ के दिन, जहां एक ओर रेल प्रशासन गर्व से इतिहास का जश्न मना रहा है, वहीं दूसरी ओर ठाणे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रोजाना अव्यवस्थाओं और धोखाधड़ी का सामना करना पड़ रहा है। इन गंभीर समस्याओं की ओर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय वाघुले ने स्टेशन प्रबंधक किशोर ताबड़े का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ठाणे स्टेशन से हर दिन साढ़े छह लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं, लेकिन स्टेशन परिसर में फेरीवालों का अवैध कब्जा और प्रशासन की निष्क्रियता यात्रियों के लिए सिरदर्द बनी है। पादचारी पुलों पर फेरीवालों द्वारा रास्ता रोका जा रहा है और विरोध करने वाले यात्रियों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। इतना ही नहीं, प्लेटफॉर्म पर मौजूद शौचालय का ठेका समाप्त होने के बावजूद ठेकेदार ने कब्जा नहीं छोड़ा है।

# फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट बनाने की वेबसाइट बनाने वाला गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
मुंबई





महाराष्ट्र में उच्च सुरक्षा नोंदनी क्रमांक (एचएसआरपी) प्लेट से संबंधित एक बड़ी साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। सहायक परिवहन आयुक्त गजानन नाना ठोंबरे की शिकायत पर दर्ज मामले में महाराष्ट्र परिवहन विभाग द्वारा एचएसआरपी प्लेट्स को लेकर नागरिकों की सुरक्षा और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी पुराने वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके लिए परिवहन विभाग ने तीन अधिकृत एजेंसियों का चयन किया है, जिनकी जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://transport.maharashtra.gov.in पर दी गई है।

हालांकि, कुछ साइबर अपराधियों ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए नकली वेबसाइट https://indnumberplate.com बनाई और नागरिकों को धोखाधड़ी से फंसाया। इस पर साइबर पुलिस स्टेशन, दक्षिण विभाग, मुंबई में बीएनएस की धारा 318(3) और आईटी एक्ट की धारा 66(क), 66(ड) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। तकनीकी जांच में यह सामने आया कि उक्त फर्जी वेबसाइट का निर्माण विनोद व्यंकट बावले नामक व्यक्ति ने किया था, जो बेंगलुरु, कर्नाटक का निवासी है। सपोनि रुपाली चौधरी, इशान खरोटे व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने यशवंतपुरा पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु से आरोपी को गिरफ्तार किया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन्द्र भारती, व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन रहा।

# फार्मा अकैडमी के वार्षिक आयोजन में सायबर जनजागृति





**मिरारोड।** मिरा - भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त के आदेश से सायबर जनजागृति कार्यशाला का आयोजन करके शहर के नागरिकों को जागरूक किया जा रहा हैं, जिससे शहर के नागरिक इन जालसाजों से बच सके। सायबर पुलिस ठाणे के पुलिस उप निरीक्षक प्रसाद शेनोलकर ने काशीमीरा स्थित भारत रत्न लता मंगेशकर नाटयगृह में फार्मा अकैडमी द्वारा आयोजित विद्यार्थियों के वार्षिक आयोजन में उपस्थित लोगों को सायबर अपराध के संदर्भ में जानकारी दी। इस में उन्होंने सायबर अपराध कैसे होता है और इससे किस तरह बचाव किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। सायबर ठगी का शिकार होने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को देने या सायबर पोटल पर भी शिकायत करने की जानकारी उन्होंने दी। इस आयोजन में 16 से 60 वर्ष तक के 300 विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद थे। आयोजन फार्मा अकैडमी के जयप्रकाश प्रजापति एवं उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया था। जयप्रकाश प्रजापति ने सायबर अपराध से बचने की जानकारी देने के लिए, मिरा - भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय एवं सायबर पुलिस ठाणे के पुलिस उपनिरीक्षक प्रसाद शेनोलकर का आभार व्यक्त किया।

# मध्य रेल : गौरवशाली 172 वर्षों की शानदार यात्रा

महानगर संवाददाता
मुंबई

भारतीय रेल ने गौरवशाली 172 वर्ष पूर्ण कर लिए है। एशियाई उपमहाद्वीप (और भारत) में पहली ट्रेन जो 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई और ठाणे के बीच चली थी, को बोरीबंदर (वह स्थान जहां सीएसएमटी वर्तमान में खड़ा है) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। जैसे-जैसे साल बीतते गए, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे, जिसने प्रथम ट्रेन का परिचालन किया था का सं 1900 में इंडियन मिडलैंड रेलवे कंपनी में विलय हो गई और इसकी सीमाएं उत्तर में दिल्ली, उत्तर-पूर्व में कानपुर और इलाहाबाद और पूर्व में नागपुर से लेकर दक्षिण-पूर्व में रायचूर तक विस्तार दिया। 5 नवंबर 1951 को निज़ाम स्टेट, सिंधिया स्टेट और धौलपुर रेलवे को एकीकृत करके मध्य रेल का गठन किया गया था। वर्तमान में मध्य रेल अपने 5 मंडलों यानी मुंबई, भुसावल, नागपुर, सोलापुर और पुणे के साथ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में 4322.55 रूट किमी से अधिक का विस्तृत नेटवर्क में फैला है। मध्य रेल 492 स्टेशनों के माध्यम से इन राज्यों को सेवा प्रदान कर रहा है। अप्रैल 1853 में पहली ट्रेन से लेकर भारत की अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस तक, रेलवे ने गत 172 वर्षों में अपने रेल नेटवर्क का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। वर्तमान में मध्य रेल 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाता है, अर्थात सीएसएमटी-साईनगर शिरडी, सीएसएमटी-सोलापुर, सीएसएमटी-मडगांव, सीएसएमटी-जालना, नागपुर-बिलासपुर, नागपुर-इंदौर, नागपुर - सिकंदराबाद, कलबुर्गी - बेंगलुरु, पुणे - हुबली और पुणे - कोल्हापुर वंदे भारत एक्सप्रेस। इस प्रकार मरे अनेक बेहतरीन उपलब्धियों के साथ निरंतर शीर्ष स्थान पर बना हुआ सफलता की ओर अग्रसर है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां इस प्रकार हैं : पहली शताब्दी एक्सप्रेस, पहली जन शताब्दी एक्सप्रेस, पहली तेजस एक्सप्रेस आदि। पंजाब मेल जैसी कुछ सबसे पुरानी ट्रेनों के 100 साल बाद भी चलने और अपने यात्रियों के बीच लोकप्रिय होने से इसने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है।

# लागू होगा शिक्षा का 5+3+3+4 पैटर्न

## राज्य में चरणबद्ध तरीके से लागू होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से चरणबद्ध तरीके से राज्य भर के सभी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन को मंजूरी प्रदान की है। बुधवार को स्कूल शिक्षा और खेल विभाग के शासनादेश (जीआर) में इस बात की जानकारी दी गई। एनईपी में पारंपरिक 10+2 मॉडल की जगह परिवर्तनकारी 5+3+3+4 मॉडल पेश किया गया है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है, जिसमें पाठ्यक्रम में लचीलापन, शिक्षकों की भूमिका, और मूल्यांकन पद्धतियों में बदलाव शामिल हैं।




5+3+3+4 प्रणाली में, पहला चरण 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है (5 वर्ष), दूसरा 8 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए (3 वर्ष), तीसरा 11 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए (3 वर्ष), और चौथा 14 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए होगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने फाउंडेशन स्टेज (2022) और स्कूली शिक्षा (2023) के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) तैयार की है। इसका उपयोग पहले से ही 23 राज्यों में किया जा रहा है। एनसीएफ के तहत विकसित पाठ्यपुस्तकें भारत भर के प्रसिद्ध और अनुभवी विशेषज्ञों की मदद से बनाई गई हैं और इनका उपयोग राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न बोर्डों से संबद्ध स्कूलों में किया जाता है। शिक्षा विशेषज्ञों वाली राज्य संचालन समिति के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र में आवश्यक परिवर्तन के साथ एनसीईआरटी की तरफ से तैयार पाठ्यपुस्तकों को धीरे-धीरे अपनाने का निर्णय लिया गया है। एनसीएफ 2023 के आधार पर स्कूली शिक्षा (2024) के लिए एक राज्य पाठ्यक्रम रूपरेखा (एससीएफ) विकसित की गई है। स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम 2025 पर काम अभी चल रहा है।

### 1 से 5 तक हिंदी तीसरी भाषा

नए पाठ्यक्रम के तहत मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल किया जाएगा। अन्य माध्यम के स्कूलों में छात्र मराठी और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करेंगे। महाराष्ट्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने एनसीईआरटी की तरफ से तैयार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के आधार पर नए पाठ्यक्रम विकसित किए हैं। इनका उपयोग राज्य पाठ्यपुस्तक ब्यूरो बालभारती के सहयोग से पाठ्यपुस्तकें बनाने में किया जाएगा।

# अमरावती से मुंबई सिर्फ 2 घंटे में

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण माने जाने अमरावती एयरपोर्ट का बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ एलायंस एयर के विमान से अमरावती एयरपोर्ट पर लैंड हुए। जहां वाटर कैनन से सलामी देकर विमान का स्वागत किया गया। अभी तक अमरावती से मुंबई की रेल यात्रा में 12 घंटे का वक्त लगता है, लेकिन हवाई सेवा शुरू होने से यह सफर मात्र 2 घंटे में पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आज अमरावती हवाई अड्डे का काम पूरा हो गया। यह काम वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। बीच में एयरपोर्ट का काम धीमा पड़ गया था, लेकिन राज्य में एकनाथ शिंदे की सरकार बनने के बाद इसके काम में तेजी आई।

## एयरपोर्ट का लोकार्पण, यात्री विमान सेवा शुरू




### जल्द शुरू होगा पायलट प्रशिक्षण स्कूल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां एक पायलट प्रशिक्षण स्कूल शुरू किया जा रहा है, इससे अमरावती विश्व मानचित्र पर प्रसिद्ध हो जाएगा। यह दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा स्कूल होगा। हर साल अमरावती से 180 पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा और लगभग 34 विमान खड़े किए जाएंगे। ये विमान प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। पायलट प्रशिक्षण स्कूल के आगमन से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार के कार्यकाल में मिली यह एक बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 400 करोड़ के निवेश से यह केंद्र बनाया जाएगा।

# पेड़ छांटने से पहले मनपा देगी जानकारी

**मुंबई।** मानसून के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं बड़े पैमाने पर होती हैं। मनपा इस तरह की दुर्घटना से बचने के लिए पेड़ों की छंटाई शुरू कर दी है। पेड़ों की छंटाई के दौरान लोगों को समस्या नहीं हो इसके लिए मनपा लोगों को पहले इसकी जानकारी देगी, जिससे सड़क किनारे से लोग वाहन आदि हटा लें और उनकी किसी प्रकार की शिकायत होगी तो मनपा को जानकारी दे सकेंगे। मनपा गार्डन विभाग ने जानकारी दी है कि पेड़ों की छंटाई के पहले सोशल मीडिया हैंडल्स और सूचना फलक पर वृक्ष छंटाई का शेड्यूल प्रसारित किया जाएगा। मनपा के प्रत्येक वार्ड ऑफिस से भी आमनागरिकों को जानकारी दी जाएगी। 'महाराष्ट्र वृक्ष संरक्षण और संरक्षण अधिनियम, 1975' के तहत मुंबई के वृक्षों की छंटाई उचित और वैज्ञानिक तरीके से की जाती है।

# 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा'

## 22 से 25 अप्रैल 2025 के दौरान मनाया जाएगा महोत्सव

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य की महायुति सरकार जनसंघ के वरिष्ठ नेता दिवंगत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लोगों तक पहुंचाएगी। इसके लिए सरकार ने एकात्म मानव दर्शन हीरक महोत्सव का आयोजन किया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के कौशल विकास उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दी। लोढ़ा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमेशा देश और जनता के लिए काम किया। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े




व्यक्ति तक विकास पहुंचना चाहिए, इसके लिए उन्होंने अंत्योदय' अभियान चलाया। लोढ़ा ने कहा कि पंडित दीनदयाल के अंत्योदय अभियान और उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए 22 से 25 अप्रैल तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन हीरक महोत्सव पूरे राज्य में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लोगों तक पंहुचाया जाएगा। महोत्सव के आयोजन को लेकर बुधवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव सुजाता सौनिक के कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा बोल रहे थे।

# मनपा के हिंदमाता और मडकेबुआ टेंडर में बड़ा घोटाला?

**मुंबई।** मनपा की हिंदमाता और मडकेबुआ प्रोजेक्ट्स से जुड़े टेंडरों में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से यह मामला उठाते हुए संबंधित अधिकारियों व कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। दानवे के पत्रानुसार मनपा के एसडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तैयार किए गए इस टेंडर में महाराष्ट्र नगर पालिका की स्टैंडर्ड बिड डॉक्युमेंट गाइडलाइंस का गंभीर उल्लंघन किया गया है। टेंडर में बोलीदाताओं की पात्रता के लिए पंप की क्षमता को लेकर भी अजीब शर्तें जोड़ी गई हैं, जो कि पारदर्शी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के खिलाफ हैं। आमतौर पर टेंडर की पात्रता पूरी की गई परियोजनाओं के मूल्य के आधार पर तय की जाती है, न कि पंप की क्षमता के आधार पर। एक गंभीर आरोप यह भी है कि टेंडर की शर्तों में जानबूझकर 10 वर्षों के अनुभव की अटपटी शर्त जोड़ी गई, जिसमें मैसर्स महालसा जैसी कंपनी को बाहर किया जा सके. आर्थिक अपराध शाखा को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा है कि निविदाएं तैयार करते समय बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लंघन कर सरकारी खजाने को वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया है. पूरी प्रक्रिया इस निविदा को ज्वाइंट वेंचर की केवल एक कंपनी एआरडब्ल्यू इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को देने के लिए तैयार की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी के मिशन कर्मयोगी अभियान को आगे बढ़ाएगी सरकार

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन कर्मयोगी अभियान को आगे बढ़ाते हुए मुंबई पुलिस ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस अभियान का मकसद पुलिस को लोगों की जरूरतों के हिसाब से और कुशल बनाना है। ग्रेटर मुंबई पुलिस और इमार्टिकस लर्निंग का लक्ष्य अगले 11 महीनों में 40,000 पुलिस कर्मियों को कुशल बनाना है, जिसकी शुरुआत 500 चुने हुए मास्टर प्रशिक्षकों से होगी। महाराष्ट्र सरकार ने अक्टूबर 2023 में मिशन कर्मयोगी पहल के तहत मुंबई के पुलिस कमिश्नर के कर्मचारियों और दूसरे पुलिस अधिकारियों के लिए एक ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने की आधिकारिक स्वीकृति दी थी। भारत सरकार का मिशन कर्मयोगी सरकारी कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें नए कौशल सिखाने के लिए है। इस पहल के तहत, डिजिटल ट्रेनिंग और योग्यता-आधारित मानव संसाधन प्रबंधन के माध्यम से कर्मचारियों को भविष्य के लिए सक्षम बनाया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को लोगों की शिकायतों को बेहतर ढंग से हल करने, उनके साथ अच्छा व्यवहार करने और पेशेवर पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए तैयार करना है। इसके लिए सबसे पहले मुंबई के लोगों और पुलिसकर्मियों से बातचीत की जाएगी ताकि कमियों को समझा जा सके। फिर 500 मास्टर ट्रेनर्स के लिए 5 दिन का 'ट्रेन द ट्रेनर' सेशन होगा। इसके बाद 40,000 पुलिसकर्मियों को 2 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।


**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सुचना**

कार्यकारी अभियंता, म.रा.वि.वि.कं.मर्या.नाशिक शहर विभाग-२ यांनी महावितरण द्वारे मान्यताप्राप्त ठेकेदारांकडून नाशिक शहर विभाग-२ अंतर्गत टीन कॉपर फ्युज वायर चा पुरवठा १ वर्षासाठी नामिकाप्रविष्ट करणेकरिता लखोटाबंद ई-निविदा EE/NUD II/T-03/2025-26 अन्वये मागविण्यात आलेल्या आहेत. सदरच्या निविदा कंपनीच्या संकेत-स्थळावर भरण्याचा कालावधी २७.०४.२०२५ रोजी २३.५५ वाजेपर्यंत आहे. निविदेबद्दल पूर्ण माहितीसाठी कंपनीच्या https://etender.mahadiscom.in/eatApp/ या संकेत-स्थळाला भेट द्यावी.

पी.आर.ओ. ११८ — कार्यकारी अभियंता, नाशिक शहर विभाग-२


# म्हाडा कोकण मंडल के पहले जनता दरबार में 18 लोगों को मिला तुरंत न्याय

**मुंबई।** म्हाडा कोकण मंडल द्वारा गुरुवार को पहली बार जनता दरबार दिन का आयोजन किया गया। पहले दिन के जनता दरबार में आई कुल 24 शिकायतों में 18 लोगों को तत्काल न्याय मिला जिससे नागरिकों में जनता दरबार को लेकर बड़ा उत्साह देखा गया।

बता दें कि अपनी विभिन्न परेशानियों को लेकर लोग सरकारी कार्यालयों में सालों साल चक्कर लगाते रह जाते हैं। इसी के चलते म्हाडा ने लोगों की समस्याओं का तत्काल निपटारा करने हेतु जनता दरबार आयोजन की शुरुआत की, जिसके तहत म्हाडा कोकण मंडल के लोगों की शिकायतों का निपटारा करने के लिए गुरुवार को पहला जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार म्हाडा मुख्यालय, बांद्रा (पूर्व) स्थित भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा हॉल में




आयोजित हुआ। जिसमें कोकण मंडल की मुख्य अधिकारी रेवती गैकर द्वारा लोगों की शिकायतों का निपटारा किया गया। इस दौरान कुल 24 शिकायतें मिली थीं जिनमें से 18 मामलों का तुरंत निपटारा किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। विभागीय प्रमुखों को लंबित मामलों को प्राथमिकता देने और समयबद्ध तरीके से शिकायतकर्ताओं को जानकारी देने के निर्देश दिए गए। यह पहल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एवं गृहनिर्माण मंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशानुसार तैयार किए गए 100 दिवसीय कार्ययोजना का हिस्सा है।

# एक्शन मोड में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक

- एसटी बसों के स्टॉप का किया जाए निरीक्षण
- 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

एसटी बसों से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए विशिष्ट स्टॉप आवंटित किए जाते हैं। ऐसे स्टॉप पर स्थित होटल यात्रियों को बहुत घटिया और महंगा भोजन देते है, ऐसे में यात्रियों के स्वास्थ्य और सुविधा को देखते हुए स्वच्छ, शुद्ध और किफायती कीमत पर मिलने वाले होटल पर एसटी बसों को रोका जाए। राज्य के परिवहन मंत्री और एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने ऐसा आदेश दिया है। सरनाईक ने अपने आदेश में कहा कि जिन होटल और ढाबा पर यात्रियों को स्वस्थ और किफायती भोजन नहीं मिल रहा है, ऐसे स्टॉपों का निरीक्षण



किया जाना चाहिए और वहां पर बसों को नहीं रोका जाना चाहिए। परिवहन मंत्री ने एसटी प्रशासन को निर्देश दिया है कि यदि यात्रियों को होटल-ढाबा स्टॉप पर स्वच्छ और किफायती सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो ऐसे स्टॉप रद्द कर दिए जाएं। इस संबंध में उन्होंने एसटी कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को वर्तमान में चल रहे सभी बस स्टॉप का सर्वेक्षण करने और अगले 15 दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सरनाईक ने कहा कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान, एसटी बसें विभिन्न होटल-ढाबा स्टॉप पर रुकती हैं। वहां यात्रियों को चाय, नाश्ता या दोपहर के भोजन के साथ-साथ प्राकृतिक अनुष्ठानों के लिए भी समय दिया जाता है। हालांकि, कई होटलों में ठहरने के संबंध में यात्रियों ने शिकायत की है, जिनमें मुख्य रूप से शौचालयों के गंदे होने, बासी नाश्ता, गंदे और महंगे होने तथा एसटी यात्रा के दौरान संबंधित होटलों के कर्मचारियों और मालिकों के व्यवहार शामिल हैं ऐसे होटल और ढाबा का निरीक्षण कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश मंत्री ने दिया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक. : 110-06- स्ट्रिपिंग-बोगी-आर इ, दिनांक : 10.04.2025**
**कार्य का नाम :** : डीजल लोको शेड, रायपुर के पारंपरिक विद्युत इंजनों की बोगियों एवं उसके पुरज़ा का डिस्मेंटलिंग/ स्ट्रिपिंग एवं सफाई। **निविदा मूल्य** : Rs. 38, 13,128.80/- **अग्रिम धन राशी** : Rs. 76,300/- **निविदा दस्तावेज की लागत** : 3000/- **निविदा और समय की समाप्ति तिथि**: 13:00 Hrs. on 08.05.2025
इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह के किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण, कृपया Sr.DME(D)/DLS/SECR/ रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ डी एल एस/आर**
PR/Sr.DME/AAA/08
South East Central Railway | @secrail



**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**विज बंदबाबत जाहीर निवेदन**

कल्याण पश्चिम विभागातील सर्व विज ग्राहकांना कळविण्यात येते की, २२ केव्ही बारावे उपकेंद्रातुन निघणाऱ्या **२२ केव्ही कॉलेज रोड** या वाहिनीवर देखभाल व दुरूस्तीचे काम करण्यासाठी **दि. १७.०४.२०२५ रोजी सकाळी ०९.३० ते १४.३० वाजेपर्यंत** खाली नमुद केलेल्या भागाचा विज पुरवठा बंद राहील याची कृपया नोंद घ्यावी. ग्राहकांच्या होणाऱ्या गैरसोईबद्दल महावितरण कंपनी दिलगीर आहे.

| अनु. क्र. | उपकेंद्र | फिडर | भागाचे नाव |
|---|---|---|---|
| १ | २२ केव्ही बारावे | कॉलेज रोड | वाधवा मिडॉज, साई वृंदावन, साई प्लाझा, पंचरत्न टॉवर, साई भास्कर, भोईरवाडी, चिंतामणी, कस्तुरी लॉन्स, प्लस हॉस्पिटल, सिजन लॅडमार्क, शिवव्हीला व इतर. |

कार्यकारी अभियंता, कल्याण पश्चिम विभाग


# वर्षा गायकवड़ के नेतृत्व में ईडी के खिलाफ कांग्रेस का मोर्चा

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई कार्यकर्ता घायल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

नेशनल हेराल्ड मामले में राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में बुधवार को मुंबई कांग्रेस ने मोर्चा निकाला। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ ईडी कार्यालय पर मोर्चा लेकर जा रही थी कि बीच में पुलिस ने वर्षा गायकवाड़ और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कुछ समय बाद छोड़ दिया। वर्षा ने केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में यूपीए की अध्यक्ष सांसद सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बदले की भावना से कारवाई की जा रही है। दोनों नेताओं पर की गई




कार्रवाई के विरोध में हम मोर्चा निकाल रहे थे तो फडणवीस सरकार की पुलिस ने उन्हें रोक दिया। वर्षा गायकवाड़ ने सरकार और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोर्चा निकालने के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज की जिसके कारण कांग्रेस के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायल हो गए। विपक्ष के आवाज को दबाने के लिए सरकार पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है। वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज पर राज्य के गृह मंत्री और मुंबई पुलिस कमिश्नर को माफी मांगनी चाहिए।

# गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा खुलने के साथ ही बन सकता है फिर चर्चा का केंद्र

**मुंबई।** अंधेरी का सी.डी. बर्फीवाला ब्रिज जो पिछले साल गोखले ब्रिज के एक हिस्से के खुलने के बाद चर्चा का विषय बन गया था। क्योंकि बर्फीवाला और गोखले ब्रिज जुड़ नहीं पाया था। बर्फीवाला ब्रिज ऊपर उठाकर आख़िरकार गोखले ब्रिज के साथ जोड़ा गया है। गोखले ब्रिज भी बनकर तैयार है और मई में खोला जाना है। मई में गोखले ब्रिज और बर्फीवाला ब्रिज साथ में खोला जाना है लेकिन उसके पहले ही ब्रिज के निर्माण पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। गोखले ब्रिज जिसके अंधेरी पश्चिम की ओर निकास मार्ग को लेकर पहले ही चिंताएं जताई जा रही हैं। बर्फीवाला फ्लाईओवर से उतरते ही वाहन चालकों को एक बड़े गड्ढे का सामना करना पड़ेगा, जो निर्माणाधीन जेवीपीडी (जुहू विले पार्ले डेवलपमेंट) फ्लाईओवर के लिए खोदा गया है। सीधा रास्ता न होने के कारण वाहन चालकों को जुहू की ओर जाने के लिए 90 डिग्री का तेज मोड़ लेना होगा। इस जंक्शन पहले से ही ट्रैफिक का जमावड़ा रहता है। क्योंकि फ्लायओवर के नीचे से आने वाला ट्रैफिक भी यहीं मिलता है। अंधेरी लोखंडवाला ओशिवारा सिटिजन्स असोसिएशन के निदेशक धवल शाह ने कहा, अगर इस समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो गोखले ब्रिज के दूसरे चरण के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन पर अव्यवस्था का साया पड़ सकता है।


**TENDER NOTICE**
Sealed offers are invited from reputed Contractors having at least 05 years of experience for the work of the building Structural Repairs, Civil, Painting, Waterproofing & Other Allied Work for

**MOUNT VIEW CO-OP. SOC. LTD.**
Situated at Plot No. 8 , Bhawani Nagar , Marol Maroshi Road, Marol, Andheri (E), Mumbai – 400 059.
Tender forms will be issued by the PMC From 17/04/2025 to 24/04/2025 Between 10:30 am till 5.30 p.m. from PMC office
Submission Last Date -25/04/2025 at Society Office of MOUNT VIEW C.H.S.L

**TENDER COST** INR 5,000/- (BY D.D./ PAY ORDER - On Name Of **"MOUNT VIEW CHSL REPAIR FUND"** NON-REFUNDABLE)

**PROJECT MANAGEMENT CONSULTANT**
**M/s. Tanved Consultants**
**Address: 1701 , Shiv Tapshya, Eksar Road, Borivali (W), Mumbai-92**
**Contact No. : 9930857915 /9869513834 9821046325**



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** — भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** — A Government of India Undertaking

**UNION BANK OF INDIA REGIONAL OFFICE KOLHAPUR**
1411C, Maya Chambers, Laxmipuri, Kolhapur - 416 005.

**NOTICE INVITING TENDER**
**PREMISES REQUIRED ON LEASE**

Union Bank of India requires well-constructed Commercial Premises on lease for its below mentioned Office at below mentioned place (Location):

| Desirable Carpet Area (sq.ft.) | Location |
|---|---|
| 5000 ± 10% | **Regional Office - KOLHAPUR**, Kolhapur City |

The proposed premises should be exclusively on **Ground / First Floor ( with sufficient parking place ) with good frontage** in between **CBS Stand** to **Kawala Naka** to **Shivaji University** and **not in Flood Affected Area** on lease rent basis for shifting of Regional Office. For further details, please visit bank's website **www.unionbankofindia.com**
Last date for submission of bids in the prescribed format is **08.05.2025 upto 4.00 pm**. The Bank reserves the right to reject any or all bids without assigning any reasons whatsoever.

**DGM**
JPPL-25


# कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड के कचरे से भी होगा बिजली उत्पादन

## देवनार डंपिंग ग्राउंड पर बिजली उत्पादन दो से तीन महीने में होगा शुरू

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

प्रतिदिन मुंबई में साढ़े छह से सात हजार मीट्रिक टन कचरा निकलता है। कचरा मुंबई महानगर पालिका के लिए आने वाले दिनों में बड़ी समस्या बन कर उभर रहा है इसका मुख्य कारन है मुंबई के सभी डम्पिंग ग्राउंड की क्षमता खत्म हो रही है। मनपा प्रशासन इसी के चलते कचरे पर प्रोसेस करने पर जोर दिया है। मनपा ने देवनार डम्पिंग ग्राउंड पर जमा कचरे से बिजली उत्पादन का संयंत्र लगा रही है जिसकी शुरुआत अगले दो से तीन महीने

में शुरू हो जाने की जानकारी मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने दी उन्होंने बताया कि जल्द ही कांजूरमार्ग



डम्पिंग ग्राउंड से भी बिजली उत्पादन की शुरुआत की जाएगी।

आयुक्त ने कहा कि मुंबई में हर दिन लगभग छह हजार पाँच सौ से सात हजार मीट्रिक टन कचरा तैयार होता है, जो तीन मंजिला इमारत जितना होता है। इस कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निपटारा किया जा रहा है और अब उससे बिजली उत्पादन भी किया जाएगा। गगराणी "मुंबई है कहां, जा रही है कहां" इस विषय पर एक व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने महानगर पालिका की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवनार डम्पिंग ग्राउंड 1920 में शुरू हुआ था और अब इसकी क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी है। यहाँ प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन कचरे से चार मेगावाट बिजली उत्पादन का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। गोराई और मुलुंड के डम्पिंग ग्राउंड की क्षमता समाप्त हो चुकी है इसलिए वहाँ अब कचरा नहीं डाला जाता। कांजूरमार्ग डम्पिंग ग्राउंड में दुर्गंध रोकने के लिए भी पालिका विभिन्न उपाय कर रही है। गगराणी ने यह भी बताया कि सड़कें, पुल आदि पर तो चर्चा होती है, लेकिन कुछ अदृश्य परियोजनाएँ भी हैं जो मुंबईकरों की समस्या दूर करेंगी। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है – गंदे पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**श्री हरिलाल भगवती मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, बोरीवली (प), मुंबई – 103**
क्र. एचओ/4406/बीएच, दिनांक : 16.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री हरिलाल भगवती मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, बोरीवली (प), मुंबई – 400 103 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तीन चरण बोली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं.

ई-निविदा सूचना से संबंधित विवरण वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे.

ई-निविदा के विवरण निम्नानुसार हैं :

| अ. क्र. | विवरण | ई-निविदा क्र. | निविदा शुल्क | ईएमडी ₹ | ऑनलाइन बोली डाउनलोडिंग की आरंभिक तिथि एवं समय | ऑनलाइन बोली जमा की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री हरिलाल भगवती मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, बोरीवली (प) के विभिन्न विभागों हेतु उपयोग के लिए कम्पोस्टेबल गार्बेज बैग्ज की आपूर्ति. | 2025_एमसीजीएम_1170663_1 | ₹ 3630 +18% जीएसटी | ईएमडी ₹ 40,000/- | 17.04.2025 को 11.00 बजे से | 24.04.2025 को 15.00 बजे तक |

टिप्पणी : बयाना रकम जमाराशि (ईएमडी) के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि निर्धारित नियत तिथि एवं समय को अथवा उससे पूर्व है.
शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल बीएमसी और महाटेंडर वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा.

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त के पास किसी भी समय बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी ई-निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
श्री हरिलाल भगवती मनपा सर्वसाधारण अस्पताल,
बोरीवली (प), मुंबई – 103

पीआरओ/134/विज्ञा./2025-26

**सड़क पर खुले में रखें खाद्य पदार्थ, काटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.**

# अपनी ही धरती पर शरणार्थी बनने को मजबूर!

मुस्लिम वक्फ बोर्ड अधिनियम को लेकर प. बंगाल में जिस प्रकार इसका हिंसक विरोध हुआ है उससे राज्य की हिन्दू जनता में अनचाहे खौफ का वातावरण है। इसका प्रमाण यह है कि मुर्शिदाबाद जिले के उन गांवों से हिन्दू अन्य क्षेत्रों को पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं जहां पिछले दिनों भारी हिंसा हुई थी और इसमें तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी जिनमें एक पिता-पुत्र भी शामिल थे। यह कैसी विडम्बना है कि मुर्शिदाबाद के लोग अपनी ही जमीन से बेदखल हो रहे हैं और अन्य पास के इलाकों में शरणार्थी बन रहे हैं। स्वन्त्र भारत में कोई भी नागरिक अपनी जमीन को छोड़ने के लिए मजबूर होता है और शरणार्थी बन जाता है तो समझना चाहिए कि उस राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा रही है। मगर प. बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी वक्फ कानून के सिलसिले में खुद एक पक्ष बनी हुई हैं और वक्फ कानून के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को परोक्ष समर्थन जैसा देती हुई लगती हैं। हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से हिंसा की निन्दा की है और कहा है कि विरोध-प्रदर्शनों में हिंसा की कोई जगह नहीं हैं परन्तु इसके साथ यह भी तथ्य है कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस वक्फ अधिनियम का पुरजोर विरोध कर रही है। इसका आशय निकाला जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस का समर्थन वक्फ कानून के विरोधियों के साथ है। प. बंगाल की धरती का कण-कण देश पर मर मिटने वालों की कहानी कहता है परन्तु इस तथ्य को भी नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता कि 1947 में भारत को दो टुकड़ों में बांटने वाली मुस्लिम लीग का जन्म भी 1906 में इसी धरती पर हुआ था। इससे पहले अंग्रेजों ने संयुक्त बंगाल का पहला विभाजन हिन्दू और मुस्लिम बहुसंख्या के आधार पर 1903 में किया था परन्तु 1912 में अंग्रेजों को अपना यह फैसला वापस भी लेना पड़ा था परन्तु इसके बाद 1947 में बंगाल के फिर दो टुकड़े हिन्दू और मुस्लिम आबादी के आधार पर हुए और मुस्लिम बहुल पूर्वी बंगाल पूर्वी पाकिस्तान बना जो 1971 में बंगलादेश घोषित हुआ। अतः प. बंगाल में आज जो कुछ हो रहा है उसे इतिहास की रोशनी में रखकर देखने की जरूरत है और प्रण करने की जरूरत है कि देश के इस भू-भाग में कठमुल्लावाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिसके चलते मुर्शिदाबाद की हिन्दू जनता अपनी ही धरती पर शरणार्थी बनने के लिए मजबूर की जा रही है। मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी इस राज्य में वोट बैंक राजनीति को यदि तरजीह देते हुए इस प्रकार की घटनाओं के प्रति नरम रुख अपनाती हैं तो केन्द्र सरकार को सख्त रवैया अपनाते हुए दिखाना पड़ेगा क्योंकि भारत की एकता व अखंडता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। यह सौभाग्य की बात है कि देश के पास ऐसे गृहमन्त्री श्री अमित शाह हैं जिन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य से 2019 में अनुच्छेद 370 को हटा कर इस राज्य का भारतीय संघ में पूर्ण कालिक विलय किया। इस राज्य में भी 1990 के आसपास हिन्दू पंडितों को अपनी ही धरती से बेदखल कर दिया गया था और देश के अन्य भागों में शरणार्थी बना दिया गया था। इसके बाद से कश्मीरी शरणार्थियों की समस्या चली आ रही है हालांकि 2019 के बाद से बहुत से कश्मीरी पंडितों को वापस कश्मीर में बसा भी दिया गया है। बेशक श्री शाह की संसदीय दिलेरी की वजह से ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटी और तब से लेकर अब तक इस राज्य में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाओं में भी कमी आयी परन्तु इसके बावजूद यह समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। इसका मतलब यही निकलता है कि किसी भी राज्य में जब साम्प्रदायिक आधार पर गोलबन्दी देश विरोधी ताकतें करती हैं तो राष्ट्रीय हितों के विरोध में काम करती हैं। प. बंगाल में आजकल वक्फ कानून विरोध के नाम पर यही हो रहा है जबकि इस कानून के तहत मुसलमानों के किसी भी अधिकार पर हमला नहीं किया गया बल्कि वक्फ के नाम पर जमीन हड़पने वालों का पर्दाफाश जरूर यह कानून करेगा। वक्फ बोर्ड किसी भी रूप में भूमाफिया की भूमिका अदा नहीं कर सकता है क्योंकि भारत की जमीन पर पहला हक भारतीय नागरिकों का ही बनता है। वक्फ के नए कानून में यह प्रवधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड मनमाने तरीके से किसी भी जमीन को वक्फ की जमीन कहकर नहीं हथिया सकता है। पूरे भारत में वक्फ को मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किस प्रकार प्रयोग होते देखा जा सकता है जबकि भारत का कानून कहता है कि किसी भी जमीन पर उसी व्यक्ति का अधिकार होगा जिसके पास उसके जायज कागजात होंगे। एक ओर देश के अमनपसंद आम लोग जहाँ रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भूभाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है। हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य वर्ग विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बंगलादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। यही वजह रही कि 2013 के बाद से अब तक वक्फ की सम्पत्तियों में 19 लाख एकड़ का इजाफा हुआ। वक्फ प्राचीनतम मन्दिरों की जमीन को भी अपनी बताने लगा। इसे लेकर भारत के बहुसंख्यक लोगों में भीतर ही भीतर भारी रोष भी था जिसका समाधान हाल ही में पारित वक्फ संशोधन कानून में निकाला गया है परन्तु प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में पिछले दिनों वक्फ विरोधी प्रदर्शन में केवल हिंसा ही नहीं हुई बल्कि इसके एक गांव की हिन्दू जनता को भी अपनी जगह छोड़ कर दूसरे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। अतः न्यायालय के दखल के बाद जिले में केन्द्रीय सुरक्षा बलों को लगाना पड़ा।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*पंजे में है खलबली,टेंशन में परिवार*
*साबित करने पर तुला, बढ़िया भ्रष्टाचार*
*बढ़िया भ्रष्टाचार,कहें सरकार निकम्मी*
*फूट-फूटकर रोइ रहे हैं बेटवा-मम्मी*
*कह सुरेश कविराय लगे कंघी गंजे में*
*पंजा ईडी में है, या ईडी पंजे में*

# इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान

**वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि हमारा प्रशासन समय रहते ही नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अंजाम और भी बुरे होंगे, इतिहास इसी बात की चुगली कर रहा है! यह नसीहत क्रूर वक्त हमें बार-बार दे रहा है लेकिन हमलोग ऐसे घिसे पिटे आदर्शवादी हैं कि उसे समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं।**

सवाल है कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भड़काई गई सुनियोजित हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई? राज्य प्रशासन की जवाबदेही क्यों नहीं सुनिश्चित की गई? उसकी लापरवाही पर संसद और सुप्रीम कोई कब तक एक्शन लेगा क्योंकि विदेशी-देशी सांठगांठ से हुई हिंसा में हिंदुओं के जानमाल की क्षति हुई है। ऐसा कोई पहली बार नहीं हो रहा। इसलिए उदण्ड और बेलगाम राजनीति की लगाम कौन कसेगा, यक्ष प्रश्न है? इसलिए आज मैं इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान के कुछ कटु सत्य को उद्घाटित कर रहा हूँ ताकि हमारे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा टूटे और वो विधि-व्यवस्था के लिहाज से अपने मौलिक कर्तव्य न भूलें। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है लेकिन पहले मुग़ल आक्रान्ताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक नीतियों को क़ानूनी अमली जामा पहनाया, जिससे हिन्दू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया और कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिन्दुओं पर हावी होते चले गए। इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, कभी प्रशासनिक उदासीनता तो कभी पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए संगठित अपराध को बढ़ावा दिया गया, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली गई। इसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और सांप्रदायिक विभाजन तक की नौबत आई। इस दौरान सांप्रदायिक दंगे भी खूब हुए लेकिन भारत के गाँधी-नेहरु जैसे अव्यवहारिक आदर्शवादी राजनेताओं ने आजाद भारत में हालत बदलने के उलट उन्हीं घिसे-पिटे कानूनों को भारतीयों पर थोप दिया,





जो आज तक अशांति का सबब बन चुकी हैं। पहले कांग्रेसियों, फिर समाजवादियों और अब राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए। मसलन, बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका, नयायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए। सबों ने उस 'निर्जीव भारतीय संविधान' का महिमा मंडन किया और कर रहे हैं जिसने पदासीन लोगों को वेतन-भत्ते-पेंशन और देशवासियों से लूट-खसोट की तो गारंटी दी, लेकिन आमलोगों के सुख-शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं दिखाई। इस नजरिए से संसद और विधान मंडलों ने प्रभावकारी कानून नहीं बनाए और न ही न्यायपालिका ने इस प्रशासनिक प्रवृति पर कभी सवाल उठाए। हद तो यह कि न्याय के नाम पर मामलों को वर्षों तक लटकाने वाली न्यायपालिका, नेताओं के इशारों पर उलटे-सीधे कार्य करने की अभ्यस्त हो चली कार्यपालिका और नेताओं-कारोबारियों की अघोषित सांठगांठ से जहाँ सत्ताधारी जमात मौज में रहता आया है, वहीं आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है। एक ओर देश के अमनपसंद आम लोग जहाँ रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भूभाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है। हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं। वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य वर्ग विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बंगलादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं। इनकी नापाक मंशा जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और केरल जैसे हालत पूरे देश में पैदा करने की है, जिसकी झलक गाहे-बगाहे दिखाते रहते हैं। यदि गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत तक के ब्रेक के बाद होने वाले सांप्रदायिक दंगों की बात छोड़ भी दी जाए तो अयोध्या रामजन्म भूमि आंदोलन, फिर सीएए और अब वक्फ कानून की आड़ में पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर या फिर चीन-अमेरिका-इंग्लैंड से शह प्राप्त अन्य मुस्लिम देशों के इशारे पर भारत में जो अशांति फैलाते हैं, इसका ताजातरीन उदाहरण पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद इलाका है जो इन दिनों सांप्रदायिक उत्पात से जल रहा है। दरअसल वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा भड़क उठी है, उससे केंद्र सरकार ने अन्य राज्यों में भी ऐसी घटनाओं की आशंका जताई है। इसके दृष्टिगत वह लगातार सतर्कता बरत रही है। यह बात दीगर है कि अभी तक अन्य राज्यों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। केंद्र सरकार के मुताबिक, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की अधिसूचना के मद्देनजर अभी तक अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी सांप्रदायिक स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। केंद्र बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है, जहां वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों की खबरें आई हैं। इसका उद्देश्य सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी कारक की पहचान करना और संबंधित राज्य सरकारों से संपर्क करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें शुरू में ही समाप्त कर दिया जाए। बताया जाता है कि यदि राज्यों से मांग की जाती है तो उन्हें बिना किसी देरी के केंद्रीय बल मुहैया कराए जाएंगे, ताकि ऐसी सांप्रदायिक हिंसा को रोका जा सके। इसी उद्देश्य से मुर्शिदाबाद में भी, पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अदालत के निर्देश पर पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती की गई, जिससे सांप्रदायिक झड़पों पर लगाम लगी।

**-कमलेश पाण्डेय**

# झामुमो को राष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश

38 वर्षों तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और दिग्गज नेता शिबू सोरेन के अध्यक्ष रहने के बाद पार्टी के 13वें महाधिवेशन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। वहीं दिशोम गुरू शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक चुना गया। 15 अप्रैल 2025 को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया जब झामुमो के 13वें महाधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13 वें महाधिवेशन में केन्द्रीय समिति सदस्यों की जिलावार घोषणा की गई। केन्द्रीय समिति सदस्य में कुल 284 सदस्य हैं। इसकी घोषणा पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की। केन्द्रीय समिति सदस्य में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद भी शामिल हैं। नलिन सोरेन ने शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षण का प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने समर्थन किया जिसके बाद सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया। कार्यक्रम में गुरु जी शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन को पार्टी का केन्द्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। जिसके बाद मंच पर नेताओं ने माला पहनाकर हेमंत सोरेन को बधाई दी।शिबू सोरेन के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति से इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई । झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना 1972 में शिबू सोरेन के नेतृत्व में हुई थी. शिबू सोरेन ने महाजनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। लोगों ने उन्होंने इतना काम किया कि लोग उन्हें दिशोम गुरु कहने लगे।झामुमो शुरू में आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और झारखंड की क्षेत्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है।शिबू सोरेन ने लंबे समय तक पार्टी को नेतृत्व प्रदान किया और इसे झारखंड की राजनीति में एक प्रमुख शक्ति बनाया हालांकि, उम्र और स्वास्थ्य कारणों से उनकी सक्रियता कम हो गई थी, जिसके चलते हेमंत सोरेन को पहले 2015 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और अब उन्हें केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौप दी गई है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन



किया।जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने पहले 30 और फिर 34 सीटें जीतीं ।2024 के चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें हासिल कीं, जो पार्टी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर कहा कि यह बदलाव झामुमो की विरासत को और मजबूत करेगा। उन्होंने शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके पिता ने पार्टी को एक आंदोलन के रूप में स्थापित किया, और अब इसे राष्ट्रीय मंच पर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है। अधिवेशन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है। पार्टी का आरोप है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और देश के संघीय ढांचे को कमजोर करता है। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि राज्य में इस अधिनियम के संशोधित प्रावधानों को लागू नहीं होने दिया जाएगा। यह विवादित कानून झामुमो के दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन के पहले दिन प्रमुख मुद्दों में शामिल रहा। अधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी की सामाजिक न्याय आधारित नीति को मजबूती से प्रस्तुत किया और असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़ तथा पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में पार्टी के विस्तार का संकेत भी दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, "सामंती ताकतों को जनता ने करारी शिकस्त दी है और अब झामुमो, जो एक सशक्त राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है, झारखंड को लूटने नहीं देगी। यह आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों, गरीबों, शोषितों और पीड़ितों की सरकार है, जिनके अधिकारों की पहले अनदेखी की गई।" अधिवेशन के दौरान मीडिया से बातचीत में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ कानून में संशोधन करते समय राज्यों से कोई परामर्श नहीं लिया जबकि भूमि राज्य का विषय है। उन्होंने कहा, "केंद्र की एकतरफा कार्रवाई न केवल असंवैधानिक है, बल्कि यह अल्पसंख्यक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश है। यह संघीय ढांचे की पूरी तरह अनदेखी है। झारखंड में इसे लागू नहीं होने दिया जाएगा।" पार्टी के पारित प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि यह संशोधन एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए धर्म और जाति के नाम पर डर का माहौल बनाया जा रहा है। झामुमो ने अन्य क्षेत्रीय दलों और नागरिक समाज से इस कदम के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। अधिवेशन के दौरान पार्टी ने 108 पन्नों की एक संगठनात्मक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की, जिसमें विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट में आदिवासी और मूलवासी समुदायों के भूमि अधिकारों को दोहराया गया और "जल, जंगल, ज़मीन" के अधिकारों पर जोर दिया गया। पार्टी ने भूमि पुनर्वास अधिनियम की मांग की, वनवासियों के लिए स्थायी भूमि पट्टों की आवश्यकता जताई और जनगणना के आधार पर होने वाली आगामी परिसीमन प्रक्रिया का विरोध किया। झामुमो का आरोप है कि परिसीमन की प्रक्रिया आदिवासी समुदायों की राजनीतिक हिस्सेदारी को कम करने की साजिश है। हेमंत सोरेन ने झामुमो को न केवल झारखंड में मजबूत किया, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने की दिशा में कदम उठाए हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत के नेतृत्व में झामुमो ने 30 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर किया। इंडिया गठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) ने 47 सीटें हासिल कीं। इसके बाद उन्होंने 2024 के चुनाव में झामुमो ने 34 सीटों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**-कुमार कृष्णन**

# प्यार एक आस और विश्वास

जब भी कोई रिश्ता टूटता है, समाज बिना सुने, बिना समझे और बिना परखे सीधे लड़के को कठघरे में खड़ा कर देता है। लड़की रोती है, वो मासूम है। लड़का चुप है– वो गुनहगार है। लड़की रिश्ता तोड़े – स्वतंत्रता की मिसाल। लड़का रिश्ता छोड़े – बेवफा। यह कैसा इंसाफ है? क्या किसी रिश्ते की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ पुरुष के कंधों पर डाल दी गई है? प्यार, यह शब्द सुन के जहन रोमांचित हो उठता है क्योंकि प्यार एक आस होती है, एक विश्वास होता है, दो दिलों का अटूट मिलन होता है, दोनों एक दूजे के लिए खास होते है, हर सुख दुःख में साथ होते है पर मौजूदा परिवेश में प्यार समानता की चौखट पर बेदम होकर रिश्तों की अदालत में सिर्फ पुरुष को क्यों फांसी देता प्रतीत हो रहा है। हर बार जब कोई रिश्ता खत्म होता है तो समाज का पहला सवाल होता है – "लड़के ने क्या किया?" कभी पूछा है किसी ने – "लड़की ने क्या किया?" कभी-कभी तो लड़की ही होती है जो धोखा देती है, दोहरी ज़िंदगी जीती है, झूठ बोलती है, फिर भी समाज उसे मासूम मानता है। क्यों? सिर्फ इसलिए कि वो औरत है? क्या औरतें इंसान नहीं जो गलतियाँ नहीं कर सकतीं? यहाँ सिर्फ रिश्ता टूटा नहीं बल्कि फांसी पर सिर्फ लड़का चढ़ा। समाज के इस चेहरे से तो आप परिचित होंगे क्योंकि उसी समाज के आप भी हिस्सा है। एक लड़की ब्रेकअप करे तो उसके लिए तर्कों की झड़ी लग जाती है और कहा जाताहै कि उसे उसकी आज़ादी चाहिए थी, लड़का टॉक्सिक था. उसके पैरेंट्स को पसंद नहीं था लेकिन जब लड़का ब्रेकअप करे तो वो तुरंत बेवफा, मतलबी, खिलवाड़ करने वाला और न जाने क्या-क्या बन जाता है। लड़का अपनी मेहनत, समय, पैसा और भावनाएँ लगाता है। वो घंटों फोन पर बात करता है, मीटिंग्स छोड़कर मिलने जाता है, अपनी ज़रूरतें किनारे रखकर लड़की की ख्वाहिशें पूरी करता है। फिर भी उसे क्या मिलता है? शक, तिरस्कार और अंत में बेवफा का टैग। जो रिश्ता लड़के ने सींचा, उसी में उसे जहर घोलने वाला कहा गया। सम्भवतः समाज की दकियानूसी सोच में यह बात पूरी तरह घुल चुकी है कि हर हर्ट ब्रेक की जड़ में लड़का ही होता है। सिर्फ इतना ही नहीं, जब कोई सोशल मीडिया पर ब्रेकअप स्टोरी आती है तो बिना तथ्यों के ही लड़के को गालियाँ पड़ती हैं। लड़की के आँसू देखकर जजमेंट पास कर दिया जाता है। इसके साथ ही यदि कई लड़कियाँ जानबूझकर लड़कों की भावनाओं का उपयोग करती हैं। रिश्ते का दिखावा करके उनसे गिफ्ट्स लेना,पैसे खर्च करवाना,उनका समय और मानसिक ऊर्जा खींचना, फिर किसी बेहतर विकल्प के आते ही रिश्ता तोड़ देना और ऊपर से समाज क्या कहता है? शायद लड़की मजबूर रही होगी। एक लड़का अगर दो लड़कियों से बात कर ले तो समाज उसे चरित्रहीन कह देता है लेकिन अगर लड़की दो लड़कों से एक साथ डेटिंग कर रही हो, तो लोग कहते हैं – वो तो अपने ऑप्शन एक्सप्लोर कर रही है। ये कैसी मानसिकता है जिसमें वही काम लड़की करे तो मॉडर्न और लड़का करे तो गुनहगार?

**– पारसमणि अग्रवाल**

### आज का कार्टून




साभार

# सिंगोली में जैन संतों पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण

हाल ही में मध्य प्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में हुई एक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। 13 अप्रैल 2025 की रात को कछाला गांव के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम कर रहे तीन जैन संतों शैलेश मुनि, बलभद्र मुनि और मुनिन्द्र मुनि पर कुछ असामाजिक तत्वों ने लूट की नीयत से क्रूर हमला किया। इस घटना में संतों के साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट की गई, जिसके परिणामस्वरूप वे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि समूचे भारतीय समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना का पूरे देश में विरोध हो रहा है। पुलिस अधिकारियों ने विरोध को बढ़ता देख तत्परता दिखाई और अपराधियों को गिरफ्तार भी कर लिया। लेकिन समाज में संतो के प्रति जो दुर्व्यवहार की घटनाएँ हो रही है वे चिंतन का विषय है। सिंगोली से नीमच की ओर विहार कर रहे तीन जैन संत रविवार की रात कछाला गांव के हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। रात करीब 10:30 बजे, छह बदमाशों ने, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, मंदिर में घुसकर संतों से पैसे की मांग की। जब संतों ने पैसे देने से इनकार किया, तो इन असामाजिक तत्वों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में संतों के कपड़े फाड़ दिए गए और उनके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। एक संत ने हिम्मत दिखाते हुए मंदिर से बाहर निकलकर एक राहगीर से मदद मांगी, जिसके बाद जैन समाज के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया, जबकि चार भागने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये आरोपी पड़ोसी राज्य राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निवासी हैं। इस घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश फैल गया। 14-15 अप्रैल 2025 को सिंगोली नगर सहित पूरे मध्यप्रदेश में जैन समाज ने विरोध स्वरूप बंद का आह्वान किया। सर्वसमाज के समर्थन से एक मौन जुलूस निकाले गये, जिसमें लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी नाराजगी व्यक्त की। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और भविष्य में संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस घटना ने जैन समाज को एकजुट कर दिया और उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। घटना की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "जैन मुनियों के साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।" नीमच के कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने रात में ही सिंगोली पहुंचकर घायल संतों का हालचाल जाना और जैन समाज को आश्वासन दिया कि न्याय होगा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। जैन धर्म शांति, संयम और अहिंसा का प्रतीक है। संतों पर हमला न केवल एक आपराधिक कृत्य है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों पर भी प्रहार है। यह घटना मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाती है। इस घटना ने समाज में यह बहस छेड़ दी कि क्या धार्मिक व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए जा रहे हैं? जैन संत, जो पैदल विहार करते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम के लिए मंदिरों पर निर्भर रहते हैं, उनकी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन गया है। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि संतों और धार्मिक व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों और धार्मिक स्थानों के प्रबंधकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्हें संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने का प्रशिक्षण दिया जाए। ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। सिंगोली जैसी घटना से पता चलता है कि अपराधी अक्सर सुनसान इलाकों को निशाना बनाते हैं।

**– संदीप सृजन**

# फरांदे ने किया जल प्रबंधन कार्य पखवाड़े का उद्घाटन

## जिला कलेक्टर कार्यालय के योजना भवन में आयोजित कार्यक्रम

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**



जल संसाधन विभाग द्वारा शुरू हुए जल प्रबंधन कार्रवाई पखवाड़े का उद्घाटन आज सुबह विधायक देवयानी फरांदे ने किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर कार्यालय के योजना भवन में किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के अधीक्षक अभियंता राजेश गोवर्धने, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता सुबोध मोरे, जल संसाधन विभाग की कार्यकारी अभियंता सोनल शहाणे, जिला परिषद की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी वर्षा फडोल, वाघड उपसा सिंचाई योजना के निदेशक गोवर्धन कुलकर्णी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले की विभिन्न नदियों से लाए गए जल की गणमान्य लोगों द्वारा पूजा की गई। जल शपथ भी ली गई। इसके बाद, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जल प्रबंधन कार्य पखवाड़े के अवसर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक झांकी का उद्घाटन किया गया। विधायक श्रीमती फरांदे ने कहा कि जल प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जल के महत्व के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा सिंचाई के लिए विभिन्न परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।। जिले में पानी की उपलब्धता प्रचुर है। जल वितरण का प्रबंधन करके रिसाव को रोकना आवश्यक है। इसके लिए उपाय किये जाने चाहिए। नाशिक शहर और जिले की जल आवश्यकता की योजना अगले 20 वर्षों के लिए बनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जल प्रदूषण रोकने के लिए उपाय किए जाने चाहिए। अधीक्षण अभियंता मोरे ने कहा कि जलजीवन मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण को हमेशा जल संसाधन विभाग का समर्थन प्राप्त रहा है।

# मनमाड और इंदौर के बीच रेलवे लाइन परियोजना को मिली मंजूरी

**परियोजना का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना**

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मनमाड और इंदौर के बीच 309 किलोमीटर लंबी 18,036 करोड़ की रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना और प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और कृषि क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करके क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

कसारा घाट और मनमाड के बीच नई रेल लाइन बिछाई जा रही है। सेंट्रल रेलवे ने इस परियोजना के लिए प्रारंभिक योजना तैयार कर ली है। 140 किलोमीटर के रूट पर समानांतर रेलवे ट्रैक बिछाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 4000 करोड़ है। नई रेल लाइन से समय और ईंधन की बचत होने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के अगले कदमों का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन मुझे एक ऐसी ही परियोजना के बारे में जानकारी मिली है। नाशिक के पूर्व सांसद हेमंत गोडसे मनमाड और कसारा के बीच एक नई रेलवे लाइन की वकालत कर रहे थे। इगतपुरी से कसारा तक प्रस्तावित लाइन का विस्तार करने से यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा और रेलवे के संसाधनों की बचत होगी। गोडसे ने तत्कालीन रेल मंत्री रावसाहेब दानवे से संपर्क किया था, जिन्होंने परियोजना के प्रति सकारात्मकता दिखाई थी। अब कसारा घाट और मनमाड के बीच एक नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है। यह समानांतर रेलवे ट्रैक 140 किलोमीटर तक फैला होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेंट्रल रेलवे ने इस प्रोजेक्ट के लिए शुरुआती प्लान तैयार कर लिया है।

# नाफेड को मंडी समितियों में सीधी नीलामी से प्याज खरीदनी चाहिए

## सांसद भास्करराव भगरे ने की केंद्रीय कृषि मंत्री से मांग

**महानगर नेटवर्क**

**लासलगांव**



दिंडोरी विधानसभा क्षेत्र के सांसद भास्करराव भगरे ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर मांग की है कि महाराष्ट्र में मंडी समितियों में नाफेड को मंडी समितियों में सीधी नीलामी से प्याज खरीदनी चाहिए। जब सांसद भास्करराव भगरे 15 तारीख को दिल्ली में दोनों मंत्रियों से मिलने गए तो उनकी उनसे मुलाकात नहीं हुई। अंततः संपर्क और चर्चा के बाद दोनों पत्र मंत्री कार्यालय को सौंप दिए गए। इस पत्र में हम आपका ध्यान महाराष्ट्र में प्याज किसानों के समक्ष आ रही गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक है और विशेष रूप से महाराष्ट्र का नाशिक जिला सबसे अधिक प्याज पैदा करता है। वर्तमान में प्याज का बाजार मूल्य बहुत कम है, इसलिए किसानों को इस समय बड़े आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में लासलगांव, पिंपलगांव बसवंत, येवला, चांदवड़, देवला, कलवण, डिंडोरी, नांदगांव मालेगांव आदि बाजार समितियों में नीलामी प्रक्रिया के जरिए प्याज बेचा जाता है कीमतें 800 रुपये से 1250 रुपये प्रति क्विंटल के बीच हैं।

### किसानों की कम होगी वित्तीय परेशानी

प्याज को बाजार मूल्य पर खरीदा जा सकेगा, प्रतिस्पर्धी मूल्य मिलेगा और किसान अपनी उत्पादन लागत को पूरा कर सकेंगे, जिससे उनकी वित्तीय परेशानी भी कम होगी। यदि नाफेड व्यापारियों के साथ मिलकर मंडी समिति में सीधी नीलामी में भाग ले तो पारदर्शिता बढ़ेगी, कीमतें बेहतर होंगी और पूरे प्याज बाजार में स्थिरता आएगी। डिंडोरी निर्वाचन क्षेत्र के सांसद भास्करराव भागरे ने मांग की है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लें और महाराष्ट्र में बाजार समिति में नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से प्याज खरीद को तुरंत लागू करें।

# व्यापारियों और कर्मचारियों के लिए भयमुक्त वातावरण बनाने की मांग

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा दिया गया पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन



**नाशिक।** बदमाश नियमित रूप से शोरूम में घुसकर कर्मचारियों को धमका रहे हैं तथा गलत तरीके से अवास्तविक मांग करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। इससे डीलरों और कर्मचारियों में भय का माहौल पैदा हो गया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने पुलिस कमिश्नर संदीप कर्णिक से मांग की है कि वह शहर में व्यापारियों और कर्मचारियों के लिए भयमुक्त माहौल बनाएं और इस तरह की गुंडागर्दी और भीड़ हिंसा पर अंकुश लगाएं। संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार (15 अप्रैल) को श्री कार्णिक से मुलाकात की और एक बयान सौंपा।'हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन ऐसे उपद्रवियों का दबाव किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ग्राहकों को कोई शिकायत है तो उन्हें कानूनी माध्यम से कंपनी, पुलिस स्टेशन या उपभोक्ता प्राधिकरण के समक्ष शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने अपील की कि वे अराजक व्यक्तियों के बहकावे में न आएं तथा कानून को अपने हाथ में न लें। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। निर्भया पार्टी कार्यकर्ताओं से जुड़ी हालिया घटना का मामला पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक को सौंपा गया। संबंधित व्यक्ति बिना अनुमति के हॉल में प्रवेश कर गए। और अंदर आते ही उन्होंने कंपनी, वितरकों और कर्मचारियों को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। पिछले महीने डॉ. जितेन्द्र भावे हॉल में आये थे। तीन दिन पहले राजेंद्र गैधानी नामक एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया था। इस पूरी स्थिति से व्यापारियों और कर्मचारियों में भय का माहौल पैदा हो गया है। जिस कर्मचारी को धमकी दी गई थी, वह बीमार पड़ गया है और उसके परिवार के सदस्य भी तनाव में हैं। इस तरह कर्मचारी दबाव में आकर अपनी नौकरी छोड़ रहे हैं। लकुछ लोग दबाव में काम कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने मांग की कि इन बुरी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाते हुए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि घटना की गहन जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

# व्यापारियों ने कम कर दिए अंगूर के दाम, किसान नाराज

**महानगर नेटवर्क**

**दिंडोरी**

नाशिक जिले को 'अंगूर पंढरी' के नाम से जाना जाता है। कोरोना के बाद पहली बार यानी तीन-चार साल बाद इस साल अंगूर को अच्छे बाजार भाव मिल रहे हैं। अंगूर किसान बहुत खुश हुआ। जनवरी से मार्च तक अंगूर की कीमतें स्थिर रहीं। हालांकि, वर्तमान में देखा जा रहा है कि अंगूर व्यापारी जलवायु परिवर्तन और अन्य क्षेत्रों में तरबूज और खरबूजे की मांग का हवाला देकर कम कीमतों पर अंगूर खरीदकर किसानों को लूट रहे हैं। नाशिक जिले के निफाड और दिंडोरी सहित कई क्षेत्रों में अंगूर का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जाता है। वर्तमान में अंगूर के बागों में बीमारियों की घटनाओं को कम करने के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों और विभिन्न रासायनिक छिड़काव के कारण भारी खर्च होता है। इस साल

### निफाड और दिंडोरी सहित कई क्षेत्रों में अंगूर के उत्पादन में बढोतरी

दिसंबर 2024 के अंत तक अंगूर 40 रुपये से लेकर 70-75 रुपये प्रति किलोग्राम तक के दाम पर बिक रहे थे। निर्यात योग्य अंगूरों की कीमत 100 रुपये से 120 रुपये तक थी, लेकिन केवल कुछ ही किसानों को यह प्राप्त हुआ।

किसानों को लगा कि इस साल उन्हें अंगूर से अच्छा पैसा मिलेगा,लेकिन पिछले तीन महीनों की स्थिति को देखते हुए किसानों को 25-30 वर्षों में ऐसा बाजार मूल्य नहीं मिला है। इसलिए वह खुश था. इससे केवल 40 से 50 प्रतिशत किसानों को ही लाभ मिला। अभी भी अंगूर की पचास प्रतिशत से अधिक फसल बची हुई है। अब किसान के अंगूर कोई नहीं खरीदता। व्यापारी जो भी खरीदते हैं, वह भी कम कीमत पर खरीदते हैं। किसानों को लगा कि वे इस साल अपना कर्ज चुका देंगे। यह विश्वास था कि इससे निश्चित रूप से मदद मिलेगी। अंगूरों का बाजार मूल्य कम मिल रहा है।



### तरबूज और खरबूजे की मांग काफी

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य क्षेत्रों में तरबूज और खरबूजे की काफी मांग है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, उपभोक्ता अधिक मात्रा में तरबूज और खरबूजे खरीदने लगे हैं। परिणामस्वरूप, अंगूर की मांग कम हो गई है। फिलहाल मेरे पास पांच हजार क्विंटल माल पड़ा है। हर कोई लाभ के लिए व्यापार करता है।

-नाज़िम हुसैन, (अंगूर व्यापारी, यूपी)

### घट रही है अंगूर की बिक्री

जिन क्षेत्रों में हम अंगूर भेजते हैं, वहां ग्राहक गर्मी के कारण बाहर नहीं जाते। अंगूर की बिक्री घट रही है। बाजार में तरबूज और खरबूजे की आवक बढ़ गई है। किसानों को उम्मीद थी कि पिछले साल अप्रैल में कीमतें अच्छी होंगी। उत्पादन में वृद्धि के कारण अंगूर की कीमतों में कमी आई है।

**- बाबूभाई, (अंगूर व्यापारी, ओझर)**

वॉटर ग्रेस के पर्यवेक्षक विजय जमदाडे का आश्वासनः

# आठ दिनों के भीतर होगा समस्या का समाधान

**नाशिक।** आयमा की बूब हॉल में बैठक का आयोजन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता आयमा के उपाध्यक्ष उमेश कोठावदे ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेंद्र पानसरे, परिवहन समिति के अध्यक्ष विनोद कुंभार, बुनियादी सेवा समिति के अध्यक्ष कुंदन डरंगे, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, शहर परिवहन शाखा के पुलिस निरीक्षक देविदास वांजले और संयुक्त सचिव हर्षद बेले, मनीष रावल, राहुल गांगुर्डे, श्रीलाल पांडे आदि उपस्थित थे।

दरमियान घंटागाड़ी और यातायात की समस्या को लेकर गरमागरम चर्चा हुई। व्यापारियों ने घंटा गाड़ी की अनियमितता, कर्मचारियों की दादागिरी और पैसों की मांग आदि मुद्दों को लेकर वाटर ग्रेस के पर्यवेक्षक विजय जमदाडे को खड़े बोल सुनाए। जमदाडे ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दे आठ दिनों के भीतर सुलझा लिये जायेंगे। अंबड औद्योगिक एस्टेट में कचरा एकत्र करने वाले घंटागाड़ी को घंटी नहीं होती, इसलिए केवल भुगतान करने वाले उद्यमियों कचरा ही एकत्र किया जाता है, लेकिन जो लोग भुगतान नहीं करते हैं उनके कचरे को नहीं उठाया जाता है। उपाध्यक्ष राजेंद्र पानसरे ने कहा कि यदि कचरा संग्रहण के बदले उद्योगपतियों से कोई जबरन वसूली की जाती है तो हम मनपा प्रशासन को पत्र लिखकर वाटर ग्रेस को काली सूची में डालने की मांग करेंगे। आयमा के पदाधिकारी कुंदन डरंगे, रवींद्र झोपे, हर्षद बेले, उमेश कोठावदे और दिलीप वाघ काफी आक्रामक नजर आए। आखिरकार वॉटर ग्रेस के पर्यवेक्षक विजय जमदाडे ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों को आठ दिनों के भीतर हल कर दिया जाएगा।

# नाशिक जिला सहकारी बैंक को वित्तीय संकट



**नाशिक।** कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने प्रत्येक जनप्रतिनिधि से 10-10 लाख रुपए जमा करने की अपील की। किसानों के प्रिय नाशिक जिला सहकारी बैंक को वित्तीय संकट से उबारने के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। हालाँकि, अभी उसके लिए समय नहीं आया है। तीन महीने की मोहलत के कारण ऋण वसूली रुक गई है। जिला बैंक का कुल बकाया ऋण 2,100 करोड़ रुपये है। बैंक वित्तीय कठिनाई में था और जबरन ऋण वसूली की जा रही थी। जिले में 40,000 कर्जदारों को सहकारिता अधिनियम की धारा 101 के तहत नोटिस जारी किए गए। इनमें से 1,100 उधारकर्ताओं की परिसंपत्तियां बैंक के नाम पर सूचीबद्ध थीं। किसान संगठनों ने बैंक की इस कार्रवाई का विरोध किया। बैंक को पुनर्जीवित करने के लिए पिछले सप्ताह जन प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। हालांकि, कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने बैंक की जबरन कानूनी ऋण वसूली को अगले तीन महीनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि जिले के सभी विधायक और सांसद 10 लाख रुपये की 'सावधि जमा' जमा करेंगे। जिला बैंक को पुनर्जीवित करने के लिए प्रत्येक बैंक में 5 लाख रुपये जमा कराए जाएं ताकि बैंक में लेन-देन फिर से शुरू हो सके।

# आयमा ने नाइजीरिया कदुना इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

अंबड इंडस्ट्रीज एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आयमा) ने कैमरून के बाद लगातार दूसरे दिन नाइजीरिया की सबसे बड़ी बिजली आपूर्तिकर्ता कदुना इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आयमा के अध्यक्ष ललित बूब ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। कदुना इलेक्ट्रिक के अध्यक्ष और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अमीनू अबूबकर सुलेमान और कंपनी के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आकांक्षा पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (सातपुर) के साथ अगले पांच वर्षों के लिए 10 से 15 मिलियन डॉलर के एक बड़े रखरखाव और आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए आकांक्षा पावर के चेयरमैन पद्मश्री डॉ. आर. एन. बस्तिया और एमडी महापात्रा के साथ समझौते में डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने वाली तीसरी पार्टी कंपनी विज्ञान लैब्स के निदेशक श्रीनिवासन भी मौजूद थे। आयमा के साथ एक औद्योगिक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। आयमा के अध्यक्ष ललित बूब और कडुना इलेक्ट्रिक के अध्यक्ष के बीच हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से नाशिक की विद्युत उपकरण निर्माण कंपनियां समय-समय पर नाइजीरिया से आयातित सामग्रियों की अपनी मांग के बारे में सीधे आयमा को सूचित कर सकेंगी। आयमा के अध्यक्ष ललित बूब और संयुक्त सचिव हर्षद बेले ने भी आयमा को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन आयमा की आयात-निर्यात समिति के अध्यक्ष जगदीश पाटिल ने किया। इस अवसर पर आयमा की संयुक्त सचिव श्रीमती योगिता अहेर, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप वाघ, रवीन्द्र जोपे, श्वेता चांडक, जयंत पगार, राहुल गांगुर्डे, अविनाश मराठे, अजय यादव, मनीष रावल, वेदांत राठी, रंजीत सनप आदि उपस्थित थे। हर्षद बेले ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# कैंसर जागरूकता के लिए साइकिल रैली

**नाशिक।** विश्व स्वास्थ्य सप्ताह मनाने और महिला स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, अशोक कैंसर सेंटर ऑफ अमेरिका (सीसीए) की ओर से एक ' साइकिलथॉन ' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य सप्ताह का विषय है " स्वस्थ शुरुआत , आशाजनक भविष्य - सक्रिय जीवन" । हर किसी को हर जगह, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और सूचना तक पहुंच का अधिकार है।सीसीए नाशिक निवारक स्वास्थ्य उपायों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहा है।

# उबाठा शिवसेना द्वारा आयोजित निर्धार शिविर

## बेहद कम प्रतिसाद के कारण यह निर्धार रैली असफल

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

उबाठा शिवसेना द्वारा आयोजित निर्धार शिविर को मिले बेहद कम प्रतिसाद के कारण यह निर्धार रैली असफल रही है। इसलिए संभावना है कि शिवसैनिकों के बीच उथल-पुथल का माहौल और बढ़ेगा। बुधवार को नाशिक में शिवसेना उबाठा द्वारा संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेशव्यापी पदाधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था। इसलिए इस शिविर का प्रचार-प्रसार करते हुए बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगाए गए तथा अन्य कई तरीके भी बड़े पैमाने पर अपनाए गए, लेकिन उस तुलना में इस शिविर को पदाधिकारियों व शिवसैनिकों की ओर से अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिला। शिविर सुबह 9:30 बजे शुरू होना था, लेकिन यह एक घंटे से भी अधिक देरी से शुरू हुआ। आगामी स्थानीय निकाय या अन्य चुनावों को ध्यान में रखते हुए शिवसैनिकों को एकजुट रखने के उद्देश्य से शिवसेना द्वारा किए गए कार्य को देखा जाए तो इरादे भले ही अच्छे हों, लेकिन शिवसैनिकों और पदाधिकारियों में अराजकता का माहौल शांत नहीं हो रहा है।

# डेढ़ महीने पहले शिंदे सेना में शामिल पाटिल को विदाई

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

राजनीतिक घटनाक्रम ने गति पकड़ ली है। विधानसभा चुनाव के बाद यह बात सामने आई थी कि महायुति और महाविकास अघाड़ी के कई नेता नाखुश हैं। इस बीच, विधानसभा में महा विकास अघाड़ी को बड़ा झट का लगा और कई नेता गठबंधन से हट गए।

इस बीच कांग्रेस से एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना में शामिल हुईं हेमलता पाटिल ने बड़ा फैसला लिया है। डेढ़ महीने के भीतर ही उन्होंने शिवसेना शिंदे गुट छोड़ने का फैसला कर लिया है और इस संबंध में उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट कर अपनी स्थिति स्पष्ट भी की है। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में कहा, "मैं पार्टी में रहकर इसके साथ न्याय नहीं कर सकता, इसलिए मैं पार्टी छोड़ने का फैसला कर रहा हूं।" कहा जा रहा है कि इस फैसले से शिंदे गुट को नाशिक में बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। हेमलता पाटिल ने 30 से 35 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया। हालाँकि, पिछले विधानसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाने से इनकार कर दिया तो वह नाराज हो गईं। उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए। शिंदे गुट में शामिल होने के बाद भी हेमलता पाटिल को काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हेमलता पाटिल ने फेसबुक वीडियो में कहा कि उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया है क्योंकि उन्हें लगता है कि पार्टी में रहकर वह पार्टी के साथ न्याय नहीं कर सकतीं।

### फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट कर अपनी स्थिति स्पष्ट भी की



# एबीवीपी द्वारा आयोजित 'अनुभूति ग्रीष्मकालीन अवकाश शिविर'

**नाशिक।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित 'अनुभूति ग्रीष्मकालीन अवकाश शिविर' में बच्चों ने न केवल मौज-मस्ती की, बल्कि जीवन के कई महत्वपूर्ण सबक भी सीखे। स्वामी विवेकानंद सेवा प्रकल्प, पिंपलद में आयोजित इस शिविर में 101 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 61 छात्र और 39 छात्राएं शामिल थे। बच्चों ने टीमवर्क, नेतृत्व और देशभक्ति के महत्व के बारे में सीखा। इस तीन दिवसीय शिविर में पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ज्ञानवर्धक सत्र शामिल थे। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को 18-18 के समूहों में विभाजित किया गया था, और प्रत्येक समूह को एक महापुरुष के नाम पर रखा गया था। बच्चों ने ट्रैकिंग के साथ ही रस्साकशी, खो-खो और खजाने की खोज जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लिया। साथ ही मल्लखंब, संगीत और नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया, प्रो। विनय खैरनार और प्रो। हेमंत चोपड़े ने बताया कि शिविर में बच्चों को करियर मार्गदर्शन और विभिन्न महापुरुषों की जीवनी के बारे में जानने का अवसर मिला। उन्होंने ग्रामीण जीवन के बारे में भी सीखा और गांव का भ्रमण किया। पिंपलद गांव के सरपंच कालू पोटिंदे ने गांव के बारे में जानकारी साझा की। महानगर अध्यक्ष प्रदीप वाघ और महानगर मंत्री ओम मालुंजकर की उपस्थिति में शिविर का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां बच्चों को उनकी प्रतिभा और प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजकों ने कहा कि शिविर एक बड़ी सफलता थी और बच्चों के लिए एक मूल्यवान अनुभव था। उन्होंने कहा कि शिविर ने बच्चों को जीवन के लिए तैयार करने में मदद की।

# खेल मैदान बना गांजा पीने और शराबियों का अड्डा

**सिडको।** सिडको के तोरणा नगर और उदय कॉलोनी के खेल मैदान गांजा पीने और शराबियों का अड्डा बन गया है। पिछले कुछ महीनों में सिडको के तोरणा नगर और उदय कॉलोनी के खेल के मैदानों में गांजा पीने वाले शराबियों की संख्या बढ़ गई है। ये गुंडे यहां से आने-जाने वाले नागरिकों को पीट रहे हैं और धमका रहे हैं। चूंकि इन शराबियों ने विशेषकर महिलाओं को डर दिया है, इसलिए माहौल व्याप्त हो गया है। बुधवार शाम को क्षेत्र की तीन-चार महिलाओं को दो शराबी युवतियों और तीन-चार अन्य गुंडों ने बेरहमी से पिटाई की।

# जिले में 30 औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को किया गया आमंत्रित

**सीएसआर के तहत सहायता प्राप्त करने के प्रयास**

**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

जिले में 30 औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करके जिला परिषद के माध्यम से कार्यान्वित नवीन शैक्षिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक क्षेत्रीय दौरा आयोजित किया गया। क्षेत्रीय दौरे के आयोजन का उद्देश्य सामाजिक आभार निधि के तहत कम्पनियों की पहलों का समर्थन करके ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक परियोजनाएं प्रस्तुत की गईं। इसके साथ ही विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा कौशल विकसित करने वाली 'स्पेलिंग बी' प्रतियोगिता का प्रदर्शन भी दिखाया गया। यह केंद्र विशेष रूप से विकलांग छात्रों के लिए स्थापित किया गया है और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां क्रियान्वित की जाती हैं। यहां शिक्षकों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार शैक्षणिक सुविधाएं मिल रही हैं। बताया गया कि मिशन आत्मनिर्भर के तहत बिना कोई धनराशि लिए जिले में 15 समूह संसाधन केंद्रों में सुधार किया गया। इस अवसर पर नाशिक के टेककर एजुकेशन कॉम्प्लेक्स में 'सुपर फिफ्टी' पहल के बारे में भी जानकारी जुटाई गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने पिंपरी सैय्यद गवाल का दौरा किया और ग्राम पंचायत द्वारा कार्यान्वित स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्थापित प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया।

# त्योहारी सीजन में फूलों की डिमांड



**महानगर नेटवर्क**

**नाशिक**

चैत्र पौर्णिमा, अक्षय तृतीया और अन्य रंगीन त्योहारों ने नाशिक के फूल बाजारों में एक अनोखी रौनक ला दी है। मानो प्रकृति ने भी इन उत्सवों में अपनी भागीदारी दर्ज कराई हो। मोगरा, गुलाब, शेवंती और गेंदा हर तरफ फूलों की महक और रंगों की बहार है, लेकिन यह सिर्फ खूबसूरती की बात नहीं है, इन त्योहारों ने नाशिक के फूल उत्पादकों के लिए सुनहरे अवसर भी लाए हैं। त्योहारी सीजन के दौरान नाशिक में फूलों की डिमांड बढ़ते ही कीमतों में भारी उछाल आया है।मोगरे का जादू, गुलाब की रानी की मांग नाशिक के बाजारों में मोगरे का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है, जिसकी कीमत आसमान छू रही है। मोगरा 600 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि गुलाब की रानी भी अपनी मोहक खुशबू और रंगों के साथ 500 रुपये प्रति सैकड़ा के भाव से विक रही है। वर्तमान में नाशिक में एक किलो मोगरा फूल की कीमत 600 रुपये और 12 विभिन्न प्रकार के गुलाबों की कीमत 50 से 90 रुपये के बीच है। पिछले महीने की तुलना में फूलों की कीमतों में हुई इस वृद्धि ने फूल उत्पादकों को आर्थिक रूप से लाभान्वित किया है। व्यापारियों का कहना है कि नाशिक, जो अपने धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के लिए जाना जाता है, मंदिरों का शहर भी कहलाता है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, यूनिट नं.11-12, देह बानू कॉम्पलेक्स, बाफना ज्वेलर्स के पास, नाशिक-पुणे रोड, दत्त मंदिर, नाशिक रोड-422101 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबरः 0253-2469848 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# अयोध्या पर्यटन विकास के लिए योगी सरकार ने भरा जोर

## शहर के सौंदर्यीकरण पर खास ध्यान



**महानगर संवाददाता**
**अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या के विकास को लेकर योगी सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अयोध्या में पर्यटन विकास से जुड़ी 16 नई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 92.46 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. इसका प्रस्ताव तीर्थ विकास परिषद योजना के तहत भेजा गया था, जिसे सरकार ने हरी झंडी दे दी है। सरकार का उद्देश्य है कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इन 16 परियोजनाओं के तहत शहर में अवस्थापना सुविधाएं यानी सड़क, शौचालय, पार्किंग, साइनबोर्ड, रेन शेल्टर और पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाएं बेहतर की जाएंगी। इसके साथ ही प्रमुख तीर्थ स्थलों पर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनका अनुभव यादगार बनेगा। सरकार की कोशिश है कि राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। गौरतलब है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है और इसका पहला चरण जनवरी 2024 में जनता के दर्शन के लिए खोल दिया गया था। तब से लेकर अब तक करोड़ो श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं और यहां की पर्यटन व्यवस्था में सुधार की जरूरत महसूस की जा रही थी. सरकार पहले ही अयोध्या में रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, सड़कों, घाटों और एयरपोर्ट के विकास पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

### सीएम योगी से मिले भरतकुंड के महंत और पुजारी

भरतकुंड के महंत और पुजारी के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें नगर पंचायत भदरसा भरतकुंड की ओर से भरतकुंड मंदिर के पास टैक्सी स्टैंड बंद कराए जाने की मांग की गई। इस संबंध में सीएम योगी को ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत के अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भरतकुंड का भी अयोध्या धाम की तरह सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार कराया जाए। धार्मिक पर्यटन की जन सुविधाओं का विकास किया जाए। यहां पर नियमित साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। अगले सप्ताह भरतकुंड के संत और पुजारी का दूसरा प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद महंत अरविंद दास और पुजारी हनुमान दास ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है और कहा है कि वह जल्द ही भरतकुंड आएंगे।

# बसपा की बैठक में मायावती ने रच दिया मिशन-27 का चक्रव्यूह !

## आकाश आनंद पर रही सबकी निगाहें

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बुधवार को एक अहम बैठक आयोजित की। जिसमें पार्टी प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों, प्रभारियों और सभी कोऑर्डिनेटरों को बुलाकर संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया कि बसपा अब हर बूथ और सेक्टर पर 2007 की तर्ज पर "भाईचारा कमेटी" बनाकर सर्वसमाज को जोड़ते हुए सत्ता में वापसी की तैयारी कर रही है।

इस दौरान मायावती ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बूथ और सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाए और ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज को एकजुट कर 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के संकल्प के साथ कार्य किया जाए। बैठक के बाद सबसे चर्चित मुद्दा रहा आकाश आनंद की बसपा में वापसी को लेकर रही। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया कि आकाश आनंद ने बहन जी से माफी मांगी है और कहा है कि उन्होंने जो भी गलती की, उसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं और वे पार्टी में फिर से काम करना चाहते हैं। मायावती ने उन्हें माफ कर दिया है और पार्टी में काम करने की जिम्मेदारी दी है, हालांकि अभी उन्हें कोई पद नहीं सौंपा गया है। इस बैठक में बीते 2 मार्च को पार्टी कार्यकर्ताओं को जो निर्देश दिए गए थे, उनकी समीक्षा की गई है। जिला और विधानसभा कमेटियों का गठन पूरा हो चुका है और अब बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कभी बाबा साहब अंबेडकर को विद्यालय में बैठने और पानी पीने से रोकते थे, आज वही लोग उनकी जयंती मना रहे हैं, जो केवल दिखावा है। बसपा ही बाबा साहब के विचारों की सच्ची अनुयायी है और उसी विचारधारा को लेकर पार्टी एक बार फिर सत्ता में लौटेगी।



# सगे मां-बाप पर बेटी ने बेचने का लगाया आरोप, केस दर्ज

**महानगर संवाददाता**
**कौशाम्बी**

उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी के करारी इलाके की एक किशोरी ने अपने माता-पिता पर बिचौलिए की मदद से उसे पांच लाख रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। कहा कि एटा निवासी युवक ने खरीदने के बाद दो दिन तक उसके संग दुष्कर्म किया है। मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ मंझनपुर जांच कर रहे हैं।

पुलिस के अनुसार 13 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि गांव बिहरोजपुर निवासी कमलेश पासी उसके घर आता था। कई बार वह एटा जिले के राजा कोतवाली के नगला रामपुर गांव निवासी कर्मवीर यादव को भी साथ लेकर आता था। 14 मार्च 2025 को भी दोनों घर आए। शाम को माता-पिता ने उन्हें खाना खिलाया। उस दिन नींद व चक्कर आने पर जल्दी सो गई। दूसरे दिन आंख खुली तो खुद को एटा में कर्मवीर यादव के घर पाया। किशोरी के मुताबिक, पूछने पर कर्मवीर ने बताया कि पांच लाख रुपये में उसके माता-पिता से उसे खरीद कर लाया है। 16 मार्च की रात किशोरी मौका पाकर वहां से भाग कर घर आई तो परिजनों ने उसे अपनाने से इन्कार कर दिया। इसके बाद वह मंझनपुर क्षेत्र में रहने वाली अपनी बुआ के घर पर रुकी है।

# राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के मामले में अयोध्या में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से निकलकर कचहरी की तरफ बढ़ रहे कांग्रेसियों को कोतवाली नगर पुलिस ने रिकाबगंज चौराहे पर ही रोक दिया। रिकाबगंज चौराहे पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह व महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि ईडी की इस कार्य की कांग्रेस निंदा करती है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी दोनों निर्दोष हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जब तक चार्जशीट वापस नहीं होगी, पूरे देश में कांग्रेसियों का प्रदर्शन होता रहेगा। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री ने कहा कि कोई भी विपक्ष का नेता लोकसभा में पीएम मोदी का विरोध नहीं करता केवल राहुल गांधी हैं, जो लोकसभा में विरोध करने की हैसियत रखते हैं। इसीलिए जब चुनाव आता है तो केंद्र सरकार ईडी को सक्रिय कर देती है और अब बिहार का चुनाव आ रहा है तो ईडी की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में दाखिल कर दिया गया ताकि बिहार के चुनाव में वे शामिल न हो पाएं। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि संवैधानिक संस्था ईडी का केंद्र सरकार दुरुपयोग करती आ रही है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है केंद्र सरकार ईडी को सक्रिय कर देती है। अब बिहार का चुनाव आ रहा है तो ईडी को सक्रिय कर दिया गया है। राहुल गांधी एक बहादुर नेता हैं। लोकसभा में प्रधानमंत्री की नीतियों का जब विरोध करते हैं तो केंद्र सरकार ईडी को लगा देती है।



# कोलकाता से काशी तक ड्रिब्लिंग करते पहुंचे फुटबॉलर नोजोमु



**महानगर संवाददाता**
**वाराणसी**

जापान के रहने वाले फुटबॉलर नोजोमु हागीहारा (31) ड्रिब्लिंग करते काशी पहुंचे। तीन मार्च से कोलकाता से सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए उनका असाधारण सफर न केवल खेल के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है, बल्कि गांवों में लैंगिक समानता, स्वच्छता और पोषण के साथ ही बच्चों को चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना है।

3 मार्च को कोलकाता से नई दिल्ली तक 2,000 किलोमीटर की एकल ड्रिब्लिंग यात्रा मई में नई दिल्ली में समाप्त होगी। नोजोमु अपने असाधारण कौशल और फुटबॉल के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। साहसिक यात्रा की शुरुआत उन्होंने कोलकाता से की। सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए 2000 किमी का सफर तय कर मंगलवार को काशी पहुंचे। सोनारपुर में विश्राम के बाद गुरुवार को दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। हागीहारा ने बताया कि गरीब और वंचित बच्चों को फुटबॉल अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

उनका मानना है कि फुटबॉल न केवल एक मनोरंजक खेल है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता सिखाता है। नोजोमु ने कहा कि गांवों में फुटबॉल कार्यशालाएं की हैं। इन सत्रों का उद्देश्य बच्चों खासकर लड़कियों को सशक्त बनाना है। जिस तरह महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह के दौरान 385 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। उससे प्रभावित होकर सबसे लंबी ड्रिब्लिंग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का भी प्रयास है।

2023 में एक ऑस्ट्रेलियाई ने 337 किमी तक ड्रिब्लिंग कर रिकॉर्ड बनाया था। जब लोग उन्हें सड़क पर फुटबॉल खेलते देखते हैं, तो वे रुकते हैं और बातचीत करते हैं। प्रवास के दौरान नोजोमु काशी के बच्चों के साथ फुटबॉल खेलेंगे। बुनियादी कौशल सिखाएंगे और इसमें कॅरिअर बनाने की संभावनाओं के बारे में भी बताएंगे।

# कांग्रेस ने ही बनाई थी ईडी, इसे खत्म कर देना चाहिए : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधा है। कन्नौज सांसद ने प्रवर्तन निदेशालय को खत्म करने की भी मांग कर दी है। ओडिशा पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के डंडे वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। नेशनल हेराल्ड से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि नेशनल हेराल्ड से ज्यादा ईडी पर कहना है। कांग्रेस ने ही ईडी बनाई थी, आज ईडी की वजह से ही उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा है। ईडी जैसे विभाग को समाप्त कर देना चाहिए। सपा चीफ ने कहा कि एक बड़े पत्रकार से जब मेरी बात हुई तो मैंने यही कहा कि आर्थिक अपराध के मामलों के लिए विभिन्न संस्थाएं हैं। ईडी की जरूरत क्या है? इसको खत्म कर देना चाहिए।

# 20 अप्रैल तक जारी रहेगा मौसम में उलटफेर

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में उलट-फेर जारी है। अप्रैल का तीसरा हफ्ता शुरू हो चुका है और आम तौर पर इस समय तक होने वाली भीषण गर्मी और हीटवेव आदि से फिलहाल राहत है। बुधवार को भी सुबह के समय मौसम सामान्य रहा लेकिन दिन चढ़ने के साथ पारे में हल्की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि झांसी, प्रयागराज, आगरा आदि में दोपहर में धूप के तेवर में तल्खी रही। मौसम वैज्ञानिकों ने अप्रैल के तीसरे हफ्ते में भी भीषण गर्मी से राहत की वजह विक्षोभों की सक्रियता व बीते कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं संग हुई बूंदाबांदी बताई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि, बीते कुछ दिनों में प्रदेश में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए। साथ ही अभी भी प्रदेश में 10 से 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं चल रही हैं। कहीं कहीं बादलों की आवाजाही है और हवा में मौजूद नमी से अप्रैल की भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि एक और विक्षोभ के असर से प्रदेश भर में पूर्वा हवाएं चलेंगी। 18 से 20 के बीच प्रदेश के पूर्वी और तराई हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार है। इससे पारे में गिरावट आएगी और 20 अप्रैल तक प्रदेश में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी।

# आधी रात गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा युवक

## परिजनों ने काट दिया प्राइवेट पार्ट

**महानगर संवाददाता**
**गोरखपुर**

जिले से एक मामला सामने आया है। जहां मंगलवार की रात एक 25 साल का युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया था। तभी युवती के परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इससे नाराज परिजनों ने युवक का प्राइवेट पार्ट सेविंग ब्लेड से काट दिया। जिससे युवक का नाजुक अंग एक चौथाई कट गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई।

ये घटना गुलरिहा इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र का रहने वाला एक युवक का गांव की एक युवती से पिछले पांच साल से प्रेम संबंध चल रहा था। युवक अक्सर प्रेमिका से मिलने उसके घर आया करता था। जब युवती के परिजनों को इस रिश्ते की भनक लगी, तो उन्होंने युवक को समझाने की कोशिश की। लेकिन जब बात नहीं बनी, तो युवती का भाई युवक को सबक सिखाने की योजना बनाने लगा। आरोप है कि मंगलवार की रात युवती ने परिजनों के दबाव में युवक को फोन कर घर बुलाया। जब युवक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में था, तभी पहले से तैयार बैठे परिजनों ने उस पर धावा बोल दिया।

# बस-कार की जोरदार भिड़ंत में तीन की मौत

**महानगर संवाददाता**
**कानपुर**



कानपुर में नारामऊ हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में दो शिक्षिकाओं और चालक की मौत के बाद उनके परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने जैसे ही उनके परिवारों को शिक्षिकाओं को सूचना दी, तो कोहराम मच गया। वह लोग आनन-फानन हैलट इमरजेंसी पहुंचे जहां शवों को देखकर एक दूसरे से लिपटकर बेसुध हो गए। शिक्षिकाओं की मौत की जानकारी होते ही उन्नाव से शिक्षक-शिक्षिकाएं भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। तीनों परिवारों की चीत्कार सुनकर लोगों की आखों से आंसू नहीं रुक सके।

साथ काम करने वाली शिक्षिकाओं का कहना था कि उन लोगों की तरह आकांक्षा मिश्रा, अंजुला मिश्रा, ऋचा अग्निहोत्री रोज सुबह जल्दी उठतीं और घर के सारे काम निपटा कर स्कूल के लिए निकलती थीं।

मंगलवार को भी वे रोज की तरह अपने-अपने घरों से स्कूल के लिए निकली थीं लेकिन थोड़ी ही देर बाद दर्दनाक हादसे की खबर मिली तो वह लोग घबराकर तुरंत कानपुर के लिए निकल लिए। हादसे में जान गंवाने वाली शिक्षिकाओं और चालक विशाल के घर मातम पसरा गया। उन्नाव से खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह भी पोस्टमॉर्टम पहुंची और उन सभी लोगों ने गंभीर रूप से घायल शिक्षिका ऋचा अग्निहोत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। शिक्षिका अंजुला मिश्रा भी उन्नाव के सफीपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जमालनगर कंपोजिट में तैनात थीं। उनके पति आनंद मिश्रा एक फाइनेंस कंपनी में लोन डिपार्टमेंट में कार्यरत है। अंजुला की दो बेटी सोनिका और पर्णिका हैं। भाई आशीष के अनुसार मंगलवार सुबह वह सो रहे थे।

# पार्षद को जान से मारने की धमकी पर नाराज पार्षदों ने की बैठक

**महानगर संवाददाता**
**गोरखपुर**



तिवारीपुर क्षेत्र के कल्याणपुर वार्ड के पार्षद शिवेंद्र मिश्रा को मुंबई से असलहा मंगाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले को भाजपा पार्षदों ने गंभीरता से लिया है। बुधवार को पार्षद सभागार कक्ष में सभी पार्षदों की बैठक हुई। पूर्व उपसभापति ऋषि मोहन वर्मा ने कहा कि पार्षद स्थानीय जनता के लिए ही नगर निगम से लेकर अन्य जगह संघर्ष करता है, उसका व्यक्तिगत कुछ नहीं होता है।

लेकिन, जिस तरीके से पार्षद के साथ मनबढ़ों ने दुर्व्यवहार किया है और सभी उचित पटल पर शिकायत करने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। इस दौरान भाजपा के पार्षद एक साथ बैठक में शामिल रहे। दरअसल, मामले में सोमवार को पार्षद की तरफ से तहरीर मिलने पर तिवारीपुर पुलिस ने प्रदीप सिंह और मुकेश सिंह के खिलाफ धमकी देने व गाली गलौज करने का केस दर्ज किया है। शिवेंद्र मिश्रा ने तहरीर देकर बताया है कि कॉलोनी में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। मैं इसका निरीक्षण लगातार कर रहा था।

# गैस रिसाव से ब्लास्ट के साथ लगी आग

**महानगर संवाददाता**
**प्रतापगढ़**




उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में गैस रिसाव से धमाके के साथ एक घर में आग लग गई। घटना में दो परिवार के आठ लोग झुलस गए। कमरे की दीवार जमींदोज हो गई। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, उदयपुर थाना इलाके के भंवरी गांव में अशोक कुमार का परिवार खाना खाने के बाद रात दस बजे एक ही कमरे में सो रहा था। इस बीच कमरे में ही रखे गैस सिलेंडर में रिसाव शुरू हो गया। धीरे-धीरे पूरे कमरे में गैस भर गई। रात 2 बजे के करीब गैस का प्रेशर इतना बढ़ा कि अशोक के कमरे में जोरदार धमाका हो गया। धमाके के बाद आग लग गई और अशोक समेत पत्नी रेनू, पुत्र सनी, रवि और किशन झुलस गए। धमाके के चलते अशोक के कमरे की पक्की दीवार भी दो तरफ से धराशायी हो गई। दीवार गिरते ही बगल के कमरे में सो रहे भाई विजय की पत्नी गीता, उनकी दोनों बेटियां प्रिया व रियांशी भी झुलसकर घायल हो गए। दोनों कमरों के बीच बनी दीवार धमाके में गिरने के बाद भाई विजय के परिवार के लोग भी चपेट में आ गए। रात दो बजे हुई घटना के आठ घायलों को सांगीपुर सीएचसी लाया गया। यहां हर गंभीर देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# झांसी के रेलवे अस्पताल में लगी आग

## टला बड़ा हादसा

**झांसी।** झांसी स्थित रेलवे अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में बुधवार सुबह आग लग गई। इससे अस्पताल में अफरातफरी मच गईओटी से उठते जबरदस्त धुएं के बीच अस्पताल में मौजूद मरीजों, तीमारदारों तथा अस्पतालकर्मी आनन-फानन में बाहर आए। अस्पतालकर्मियों ने आला अधिकारियों और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। अस्पताल में आग की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकम विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ओटी के भीतर रखे सभी संयंत्र पूरी तरह से जल चुके थे। गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय ओटी में न तो कोई मरीज था और न ही अस्पतालकर्मी।

# बेटी की शादी से पहले दामाद संग फरार सास पहुंची थाने

**महानगर संवाददाता**
**अलीगढ़**

जिले की महिला और उसके होने वाले दामाद की लव स्टोरी खासी चर्चा में है। होने वाले दामाद के साथ फरार होने वाली महिला की पुलिस ने कई राज्यों में तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार दोपहर अचानक महिला और उसका होने वाला दामाद दादों थाने पहुंच गए। पुलिस को जानकारी दी।

दरअसल, मडराक थाना क्षेत्र के एक गांव से होने वाली सास को लेकर दामाद फरार हो गया। छह अप्रैल से फरार दामाद और सास दादों थाने में दोपहर करीब 2:00 बजे पहुंचे, अब दादों पुलिस मडराक थाना पुलिस से संपर्क जुटा कर दोनों को उन्हें सौंप देगी।



जानकारी के अनुसार, बीते छह अप्रैल को गांव मछरिया नगला निवासी राहुल थाना मडराक क्षेत्र के एक गांव निवासी अपनी होने वाली सास सपना को लेकर फरार हो गया था। आज करीब 2:00 बजे अपनी सास को लेकर थाना दादों पहुंचा। इस पर दादों पुलिस ने थाना मडराक पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में महिला सपना ने बताया आए दिन पति शराब पीकर मारपीट करता था। उसने पति को लेकर कई चौंकाने वाली बातें बताईं साथ ही कहा कि वह अब अपना जीवन राहुल के साथ ही बिताना है। महिला ने बताया कि बेटी की शादी राहुल के साथ तय होने के बाद जब कभी-कभी राहुल का फोन आता था तो वह राहुल से बात करती थी, इसी बात पर बेटी भी तरह-तरह के आरोप लगाती थी इसके बाद पति भी गाली गलौज करते हुए राहुल के साथ भाग जाने की धमकी देता था। साथ ही सपना ने कहा कि वह मडराक थाने में नहीं जाएगी। दादों थाने की पुलिस से मदद चाहिए। वहीं, प्रेमी राहुल ने बताया अप्रैल में सपना अलीगढ़ से चलकर कासगंज पहुंची थी। जिसके बाद हम लोग बस में सवार होकर बरेली पहुंचे इसके बाद बिहार राज्य के जिला मुजफ्फरपुर पहुंचे। दो दिन पहले वहां मोबाइल खोल कर देखा तो सोशल मीडिया पर हम लोगों के चर्चा हो रहे थे। इसी को देखते हुए हम लोग बस में सवार होकर मुजफ्फरपुर से दिल्ली पहुंच गए। यहां से बस में बैठकर आए।

# US ने रद्द किया F-1 वीजा तो भारतीय छात्र ने खोला मोर्चा

**महानगर नेटवर्क**
**न्यूयॉर्क**
संयुक्त राज्य अमेरिका के मिशिगन के सरकारी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक भारतीय समेत चार एशियाई छात्रों ने अपने छात्र आव्रजन दर्जे को गलत तरीके से समाप्त किए जाने के बाद अमेरिका से संभावित निर्वासन के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। भारत के चिन्मय देवरे, चीन के जियांगयुन बु और कियुई यांग और नेपाल के योगेश जोशी ने शुक्रवार को 'डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी' (DHS) और आव्रजन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। चारों छात्रों ने मुकदमा दायर करके आरोप लगाया है कि 'छात्र एवं विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली' (SEVIS) में उनके छात्र आव्रजन

## ट्रंप प्रशासन को अदालत में घसीटा



दर्जे को 'पर्याप्त नोटिस और स्पष्टीकरण के बिना' अवैध रूप से समाप्त कर दिया गया। SEVIS एक ऐसा आंकड़ा है जो अमेरिका में गैर-प्रवासी छात्रों और शैक्षणिक विनिमय के तहत आने वाले छात्रों (विनिमय आगंतुक) के बारे में जानकारी एकत्र करता है।
छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे मिशिगन के 'अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन' ने कहा है कि उन्होंने उन छात्रों की ओर से एक संघीय मुकदमा दायर करके एक आपतकालीन निषेधाज्ञा जारी करने का अनुरोध किया है, जिनकी F-1 छात्र आव्रजन स्थिति को ट्रंप प्रशासन द्वारा बिना किसी वैध कारण और बिना किसी नोटिस के अवैध रूप से और अचानक समाप्त कर दिया गया है।एसीएलयू ने कहा कि मुकदमे में अदालत से इन छात्रों की स्थिति को बहाल करने के लिए कहा गया है ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और हिरासत और निर्वासन के जोखिम का सामना करने से बच सकें। अदालत में की गई शिकायत में कहा गया है, "उनमें से किसी पर भी अमेरिका में किसी भी अपराध का आरोप नहीं लगाया गया है, न ही उन्हें दोषी ठहराया गया है। किसी ने भी किसी आव्रजन कानून का उल्लंघन नहीं किया है। न ही वे किसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर परिसर में विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रहे हैं।"इस शिकायत में डीएचएस सचिव क्रिस्टी नोएम, कार्यकारी आईसीई निदेशक टॉड लियोन्स और आईसीई डेट्रॉयट फील्ड ऑफिस निदेशक रॉबर्ट लिंच का नाम शामिल है। इसी प्रकार के मुकदमे न्यू हैम्पशायर, इंडियाना और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों समेत देशभर में दायर किये गए हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही इसी तरह के एक मामले में अमेरिकी जज ने ट्रंप प्रशासन को 21 वर्षीय भारतीय स्नातक कृष लाल इस्सरदासानी को निर्वासित करने से अस्थायी रूप से रोक दिया था, जिसका छात्र वीजा रद्द कर दिया गया था। कृष मई में स्नातक होने वाले हैं।

## BJP के 'गब्बर' के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना में हनुमान जयंती पर हुई सांप्रदायिक घटना के मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता और गुना में पार्षद ओमप्रकाश उर्फ गब्बर कुशवाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दायर किए गए केस में गब्बर कुशवाह पर लोकल मस्जिद के सामने जुलूस का नेतृत्व करने, भड़काऊ नारे लगाने और पथराव में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। कोतवाली पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर महेश लाकड़ा द्वारा दायर की गई पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, कोल्हूपुरा से शुरू होकर कर्नलगंज से गुजर रहे इस जुलूस ने मदीना मस्जिद के पास कथित तौर पर पब्लिक ऑर्डर को बाधित किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 12 अप्रैल को शाम 4 बजे के करीब पुलिस को मस्जिद के पास जुलूस निकलने की सूचना मिली। इसके बाद महेश लाकड़ा, SI तोरण सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और पाया कि BJP नेता के नेतृत्व में जुलूस निकल रहा है। इस जुलूस में बीजेपी नेता गब्बर के साथ उसके साथी मोनू ओझा, विशाल अन्नोटिया और संजय उर्फ बग्गा रघुवंशी भी शामिल हैं।

# यमुना सफाई प्रोजेक्ट पर दिल्ली सरकार खर्च करेगी 3140 करोड़ रुपये

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**
दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर दिल्ली सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड है। दिल्ली सरकार ने अब इसको लेकर अपनी कवायद और तेज कर दी है। यमुना सफाई से जुड़े पूरे प्रोजेक्ट पर सरकार 3140 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि खर्च करेगी।
आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, व्यय वित्त समिति (ईएफसी) के एजेंडे में 27 केंद्रीयकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी), टर्मिनल सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) का निर्माण करने के अलावा दिल्ली गेट पर 10 एमजीडी क्षमता का एक अलग से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी तैयार किया जाना शामिल है। इस पूरे प्रोजेक्ट के संबंधित कार्यों और 10-12 साल के संचालन और रखरखाव आदि को भी शामिल किया गया है। केंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत सीवर लाइन उपलब्ध कराना और बिछाना, घरों में सीवर कनेक्शन मुहैया करना आदि भी प्रमुख रूप





से शामिल किया गया हैं। इन सभी कार्यों के लिए पूरे प्रोजेक्ट पर 3140 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का अनुमान लगाया गया है। इस राशि को आज होने वाली ईएफसी की अहम बैठक में मंजूरी दिए जाने की प्रबल संभावना है।
सूत्रों का कहना है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जो वित्त मंत्री भी हैं, उनकी अध्यक्षता में आज शाम को एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी (ईएफसी) की पहली बैठक बुलाई गई है। वित्तीय वर्ष 2025 26 के लिए व्यय वित्त समिति (एएफसी) की यह पहली बैठक आयोजित की जाएगी। आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (शहरी विकास), विशेष सचिव (शहरी विकास), वित्तीय विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, सेक्रेटरी, दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ और अन्य के बैठक में शामिल होने की संभावना है। इस बीच देखा जाए तो दिल्ली सरकार यमुना की सफाई को लेकर अलग-अलग स्तर पर काम कर रही है जिसमें सबसे पहले दिल्ली के 22 बड़े नालों को जो कि सीधे यमुना नदी में गिरते हैं, उनकी साफ सफाई और डीसिल्टिंग का काम तेजी से कर रही है।

# इसी महीने भारत आएंगे अमेरिकी उप-राष्ट्रपति

## पीएम मोदी संग बैठक, जयपुर-आगरा भी जाएंगे

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**
अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस 18 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच इटली और भारत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरे के दौरान वो अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ भारत पहुंचेंगे, जो पहली बार बतौर सेकेंड लेडी भारत का दौरा करेंगी। इस दौरान जेडी वेंस पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि उषा वेंस के माता-पिता आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे, जो बाद में अमेरिका जाकर बस गए। उनकी मां एक मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट हैं और पिता मैकेनिकल इंजीनियर हैं। अब जब उषा वेंस उप-राष्ट्रपति की पत्नी के रूप में भारत आ रही हैं, तो यह उनके लिए बेहद खास लम्हा होगा। उषा वेंस अपने पति के साथ नई दिल्ली, जयपुर और आगरा की यात्रा करेंगी। भारत का यह दौरा



ऐसे वक्त पर हो रहा है जब दुनियाभर में ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर नई चर्चा छिड़ी हुई है। अमेरिकी व्यापार नीति में 'अमेरिका फर्स्ट' की वापसी के संकेत मिल रहे हैं और टैरिफ और ट्रेड बैरियर्स एक बार फिर से वैश्विक मंच पर विवाद का विषय बन चुके हैं। इस संदर्भ में वेंस की भारत यात्रा बेहद अहम मानी जा रही है। भारत और अमेरिका इस वक्त 2025 तक के बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत कर रहे हैं। इसी बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी और वरिष्ठ प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर सहमति जताई थी। इसके बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगुवाई में भारतीय प्रतिनिधिमंडल 3 से 6 मार्च तक अमेरिका गया और अमेरिकी वाणिज्य सचिव, व्यापार प्रतिनिधि समेत कई अधिकारियों के साथ बातचीत की।

### शाह का भतीजा बनकर ठगी

# आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**
दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एक हाई-प्रोफाइल ठगी के मामले में आरोपी अजय कुमार नय्यर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। नय्यर पर आरोप है कि उसने खुद को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भतीजा बताकर एक कारोबारी से 3.9 करोड़ रुपए ठगे। आरोपी 10 नवंबर 2021 से न्यायिक हिरासत में है। एडिशनल सेशन जज (ADJ) डॉ. हरदीप कौर ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा, "आरोपों की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए अदालत आरोपी को जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए यह जमानत याचिका खारिज की जाती है।" अदालत ने कहा कि आरोपी ने खुद को केंद्रीय गृहमंत्री का भतीजा बताकर शिकायतकर्ता




से राष्ट्रपति भवन के नवीनीकरण के लिए 90 करोड़ रुपए का टेंडर दिलवाने का झांसा दिया और इसके बदले में शिकायतकर्ता से नकद और RTGS के माध्यम से 3.9 करोड़ रुपए लिए। सरकारी वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता अब तक जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा है और उसने अभियोजन पक्ष के दावों की पुष्टि की है। जमानत याचिका के दौरान आरोपी के वकील ने यह दलील दी कि नय्यर 39 महीने से जेल में है, मामले की जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। साथ ही यह भी बताया गया कि अन्य सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## मुस्लिम कोटा बिल कर्नाटक गवर्नर ने राष्ट्रपति को भेजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुस्लिमों को सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण देने संबंधी विधेयक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया है और लिखा है कि संविधान धर्म आधारित आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। पिछले महीने सिद्धारमैया सरकार ने कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट्स (KTPP) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी थी। इसके बाद इसे कर्नाटक विधानसभा से पारित करा दिया गया था। इस विधेयक के प्रावधानों के तहत 2 करोड़ रुपये तक के (सिविल) कार्यों और 1 करोड़ रुपये तक के गुड्स/सर्विसेस के कार्यों में मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

# सीनियर नेता बने घूम रहे, बूथ तक नहीं जितवा पाते

## राहुल गांधी ने खड़े किए सवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता भले ही हतोत्साहित दिख रहे हैं, लेकिन केवल उनकी पार्टी ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा को हरा सकती है। गांधी ने अपनी ही पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि सीनियर नेता बने घूम रहे हैं, लेकिन कई बूथ नहीं जितवा पाते। कई ऐसे भी लोग हैं, जो बीजेपी के साथ मिले हुए हैं, उनको हमें पहचान कर प्यार से परे करना है। हिंसा से नहीं, नफरत से नहीं, प्यार से। उनसे कहना है कि- भैया.. साइड हो जाइए, दूसरों को आगे जाने दीजिए। एक सप्ताह में गुजरात की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने राज्य में संगठन को नया रूप देने के लिए रोडमैप पेश किया और पार्टी के उन नेताओं को हटाने का वादा किया जो या तो निष्क्रिय हैं या भाजपा के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, ''बैठक में एक अच्छी बात मुझसे कही गई कि अलग-अलग सीनियर नेता आते हैं तो जादू से हर जिले में लोग दो-तीन दिन के लिए बाहर आ जाते हैं और फिर जाने पर वापस गायब हो जाते हैं।

# तमिलनाडु के मंदिर उत्सव में अंगारों में गिरा शख्स, मौत

## मन्नत पूरी करने उतरा था, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में एक उत्सव के दौरान अंगारों के गड्ढे में गिरने से 56 साल के एक भक्त केशवन की मौत हो गई। यह घटना कुयावनकुडी में अग्नि-चलन अनुष्ठान के दौरान हुई। इस हादसे का एक वीडियो वायरल हो गया है।स्थानीय रूप से थीमिधि थिरुविझा के नाम से जाना जाने वाला यह अनुष्ठान वार्षिक सुब्बैया मंदिर उत्सव का हिस्सा है। जो इस बार 10 अप्रैल को शुरू हुआ था। भक्त अपनी मन्नतें पूरी करने और आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर गया था।
10 अप्रैल से शुरू हुए थीमिधि थिरुविझा अनुष्ठान के लिए वालंथरावाई गांव के रहने वाले केशवन भी आए थे। मन्नत पूरी करने के दौरान केशवन संतुलन खो बैठे और जलते अंगारों पर गिर पड़े। मंदिर में मौजूद बचाव दल ने उन्हें तुरंत बाहर निकाला और रामनाथपुरम जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# क्यों न स्कूल को बंद कर प्रिंसिपल पर मुकदमा चलाया जाए

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि क्यों न डीपीएस द्वारका को बंद कर दिया जाए। साथ ही छात्रों को लाइब्रेरी में बंद करने को लेकर कहा कि प्रिंसिपल के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाना चाहिए। हाई कोर्ट छात्रों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को फीस के लिए छात्रों को लाइब्रेरी में बंद

### DPS द्वारका को HC की कड़ी फटकार




करने और क्लास में भाग नहीं लेने देने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने इसे अपमानजनक व्यवहार बताया। जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि छात्रों के साथ 'संपत्ति' जैसा व्यवहार करने वाले स्कूल को बंद कर दिया जाना चाहिए। कोर्ट छात्रों की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ सुरक्षा उपाय किए जाने की जरूरत है कि स्कूल द्वारा छात्रों को प्रताड़ित न किया जाए। ऐसा लग रहा है कि स्कूल केवल पैसा कमाने की मशीन के रूप में संस्थान चला रहा था। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान कई छात्र अपनी स्कूल यूनिफॉर्म में, किताबों और बैग के साथ अपने माता-पिता के साथ मौजूद थे।


**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**

जा.क्र. अंनप/बांधकाम विभाग/२०२५-२६/५६ | दि. ११ एप्रिल, २०२५

**ई-निविदा सुचना क्र. सन २०२५-२६**

मुख्याधिकारी, अंबरनाथ नगरपरिषद, इच्छुक, अनुभवी, अर्हता पात्र कंत्राटदारांकडून खालील कामाकरिता बी-१ नमुन्यातील ई-निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावीत. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार मुख्याधिकारी, अंबरनाथ नगरपरिषद यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | निविदेची अंदाजित किंमत (₹) (जी.एस.टी. वगळून) | निविदा फॉर्म फी (₹) | कंत्राटदाराचा वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | वैशिष्ट्यपूर्ण अनुदान अंतर्गत अंबरनाथ पश्चिमेकडील प्रभाग क्र. ०८ मधील बुवापाडा येथील बाबा पार्किंग ते संघटन चौक पर्यंतचा रस्ता काँक्रीटीकरण करणे | ८४,८८,७२१/- | ११८०/- | वर्ग-४-अ (स्थापत्य) व त्यावरील |
| ०२ | वैशिष्ट्यपूर्ण अनुदान अंतर्गत अंबरनाथ पश्चिमेकडील प्रभाग क्र. २० अंबरनाथ अग्निशमन दल ते चिंचपाडा खदान दरम्यान नायर हाईट इमारतीसमोरील मुख्य रस्ता काँक्रीटीकरण करणे | ८४,९२,७४१/- | ११८०/- | वर्ग-४-अ (स्थापत्य) व त्यावरील |

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :- दि. १७/०४/२०२५ दुपारी १२.०० ते दि. २४/०४/२०२५ दु. ३.०० पर्यंत
ई-निविदा उघडणे :- दि. २५/०४/२०२५ दु. ३.०० वा.
खालील सकेतस्थळावर ई-निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
१. http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदेसूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवरती कळविण्यात येईल)
२. मुख्याधिकारी, अंबरनाथ नगरपरिषद यांचे कार्यालयातील सूचना फलक

सही/-
(उमाकांत गायकवाड)
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद


## पेज एक का शेष..

# वक्फ संपत्तियों पर 'सुप्रीम' सुनवाई...

**'नए अधिनियम में गैर मुस्लिमों को दी गई जगह'**
कपिल सिब्बल ने कहा कि सेंट्रल वक्फ काउंसिल (1995) के तहत बोर्ड में सभी मुस्लिम होते थे। हिन्दू और सिख बोर्ड में भी सभी सदस्य हिन्दू और सिख ही होते हैं। नए वक्फ संशोधित अधिनियम में विशेष सदस्यों के नाम पर गैर मुस्लिमों को जगह दी गई है। यह नया कानून अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। कपिल सिब्बल ने कहा कि नए कानून के मुताबिक, अगर किसी ने 5 साल से कम वक्त से इस्लाम धर्म अपना रखा है तो वह संपत्ति दान नहीं कर सकता। यह गलत है, मेरी संपत्ति है, उसपर मेरा अधिकार है। इस तरह से रोक कैसे लगाया जा सकता है। कपिल सिब्बल ने इस दौरान राम जन्मभूमि के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि धारा 36, आप उपयोगकर्ता की तरफ से बना सकते हैं, संपत्ति की कोई आवश्यकता नहीं है।

**अन्य अधिवक्ताओं ने भी रखी दलील**
वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी, जिन्होंने कुछ याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया, ने कहा कि वक्फ अधिनियम का पूरे भारत में प्रभाव होगा और याचिकाओं को उच्च न्यायालय में नहीं भेजा जाना चाहिए। जबकि वक्फ अधिनियम का विरोध कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि उपयोगकर्ता की तरफ से वक्फ इस्लाम की एक स्थापित प्रथा है और इसे खत्म नहीं किया जा सकता। मुस्लिम पक्ष की तरफ से बात रखते हुए एक अन्य अधिवक्ता राजीव शकधर ने कहा कि मूल रूप से अनुच्छेद 31 को हटा दिया गया था। वे संपत्ति के साथ कब छेड़छाड़ कर सकते हैं? नैतिकता, स्वास्थ्य आदि के अधीन, किसी को मुस्लिम के रूप में प्रमाणित करने के लिए उन्हें 5 साल की परिवीक्षा अवधि की आवश्यकता होती है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा कि यह कानून इस्लाम धर्म की अंदरूनी व्यवस्था के खिलाफ है। राजीव धवन ने कहा कि संवैधानिक हमले का आधार यह है कि वक्फ इस्लाम के लिए आवश्यक और अभिन्न अंग है। धर्म, विशेष रूप से दान, इस्लाम का आवश्यक और अभिन्न अंग है।

**सरकार का पक्ष**
सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि बहुत से मुसलमान ऐसे भी हैं जो वक्फ कानून से शासित नहीं होना चाहते। उन्होंने यह भी बताया कि नया वक्फ संशोधन कानून संसद की संयुक्त समिति की 38 बैठकों के बाद बना है और इसे 98.2 लाख लोगों की राय जानने के बाद पारित किया गया।
मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने पहले इन याचिकाओं को एक उच्च न्यायालय को भेजने पर विचार किया, लेकिन बाद में कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, राजीव धवन और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं।

**क्या है वक्फ और वक्फ बाय यूजर?**
वक्फ का मतलब होता है किसी संपत्ति को धार्मिक या समाजसेवा के काम के लिए स्थायी रूप से समर्पित करना। वक्फ बाय यूजर वह व्यवस्था है जिसमें कोई संपत्ति लंबे समय से धार्मिक उपयोग में रही हो (जैसे मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसा आदि) – भले ही उसके मालिक ने इसे लिखित रूप में वक्फ घोषित न किया हो।

# अवैध दरगाह पर चला बुलडोजर, नाशिक में भारी बवाल...

मंगलवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे ट्रस्टी अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे और काम शुरू कर दिया। डीसीपी किरणकुमार चव्हाण ने बताया कि उस समय दरगाह के पास उस्मानिया चौक पर उपद्रवियों की भीड़ जमा हो गई थी। दरगाह के ट्रस्टी और अन्य लोग जब उन्हें शांत कराने गए तो उन्होंने उनकी एक न सुनी।
उन्होंने कहा कि वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी। उपद्रवियों ने पथराव किया और कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्हें नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया। चव्हाण ने कहा कि 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है और संदिग्धों की 57 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।
नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, बुधवार सुबह दरगाह पर अतिक्रमण विरोधी अभियान में लगभग 50 एनएमसी कर्मी लगे हुए थे, जिसे चार मिट्टी खोदने वाली मशीनों, छह ट्रकों और दो डम्परों का उपयोग करके चलाया गया। बता दें, इस साल फरवरी में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने दरगाह के निकट कई अनधिकृत संरचनाओं को हटा दिया था। हालांकि, स्थानीय निवासियों और हिंदू संगठनों के सदस्यों के एक वर्ग ने, जो उस स्थान पर एकत्र हुए थे, कहा कि दरगाह स्वयं अनधिकृत है और इसे हटाया जाना चाहिए। नासिक सेंट्रल की विधायक देवयानी फरांडे ने भी कहा था कि फरवरी में एनएमसी का अतिक्रमण विरोधी अभियान पूरा नहीं हुआ है और पूरे स्थल को साफ किया जाना चाहिए।

# दो महिलाओं से बलात्कार-हत्या, पांच दोषियों में चार की मौत

## 42 साल बाद आए फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देरी के लिए जताया खेद

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में एक 74 साल के व्यक्ति को बलात्कार और हत्या के एक मामले में अपनी शेष सजा काटने के लिए अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है। जिसमें उसे चार अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराए जाने के 42 वर्ष से अधिक समय बाद सजा सुनाई गई थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, मामला अप्रैल 1979 का है, जब आरोपी ललितपुर के बटवाहा गांव में एक घर में घुसे, कीमती सामान लूटा और मौके से भाग गए। वहां उन्होंने दो महिलाओं के साथ बलात्कार भी किया। जिनमें से एक की बाद में मौत हो गई और एक अन्य महिला की हत्या कर दी। 23 अप्रैल, 1983 को पांचों आरोपियों को बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि, उनकी अपील लंबित रहने के दौरान 2 मई, 1983 को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस बीच, चार आरोपियों की मृत्यु हो गई और उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। लंबित अपीलों पर विचार करते हुए जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डॉ. गौतम चौधरी की पीठ ने मामले पर निर्णय में हुई देरी पर खेद व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि कोर्ट विशेष रूप से पक्षकारों और आमतौर पर समाज के समक्ष खेद व्यक्त करती है कि इस अपील की सुनवाई में 42 साल लग गए। पांच दशकों की बहुत लंबी अवधि में पक्षों को न्याय नहीं मिला है। चार आरोपी/अपीलकर्ता – वीर सिंह, गंगाधर, धर्मलाल और बंधु न्याय मिलने के बिना ही मर चुके हैं। पीड़ित भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में आदर्श रूप से अदालतों को वास्तविक समय में न्याय देने की आवश्यकता होती है। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने चार साल के भीतर अपना फैसला सुना दिया था और उसके बाद जिम्मेदारी हाई कोर्ट पर आ गई थी।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**के.ई.एम. अस्पताल, परेल, मुंबई – 400 012**

**ई-निविदा सूचना**

**क्र. केईएमएच/321/एईएमई, दिनांक : 15.04.2025**

यह एक ई-निविदा सूचना है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा आइटम दर आधार पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | बयाना रकम जमा – ₹ | बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | बोली समाप्ती तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | केईएम अस्पताल में विभिन्न विभागों और वाड्र्स में टेलीफोन एक्सेसरीज की आपूर्ति. **निविदा आईडी – 2025_एमसीजीएम_1171046_1** | 34000 @2% | 16.04.2025 (17.00 बजे) | 23.04.2025 (17.00 बजे) |
| 2 | केईएम अस्पताल में एमएस बिल्डिंग में विभिन्न विभागों में एचएमआईएस प्रोजेक्ट हेतु सहायक सेवाओं का प्रावधान. **निविदा आईडी – 2025_एमसीजीएम_1171035_1** | 19000/- @ 1% | 16.04.2025 (17.00 बजे) | 23.04.2025 (17.00 बजे) |
| 3 | पैसेज एरिया, सीवीटीएस ओटी – 2 सीवीटीसी बिल्डिंग, केईएम अस्पताल में एमसीडब्ल्यू की आपूर्ति करना और स्थापित करना. **निविदा आईडी – 2025_एमसीजीएम_1171045_1** | 20000/- @1% | 16.04.2025 (17.00 बजे) | 23.04.2025 (17.00 बजे) |
| | योग्यता मापदंड (लिफाफा ए) | 24.04.2025 | 17.30 बजे | |
| | तकनीकी बोली (लिफाफा बी) | 24.04.2025 | 17.45 बजे | |
| | वाणिज्य बोली (लिफाफा सी) | अनुसूची के अनुसार | | |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए (http://mahatender.gov.in) देखें. निविदाकर्ता ध्यान दें कि उक्त निविदा सूचना के संबंध में जारी किया गया कोई भी शुद्दिपत्र केवल (http://mahatender.gov.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा. स्थानीय समाचार पत्र में कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित नहीं होगा.

**निविदा दस्तावेज डाक से जारी अथवा स्वीकार नहीं किए जाएंगे.**

हस्ता./-
डीन
(के.ई.एम. अस्पताल)

पीआरओ/146/विज्ञा./2025-26

**अपनी मर्जी से दवाईयां कभी ना लें**

# गर्मी में घर पहुंचते ही है नहाने की आदत तो जरा संभलकर

## पड़ सकता है भारी

**चिलचिलाती धूप से लोगों के हालत खराब हो जाती है। भले ही आप सुबह नहाने के बाद घर से बाहर निकलते हैं, लेकिन गर्मी और पसीने के कारण इरिटेशन महसूस होने लगती है। ऐसे में लोग घर पहुंचकर दोबारा से नहाना पसंद करते हैं, ताकि वो तरोताजा महसूस कर सकें। कई लोग रोजाना ही चिलचिलाती धूप या फिर ऑफिस से घर पहुंचकर पहले नहाते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है।चलिए जानते हैं इसके बारे में एक्सपर्ट से......**

तेज गर्मी के कारण शरीर का तापमान बड़ा रहता है, ऐसे में जब हम अचानक गर्मी से घर पहुंचते ही नहाते हैं तो शरीर के तापमान में बदलाव आने लगता है।

गर्मी और ठंडक की वजह से कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं, इससे गले में खराश, जुकाम का होने का खतरा बढ़ सकता है, ऐसे में जरूरी है कि पहले घर पहुंचकर कम से कम आधा घंटा आराम से बैठें और उसके बाद ही नहाने जाएं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो गर्मियों में कई बार नहाते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें रिफ्रेश फिल होगा। लेकिन इससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

बार-बार नहाने से स्किन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि इससे



स्किन में मौजूद नेचुरल ऑयल कम होने लगता है जिसकी वजह से त्वचा ड्राई होने लगती है। साथ ही इससे आपको स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्या हो सकती हैं।

इसलिए ध्यान रखें कि गर्मियों में सिर्फ दो टाइम ही नहाना चाहिए। सुबह और घर वापिस लौटने पर कुछ मिनट आराम करने के बाद, जिससे की आपके शरीर का तापमान रूम टेंपरेचर की तरह हो जाए या फिर रात में सोने के कुछ समय पहले। साथ ही गर्मियों के मौसम में घर पहुंचते ही इन गलतियों को करने से आपको बचना चाहिए।

### ठंडा पानी न पिएं



तेज धूप से आने के बाद प्यास तो बहुत लगती है। ऐसे में ज्यादातर लोग ठंडा या बर्फ वाला पानी पीने की गलती कर देते हैं, क्योंकि बाहर से आने के बाद बॉडी का तापमान बढ़ा हुआ होता है। ऐसे में अगर आप अचानक से ठंडा पानी पिएंगे, तो इससे शरीर के तापमान में बदलाव होगा और आपको गले में जुकाम, गले में खराश और खांसी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### एसी में न बैठें



तेज धूप से आने के बाद एसी वाले रूम में बैठने से बचें। क्योंकि एसी की ठंडी हवा से आपको गर्मी से राहत तो मिल सकती हैं लेकिन एकदम ठंडे में आकर सर्द गर्म हो सकता है। जिसकी वजह से आपको सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।

# रोज डाइट में शामिल कर लें जुकिनी

## चौंका देंगे इसके फायदे!

हम सब ने बचपन से ये बात सुनी है कि हरी सब्जियां खाने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं। मार्केट मे आपको कई तरह की हरी सब्जियां मिल जाएंगी जिसे आपको अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। आज हम जिस सब्जी की खासियत आपको बताएंग वो है जुकिनी, ये दिखने में तो बिल्कुल कीरे की तरह लगती हैं लेकिन गुणों में ये उससे भी ज्यादा है।



जुकिनी खीरे की तरह दिखने वाली एक सब्जी है जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। कुछ लोग तो धोखे से इसे खीरा भी समझ लेते हैं। बात करें इसके गुणों की तो ऐसा कोई पोषक तत्व नहीं है जो इस सब्जी में न हो।

**इस एक सब्जी से आपको विटामिन्स, मिनरल्स, जिंक, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन के, विटामिन सी, विटामिन बी6, मैंगनीज, मैग्नीशियम जैसे कई सारे न्यूट्रिएंट्स मिल जाते हैं।**

### पाचन तंत्र रखती है दुरुस्त

अगर आप अक्सर गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान रहते हैं तो आपको अपनी डाइट में जुकिनी जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें सौल्यूबल फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो पेट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है। साथ ही इसे खाने से शरीर में पानी की मात्रा की भी पूर्ती होती है।

### डायबिटीज से राहत

डायबिटीज के मरीजों के लिए ये सब्जी किसी दवा से कम नहीं है। इसे रोज अपनी डाइट में शामिल करके आप



ब्लड शुगर को नियंत्रण में रख सकते हैं। जुकिनी फाइबर और कार्बोहाइड्रेट का बेहतरीन सोर्स होती है, इसे अपनी डाइट में रोज शामिल करने से आपको डायबिटीज की दवा खाने की जरूरत नहीं पडे़गी।

### आंखों की बढ़ेगी रोशनी

जुकिनी में बीटा कैरोटीन, विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये तीनों ही आंखों की रोशनी बढ़ाने का काम करते हैं। इसके अलावा जुकिनी में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन नामक एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो रेटिना को हेल्दी बनाता है।

# बच्चे को पिलाती हैं पाउडर वाला दूध?

**नवजात या शिशु के लिए मां का दूध सबसे बेस्ट होता है। पर बिजी लाइफस्टाइल या दूसरी वजहों के चलते माता-पिता बच्चे को फॉर्मूला मिल्क यानी पाउडर वाला दूध पिलाने लगते हैं। भले ही इससे काम आसान हो जाता है पर क्या आप जानते हैं कि इससे सेहत को कई नुकसान हैं। दरअसल फॉर्मूला मिल्क को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बच्चों के लिए बनाए जाने वाले फॉर्मूला मिल्क की जांच होगी और उनके खिलाफ कदम उठाए जाएंगे जो सरकार की जारी की हुई गाइडलाइन्स को फॉलो नहीं कर रहा है। वैसे फॉर्मूला मिल्क के मुकाबले मां का दूध बच्चे के लिए बेस्ट माना जाता है।**

### फॉर्मूला मिल्क पर सरकार सख्त


सरकार की ओर से फॉर्मूला मिल्क पर नया अपडेट जारी किया गया है। सरकार का कहना है कि इस मिल्क को लेकर गाइडलाइन फॉलो न करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक कार्ब्स के लिए इसमें लेक्टोज और ग्लूकोज का होना अनिवार्य है और इसमें फ्रुक्टोज न हो तो बेहतर है। कार्बोहाइड्रेट्स के लिए इसे ऐड किया जा



रहा है तो इसकी मात्रा 20 परसेंट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। दरअसल नेस्ले इंडिया के प्रोडक्ट्स में शुगर यूज के बाद ये नया अपडेट सामने आया है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

जयपुर की डायटिशियन सुरभि पारीक का कहना है कि इस तरह के मिल्क की जगह मां का दूध ही बच्चे के लिए बेस्ट रहता है। उनका कहना है कि इसमें हाइजीन से जुड़ी कई गलतियां दोहराई जाती हैं जिस



## भूल से भी न करें ये गलतियां

कारण बच्चा इंफेक्शन का शिकार हो जाता है। एक्सपर्ट सुरभि कहती हैं कि पेरेंट्स बच्चे को पाउडर वाला मिल्क देते समय कई गलतियां करते हैं। इसमें बोतल को साफ न करना, रखे हुए दूध का इस्तेमाल शामिल हैं।

### भूल से भी न करें ये गलतियां

एक्सपर्ट सुरभि कहती हैं कि माता-पिता दूध को बनाते समय हाथ साफ नहीं करते हैं। ऐसा करने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसकी जगह सीधे मां का दूध देना चाहिए।

# वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं?

## जानिए इससे जुड़ी दिलचस्प बातें



अनलिमिटेड इंटरनेट की वजह से लोग आजकल सामान्य कॉल के मुकाबले वीडियो कॉल ज्यादा करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार सामने वाले की बात सुनकर आप उसके अंदर की स्थिति को नहीं समझ पाते। जबकि, वीडियो कॉल पर उसके चेहरे को देख कर आप आसानी से समझ जाते हैं कि जिससे आप बात कर रहे हैं वो खुश है या दुखी। चलिए अब जानते हैं कि वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं,लेकिन इसके पहले हम आपको बताएंगे कि आखिर दुनिया में पहली बार वीडियो कॉल कब शुरू हुआ था।

**पहला वीडियो कॉल** :- आपको लगता होगा कि वीडियो कॉल की शुरुआत तो तब हुई होगी जब बेहतरीन स्मार्टफोन बाजार में आए। हालांकि, ऐसा नहीं है। दरअसल, पहला वीडियो कॉल इससे बहुत पहले 30 जून 1970 को हुआ था। ये कॉल पिट्सबर्ग के मेयर पीटर फ्लेहर्टी और अल्कोआ के अध्यक्ष और सीईओ जॉन हार्पर के बीच हुई थी। हालांकि, ये वीडियो कॉल वैसी नहीं थी, जैसी आज हम करते हैं। कहा जाता है कि इस वीडियो कॉल को करने के लिए किसी स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं किया गया था, बल्कि इसके लिए पिक्चरफोन मॉड II नाम के एक छोटे से डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था।



**वीडियो कॉल का हिंदी नाम** :- हम दिन में कई बार वीडियो कॉल हिंदी में बोलते हैं। लेकिन हम आज तक नहीं जानते कि आखिर वीडियो कॉल को हिंदी में क्या कहते हैं। हमने जब गूगल पर इसके बारे में सर्च किया तो ज्यादातर जगह हमें वीडियो कॉल को हिंदी में चलचित्र दूरभाष लिखा मिला। दरअसल, इसकी खोज विदेश में हुई और वहां के लोगों ने इसे वीडियो कॉल कहा। यही वजह है कि भारत के लोग भी इसे वीडियो कॉल ही कहते हैं। हालांकि, चीन, कोरिया और जापान में इसे अलग-अलग भाषाओं में बोला जाता है। जैसे चीनी भाषा में इसे Shpn dinhu बोला जाता है।

# क्या छिपकली के गिरने से दूध हो जाता है जहरीला?

## जानें क्या है सच

भारतीय समाज में ये मान्यता है कि यदि दूध में छिपकली गिर जाए तो उसे पीना नहीं चाहिए। कहा जाता है कि छिपकली के गिरने से दूध जहरीला हो जाता है। इसकी सच्चाई क्या है चलिए जानते हैं। डॉक्टर्स के अनुसार, सबसे पहले तो इस भ्रांति को साफ कर दें कि छिपकली के दूध में गिरने से किसी की मौत हो जाती है। ऐसा कभी नहीं होता। डॉक्टर्स की मानें तो छिपकली के शरीर में जहर होने की बात भी सही नहीं है।



उन्होंने बताया कि छिपकली के दूध में गिरने से स्वास्थ्य को नुकसान होने का कारण दूसरा है। छिपकली कई जगहों पर घूमती है। उसके शरीर पर गंदगी बैठ जाती है। इस वजह से दूध गंदा हो जाता है।

लोगों के तबियत खराब होने की बात पर डॉक्टर्स कहना है कि फैली हुई भ्रांति की वजह से लोग बहुत डर जाते हैं। इस डर की वजह से कई बार लोगों को चक्कर आने लगते हैं। इसके साथ ही दूध में थोड़ी गंदगी होने की वजह से पेट में दर्द या दस्त लग सकते हैं, हालांकि इससे किसी की मौत नहीं हो सकती। छिपकली की वजह से दूध जहरीला हो जाने की बात पूरी तरह गलत है।

# बच्चों के समग्र विकास के लिए अच्छी नींद आवश्यक



**अच्छे स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ़ बीमारी से बचना नहीं है। यह हमारे दैनिक जीवन में संतुलन बनाने के बारे में है। चाइल्ड हार्ट फ़ाउंडेशन के संस्थापक डॉ. विकास कोहली ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बताया कि आज की कार्य संस्कृति में विशेष रूप से लंबे घंटों और स्क्रीन टाइम के साथ, हमें सचेत रूप से शारीरिक गतिविधि, हृदय-स्वस्थ पोषण और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए।**

सरल परिवर्तन- जैसे पैदल चलना, ध्यानपूर्वक खाना, या छोटी सांस लेने के ब्रेक - महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। एक बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में, मैं परिवारों को बच्चों के लिए इन आदतों को शुरू से ही अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। विशेष रूप से किशोरों को यह समझने की ज़रूरत है कि हर रात कम से कम 8-9 घंटे की नींद लेना उनके विकास, हृदय स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए आवश्यक है। एक स्वस्थ जीवनशैली सबसे अच्छा निवेश है जो हम अपने लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिएकर सकते हैं।



**वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में काफी ज्यादा महत्व होता है. कहा जाता है अगर चीजें सही तरीके से की जाए तो उसके परिणाम काफी सकारात्मक होते हैं वहीं, अगर चीजों को करने के तरीके में कोई खराबी हो या फिर उसे गलत तरीके से किया जाए तो इसका काफी नकारात्मक असर हमारे जीवन पर पड़ता है. वास्तु शास्त्र में हर तरह की समस्या के लिए उपाय बताये गए हैं. इसमें आपको छोटी से छोटी समस्या से लेकर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान मिल जाएगा. आज की यह आर्टिकल उन लोगों के लिए काम की साबित होने वाली है जिनके बच्चों का मन पढ़ाई में नहीं लगता है या फिर पढाई करने के दौरान उनका मन भटक जाता है. आज हम आपको बताने वाले हैं कि वास्तु शास्त्र के अनुसार बच्चों की पढाई करने के लिए किस दिशा को सबसे बेस्ट माना जाता है. तो चलिए जानते हैं.**



# बच्चों की पढ़ाई के लिए कौन सी दिशा है सबसे बेस्ट?

वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो एक पॉजिटिव वातावरण में अगर बच्चे पढ़ाई करने बैठे तो ऐसे में वे ज्यादा बेहतर तरीके से फोकस कर पाते हैं केवल यहीं नहीं, उनमें उत्साह का भी संचार होता है. ऐसे में बच्चे किस जगह बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं इस बात का ख्याल माता-पिता के लिए रखना बेहद जरूरी हो जाता है. वास्तु शास्त्र की अगर माने तो बच्चे जिस जगह पढाई करने बैठ रहे हैं वह बिलकुल शांत और स्वच्छ होनी चाहिए. केवल यहीं नहीं, उनका स्टडी टेबल भी सही दिशा में होना चाहिए. वास्तु शास्त्र की अगर माने तो बच्चों के कमरे में अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. ऐसा करने से उनका ध्यान भटक सकता है. बच्चों के कमरे में शांत और मोटिवेटिंग रंगों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए.

वास्तु शास्त्र के अनुसार बच्चों के पढाई करने के लिए पूर्व और उत्तर-पूर्व दिशाओं को सबसे बेस्ट माना गया है. लेकिन, इनके अलावा भी कुछ दिशाएं हैं जिनमें बच्चे पढाई कर सकते हैं. पूर्व दिशा में क्यों करें पढाई: अगर आप सोच रहे हैं कि बच्चों को पढाई करने के लिए पूर्व दिशा किस तरह से शुभ हो सकता है तो बता दें, इस दिशा में ही सूर्योदय होता है जिस वजह से यह दिशा कंसंट्रेशन, एनर्जी और नॉलेज प्रोवाइड करती है. अगर आपका बच्चा सुबह उठकर पढाई करता है तो ऐसे में यह दिशा सबसे बेस्ट माना जाता है. पश्चिम दिशा में पढाई: इस दिशा में सूर्यास्त होता हैं जिस वजह से अगर आपके बच्चे इस तरफ चेहरा करके पढाई करें तो उनमें सोचने की शक्ति और क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिलता है. अगर आपके बच्चे को आर्ट्स या फिर म्यूजिक में दिलचस्पी है तो यह दिशा सबसे बेस्ट है।



आईपीएल 2025

# मुंबई पड़ेगी भारी या हैदराबाद मारेगी बाजी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में गुरुवार 17 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच महत्वपूर्ण मैच खेला जाएगा। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली एमआई जहां 6 में से दो मैच जीतकर चार अंकों के साथ 7वें पायदान पर है तो वहीं पैट कमिंस के नेतृत्व वाली सनराइजर्स हैदराबाद 6 में से दो मैच जीतकर चार अंकों के साथ 9वें स्थान पर है। हैदराबाद का नेट रन रेट माइनस में है। दोनों ही टीम अपने पिछले मुकाबले जीतकर लय में लौटी हैं। ऐसे में फैंस को कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। इससे पहले ये भी जानना जरूरी है कि अब तक दोनों का हेड टू हेड रिकॉर्ड कैसा रहा है? इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करे तो अब तक दोनों का आमना-सामना 23 बार हुआ है। इनमें से सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 मैचों में जीत दर्ज की है तो वहीं 13 मुकाबले मुंबई इंडियंस के नाम रहे हैं। ऐसे में अभी तक मुंबई का पलड़ा ज्यादा भारी नजर आ रहा है।



वानखेड़े स्टेडियम में अब

# रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड

## मुंबई क्रिकेट संघ से मिली मंजूरी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका फैसला मंगलवार को एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान हुआ। इसके अतिरिक्त भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा। इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव राजनेता और एमसीए शीर्ष परिषद के सदस्य मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था।

मुंबई क्रिकेट संघ ने एक बयान में कहा, वार्षिक आम बैठक के दौरान पारित एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड के नामकरण को मंजूरी देना था। यह प्रस्ताव शुरू में मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था और जितेंद्र आव्हाड ने इसका समर्थन किया। सदन ने सर्वसम्मति से स्टैंड के नामकरण को मंजूरी दे दी।

### वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड के नाम...

ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 : श्री शरद पवार स्टैंड
ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 : अजीत वाडेकर स्टैंड
दिवेचा पवेलियन लेवल 3 : रोहित शर्मा स्टैंड

वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं।

### रोहित की कप्तानी में जीते दो आईसीसी खिताब

भारत ने रोहित की कप्तानी में दो आईसीसी खिताब जीते हैं। रोहित ने अपने करियर में 2024 टी20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, लेकिन वह 2023 में वनडे विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गए थे। अगला विश्व कप 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होना है। रोहित 2011 में विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने से चूक गए थे। वह 2015 में एक खिलाड़ी और 2019 में उपकप्तान के तौर पर खेलने उतरे थे। रोहित के पास 2023 में वनडे विश्व कप जीतने का अच्छा मौका था और उनके नेतृत्व में टीम ने लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था, लेकिन टीम को खिताबी मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी।

आज का मैच
TATA IPL
शाम 7.30 बजे
मुंबई Vs हैदराबाद

### दोनों टीमें इस प्रकार है

**सनराइजर्स हैदराबाद टीम स्क्वॉड**

अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, पैट कमिंस (कप्तान), हर्षल पटेल, जीशान अंसारी, मोहम्मद शमी, ईशान मलिंगा, अभिनव मनोहर, सचिन बेबी, राहुल चाहर, वियान मुल्डर, जयदेव उनादकट, कामिंदु मेंडिस, सिमरजीत सिंह, एडम ज़म्पा और अथर्व तायडे।

**मुंबई इंडियंस टीम स्क्वॉड**

रोहित शर्मा, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), विल जैक, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, कर्ण शर्मा, कॉर्बिन बॉश, अश्विनी कुमार, राज बावा, रॉबिन मिंज, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, कृष्णन श्रीजीत, मुजीब उर रहमान, रीस टॉपले और विग्नेश पुथुर।

# जसप्रीत बुमराह की फॉर्म पर नजर



मुंबई इंडियंस को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटेंगे, जो गुरुवार को मुंबई में संभावित रूप से उच्च स्कोर वाले आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बल्लेबाजी को रोकने के लिए उनके लिए जरूरी है। चोट के कारण तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद, बुमराह अभी तक वह सटीकता नहीं हासिल कर पाए हैं, जो उन्हें एक कठिन चुनौती बनाती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ एक साफ-सुथरे प्रदर्शन के बाद, बुमराह अपने यॉर्कर को ठीक से नहीं खेल पाए और दिल्ली कैपिटल्स के करुण नायर ने उन्हें परेशान कर दिया, क्योंकि उन्होंने उस गेम में 44 रन लुटाए। 31 वर्षीय खिलाड़ी को सनराइजर्स के खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं।

### सुनील नारायण और एनरिक नॉर्टजे का बल्ला जांच में नहीं हुआ पास



**मुल्लांपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फेल रहा। IPL के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए। वहीं रघुवंशी केकेआर की ओर से 28 गेंदों में 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। KKR की ओर से नॉटर्जे अंतिम बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे उसे वापिस भेज दिया गया क्योंकि टीवी कॉमेंटेटर्स के अनुसार अंपायर्स मोहित कृष्णदास और साईदर्शन कुमार की जांच में उनका बल्ला फेल हो गया। यह घटना 16वें ओवर में हुई, इसके बाद सब्सिट्यूट रहमानउल्लाह गुरबाज नॉटर्जे के लिए अतिरिक्त बल्ले लेकर आएं।

हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरूकता का अभाव था

# PBKS से हार पर रहाणे के तीखे बोल



**मुल्लांपुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरूकता की कमी (परिस्थितियों के अनुसार नहीं खेल पाना) थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढ़ेर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा, 'यह सपाट विकेट नहीं था। इससे गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिल रही थी। हमें उनकी चुनौती का डटकर सामना करने की जरूरत थी। टी20 में कभी-कभी मेडन ओवर जाने से भी नुकसान नहीं होता। इसी तरह से परिस्थितियों के अनुसार 70 या 80 रन का स्ट्राइक रेट भी बुरा नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में स्ट्राइक रोटेट करने से जुड़ा है। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में केवल छक्के मारना सब कुछ नहीं होता। आजकल हम देख रहे हैं कि प्रत्येक बल्लेबाज लंबे शॉट खेलना चाहता है। वह मैदान पर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करना चाहता है।' रहाणे ने कहा, 'यह परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने से जुड़ा है। एक बल्लेबाज के रूप में आपके पास खेल के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। हमारे बल्लेबाजों में इसका अभाव था।' रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली लेकिन उम्मीद जताई कि उनके बल्लेबाज आगे अपने खेल में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं एक कप्तान के रूप में (हार की) जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मुझे यकीन है कि सभी खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाज, अपने खेल के बारे में सोचेंगे और आगामी मैचों में सुधार करेंगे।'

ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# भारतीय भारोत्तोलन महासंघ एथलीट आयोग की बनीं अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक खेलों की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया है. चानू ने कहा कि, वह इस भूमिका को साथी भारोत्तोलकों की आवाज को बुलंद करने के अवसर के रूप में देखते हैं.

टोक्यो पदक विजेता मीराबाई ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'मैं भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एथलीट आयोग के अध्यक्ष के रूप में मुझे चुनने के लिए अपना बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं. साथी भारोत्तोलकों की आवाज का प्रतिनिधित्व करने और उसे बुलंद करने का अवसर मेरे लिए बहुत गर्व की बात है'. उन्होंने आगे कहा, 'मैं इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेने की प्रतिज्ञा करती हूं. मैं सभी प्रमुख चैनलों पर एथलीटों की आवाज और दृष्टिकोण को फैलाने की दिशा में काम करूंगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम बाहरी कारकों से विचलित हुए बिना खेल पर ध्यान केंद्रित करना जारी रख सकें'. 30 वर्षीय मीराबाई ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय भारोत्तोलक हैं. वह टोक्यो 2020 में कुल 210 किलोग्राम वजन उठाकर पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहीं. हालांकि, वह पेरिस खेलों में पदक जीतने से चूक गईं और इसका कारण उन्होंने मासिक धर्म के दौरान होने वाली कमजोरी को बताया है. मीराबाई ने 2018 और 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं. उन्होंने 2017 की विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और 2022 में रजत पदक भी जीता है. उन्होंने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण और एक रजत भी जीता है. उनकी ट्रॉफी कैबिनेट से गायब एकमात्र पदक एशियाई खेलों का पदक है।

# पंजाब किंग्स ने KKR पर जीत के साथ टॉप 4 में बनाई जगह



**चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर स्थित अपने होम ग्राउंड में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ 16 रन से जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट टेबल में टॉप 4 में जगह बना ली है। पंजाब किंग्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन पर ढेर हो गई। जब टीम के हारने के कयास लगाए जा रहे थे तब युजवेंद्र चहल के 28 रन पर 4 विकेट और मार्को जैन्सन के 17 रन पर तीन विकेट की बदौलत KKR को 15.1 ओवर में 95 रन पर ढेर कर जीत अपने नाम की। पंजाब किंग्स के अब छह मैचों में 4 जीत के साथ 8 अंक हो गए हैं और वह चौथे स्थान पर आ गई है। गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी 8-8 अंक ही हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण गुजरात, दिल्ली और बेंगलुरु क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे जबकि लखनऊ पांचवें स्थान पर है।

गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय

# माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण से बना विश्व विजेता




**आयरलैंड।** उत्तरी आयरलैंड के गोल्फ सनसनी रॉरी मैकइलरॉय ने 89वां मास्टर्स टूर्नामेंट जीतकर आखिरकार अपना करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लिया। उन्होंने प्लेऑफ में इंग्लैंड के जस्टिन रोज को हराकर ये शानदार जीत अपने नाम की। लेकिन इस सफलता के पीछे संघर्षों की कहानी जुड़ी है जिसमें मैकइलरॉय को सफल बनाने में उनके माता-पिता के अथक प्रयास और समर्पण शामिल है। मैकइलरॉय के गोल्फिंग सपनों को पूरा करने के लिए उनके माता-पिता रोजी और गेरी ने कड़ी महनत की है। रोजी और गेरी सप्ताह में 100 घंटे काम करते थे ताकि बेटे को गोल्फर बना सकें। मैकइलरॉय के पिता स्थानीय खेल क्लब में शौचालय और स्नानागार साफ करने से लेकर हॉलीवुड गोल्फ क्लब में बारटेंडर के रूप में काम करते थे। उनकी मां रोजी दिन में बेटे की देखभाल के बाद रात में 3एम फैक्ट्री में काम करती थी।

**मैकइलरॉय की उपलब्धियां**

वह आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग में पूर्व विश्व नंबर एक हैं और अपने करियर के दौरान उस पद पर 100 से अधिक सप्ताह बिता चुके हैं। वह पांच बार के प्रमुख चैंपियन हैं जिन्होंने 2011 यू.एस. ओपन, 2012 और 2014 पीजीए चैम्पियनशिप, 2014 ओपन चैम्पियनशिप और 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट जीता है। वह आधुनिक करियर ग्रैंड स्लैम हासिल करने वाले छह पुरुष गोल्फरों में से एक और ऐसा करने वाले एकमात्र यूरोपीय हैं। वह 2007 में 17 साल की उम्र में वर्ल्ड एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे थे। उन्होंने 2009 में यूरोपीय दौरे पर और 2010 में पीजीए दौरे पर अपनी पहली जीत हासिल की। 2022 में वह टाइगर वुड्स को पीछे छोड़ते हुए तीन बार FedEx कप जीतने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

# 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करना मेरे IPL कोचिंग कैरियर की सर्वश्रेष्ठ जीत : पोंटिंग



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे छोटे 112 रनों लक्ष्य का बचाव एक रिकॉर्ड् है और यह उनके कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को पंजाब किंग्स के 112 रन के छोटे से लक्ष्य को भेदने में असफल रही और 95 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। पंजाब किंग्स ने 16 रनों से जीत हासिल की थी। पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' बताते हए कहा, 'अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगी। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है। तीन दिन पहले ही हम 246 के लक्ष्य को नहीं भेद पाये थे और तीन दिन बाद ही हमने 112 रन के स्कोर को बचा लिया। दूसरी पारी शुरू होने से पहले मैंने लड़कों से कहा था कि कई बार छोटे लक्ष्य बहुत मुश्किल होते हैं। विकेट उतना आसान नहीं था और मुझे लग रहा था कि मैच फंसेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'आज रात युज़वेंद्र चहल की बेहतरीन रात थी। उन्होंने शानदार स्पेल किया। आज के मैच से पहले उनका फ़टिनेस टेस्ट हुआ था क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे में चोट लग गई थी। इस मैच के अभ्यास सत्र से पहले मैंने उनकी आंखों में आंख डाला और उनसे पूछा कि 'क्या तुम ठीक हो?, उन्होंने कहा, 'हां, मैं शत-प्रतिशत ठीक हूं और मुझे खेलने का मौका।'इसके बाद उन्होंने क या शानदार गेंदबाज़ी की।'

# सुरुचि सिंह ने लगातार दूसरे ISSF विश्व कप में जीता गोल्ड, मनु भाकर को रजत पदक





**लीमा (पेरू)।** युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ISSF विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया। ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है। पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

# जेके टायर-डब्ल्यूआईएए महिला रैली 2025 मुंबई से हुई रवाना



**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित वार्षिक 'जेके टायर-डब्ल्यूआईएए वुमेन्स रैली टू द वैली-2025' का आज मुंबई के वर्ली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया से भव्य शुभारंभ हुआ। जेके टायर्स द्वारा प्रस्तुत और वेस्टर्न इंडिया ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (WIAA) द्वारा आयोजित इस रैली में 100 से अधिक कारों में 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। टाइम-स्पीड-डिस्टेंस (TSD) प्रारूप में आयोजित इस रोमांचक मोटरस्पोर्ट इवेंट ने विविध पृष्ठभूमियों से आई महिलाओं को एक मंच पर एकत्र किया, और स्त्री शक्ति का जश्न मनाया। फ्लैग-ऑफ सेरेमनी में प्रमुख अतिथियों के रूप में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं मॉडल पूजा बत्रा, जेके टायर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर प्रवीण गुप्ता, और वेस्टर्न इंडिया ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन नितिन डोसा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और मोटरस्पोर्ट, श्री संजय शर्मा ने कहा कि एक दशक से भी अधिक समय से जेके टायर्स महिलाओं के लिए मोटरस्पोर्ट्स को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। जेके टायर्स – WIAA वुमेन्स रैली टू द वैली आज एक प्रतिष्ठित इवेंट बन चुका है, जो न केवल मोटरस्पोर्ट्स की भावना का उत्सव है।

सौरभ चौधरी ने शूटिंग वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

# 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



**पेरू।** पूर्व एशियाई खेलों और युवा ओलंपिक चैंपियन सौरभ चौधरी ने पेरू के लीमा में लास पालमास शूटिंग रेंज में वर्ष के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी झोली में एक और विश्व कप पदक जोड़ लिया. चीन के हू काई ने 246.4 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 0.1 कम था, जबकि ब्राजील के ओलंपिक पदक विजेता फेलिप अल्मेडा वू ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि सौरभ को 219.1 के साथ ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होने पड़ा। इससे पहले, दो भारतीय, सौरभ और वरुण तोमर ने शीर्ष-8 फाइनल में जगह बनाई थी, जिसमें सौरभ ने क्वालीफिकेशन में 578 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान, जबकि वरुण ने 576 के साथ 8वां स्थान हासिल किया था. दोनों भारतीयों ने फाइनल में भी शानदार शुरुआत की, जिसमें सौरभ दूसरे और वरुण तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दूसरे चीनी झी यू ने शुरुआती पांच शॉट के बाद बढ़त हासिल की. हालांकि, इसके बाद भारतीय जोड़ी को 10-रिंग तक पहुंचने में मुश्किल हुई, क्योंकि पहले दो सिंगल्स शॉट के बाद हू आगे निकल गए. तोमर ने अपने 14वें शॉट के लिए 10.9 का स्कोर किया, जिससे वह सातवें स्थान पर पहुंच गए. सौरभ ने भी अपने 14वें शॉट के लिए 10.7 का स्कोर बनाया. इसके बाद सौरभ 15वें और 16वें शॉट में 10.2 और 10.6 के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए. सौरभ के 21वें और 22वें शॉट में अपेक्षित मुकाबला नहीं हुआ, क्योंकि उन्होंने दोनों बार 9.6 अंक हासिल किए, जिससे वू का सिल्वर मेडल जीतने का रास्ता साफ हो गया. वहीं, सौरभ ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

# रजनीकांत की 'कुली' में आमिर खान की एंट्री





साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आनेवाली फिल्म कुली को लेकर चर्चा में है। रजनीकांत की इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। रजनीकांत की इस फिल्म में अब बॉलीवुड के एक बड़े सुपरस्टार की एंट्री हो सकती है।

फिल्म के स्टार उपेंद्र ने हिंट दिया है कि रजनीकांत की फिल्म में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान नजर आएंगे। उपेंद्र इस वक्त अपनी फिल्म 45 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान उन्होंने फिल्म में आमिर खान के फिल्म में होने का कंफर्मेशन दिया है।

उपेंद्र अपनी फिल्म 45 को प्रमोट करने के लिए हैदराबाद में थे। इस दौरान उन्होंने रजनीकांत की फिल्म कुली के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्होंने रजनीकांत की वजह से ही फिल्म के लिए हां किया। उन्होंने रजनीकांत को द्रोणाचार्य बताया और खुद को एकलव्य। उन्होंने कहा, मैंने कुछ और नहीं मांगा। लोकेश आए और कहानी सुनाई, लेकिन उनके साथ खड़े होना मेरे लिए काफी है। वो मेरे एकलव्य के द्रोणाचार्य हैं। उन्होंने मनोरंजन के नाम पर दूसरों का बहुत ज्ञान बढ़ाया है। मैं बहुत धन्य हूं। उपेंद्र से जब आमिर खान और नागार्जुन के फिल्म का हिस्सा होने पर सवाल किया तो उपेंद्र ने कहा कि हां, उनके साथ मेरे सीन्स हैं। रजनीकांत की ये फिल्म 14 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म कुली में रजनीकांत नेगेटिव रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा उपेंद्र राव लीड में दिखाई देंगे। वही इस फिल्म में श्रुति हासन , सत्यराज, सौबिन शाहिर और कई अन्य स्टार्स भी नजर आने वाल हैं।

# उर्वशी रौतेला साउथ में चाहती हैं अपना मंदिर

## बताया DU में उनकी फोटो पर लोग चढ़ाते हैं फूल



एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सनी देओल और रणदीप हुड्डा स्टारर फिल्म 'जाट' में आइटम नंबर किया है, जिसको लेकर वह हर तरह प्रमोशन कर रही हैं। इंटरव्यूज दे रही हैं। हालांकि वह 10 में से 9 ऐसी बातें बोल देती हैं, जिसके कारण खबर बन जाती हैं। 'डाकू महाराज' के दौरान विवादों में छाई एक्ट्रेस अब हंसी का पात्र भी बन रही हैं। उन्होंने अपने नाम के मंदिर होने की इच्छा जताई है।

बताया है कि उत्तराखंड में उनका एक मंदिर है और अब वह बाकी साउथ सुपरस्टार्स की तरह अपना भी एक मंदिर बनवाना चाहती हैं। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में उर्वशी रौतेला ने कहा, 'उत्तराखंड में पहले से ही मेरे नाम का मंदिर है। उर्वशी मंदिर। आप बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन करने जाओगे न, उसके ठीक बाजू में एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी है। और वो मेरे लिए ही डेडिकेटेड है। उर्वशी मंदिर वहां पर है। बस मेरी यही चाहत है कि जैसे कि अभी करीब डेढ़ साल के अंतराल में मैंने मेगा स्टार चिरंजीवी के साथ डेब्यू किया। फिर मैंने पवन क्ल्याण गारू के साथ काम किया है। ब्रो फिल्म में। फिर मैंने बाला बाबू संग काम किया। अब बस मेरी ये चाह है कि उनके भी टेंपल्स हैं तो साउथ में कुछ ऐसा कुछ हो कि मेरे फैंस के लिए कि वहां पर कुछ हो।' सिद्धार्थ ने उर्वशी रौतेला से पूछा कि एक आपके होमटाउन में मंदिर है तो आप चाहती हैं कि एक मंदिर साउथ में भी बने? तो एक्ट्रेस ने कहा कि हां क्योंकि अब काम तो साउथ में हो रहा है न। तो एक मंदिर साउथ में भी होना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि उनका जो मंदिर है, वो कहां स्थित है? तो एक्ट्रेस ने बताया कि बद्रीनाथ के एक किलोमीटर के दायरे में वह स्थित है और लोग वहां माथा टेकते हैं। ब्लेसिंग लेते हैं। सिद्धार्थ ने पूछा कि क्या लोग उनसे हाथ जोड़कर मदद मांगते हैं कि वह उनके बिगड़े काम बना दें तो उर्वशी रौतेला बोलीं, 'मंदिर में लोग प्रार्थना करते हैं। और ये सब चीजें पहले से ही हो रही हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी में भी एक एक वो है दमदमी माई करके भगवान। तो वहां पर भी लोगों ने मेरी फोटो पर माला चढ़ाई है लड़के-लड़कियों सबने। फूल चढ़ाया है। प्रसाद चढ़ाया है। सबकुछ किया है।' जब पूछा गया कि क्या वह खुद को भगवान मानती हैं तो इस पर एक्ट्रेस बोलीं, 'वो तो हर लड़की भगवान का रूप हुई। कोई भी लड़की हो, सब देवी हैं। '

# सोहेल खान 9 साल बाद बनाएंगे फिल्म

सोहेल खान पिछले कुछ सालों से भाईजान सलमान खान एक साथ अपमे ड्रीम प्रोजेक्ट शेरखान पर प्लानिंग कर रहे थे। लेकिन अब लगता है सोहेल इस प्रोजेक्ट को होल्ड पर करके आगे बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सोहेल खान, संजय दत्त और जीजा आयुष शर्मा के साथ एक कॉमेडी फिल्म पर काम करने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सोहेल खान एक दो हीरो की कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त और आयुष शर्मा लीड रोल में होंगे। फिल्म में संजय दत्त का किरदार शानदार होने वाला है। वहीं आयुष शर्मा इस फिल्म में अभी तक के अपने सबसे अलग अवतार में दिखने वाले हैं। सोहेल और उनकी टीम जून-जुलाई से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिलहाल फिल्म प्री-प्रोडक्शन में हैं। ये कॉमेडी फिल्म एक गैंग्स्टर ड्रामा होगी जो पंजाब की पृष्टभूमि पर आधारित होगी। फिल्म में कई एक्टर्स और नजर आने वाले जिनके नाम का खुलासा नहीं हुआ है। ये फिल्म संजय दत्त और सोहेल खान का रीयूनियन भी होने वाली है।

सोहेल खान ने फिल्मों में एक्टिंग करने के साथ डायरेक्शन का काम भी संभाला है। उन्होंने सलमान खान की फिल्म औजार, प्यार किया तो डरना क्या, हेलो ब्रदर्स, मैंने दिल तुझको दिया और फ्रीकी अली जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की मानें तो एक्टर एक फिर से डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

**संजय दत्त और आयुष शर्मा करेंगे गैंगस्टर अंदाज में कॉमेडी**





# बॉबी देओल को नहीं थी स्टारकिड्स में जाने की इजाजत



धर्मेंद्र का परिवार हमेशा लाइमलाइट से दूर रहा। उनके बेटे बड़े होने पर इंडस्ट्री का हिस्सा बने। बॉबी देओल ने अब एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब वह छोटे थे तो स्टारकिड्स की बर्थडे पार्टीज में जाने की अनुमति नहीं थी। उनके पिता नहीं चाहते थे कि वे लोग भी इंडस्ट्री के लोगों की तरह बनावटी बन जाएं।

बॉबी देओल ने इंस्टंट बॉलीवुड से बातचीत में बताया, 'जब भी किसी स्टारकिड की बर्थडे होता, पापा मुझे कभी नहीं जाने देते थे।। मैं अब उनसे बोलता हूं कि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था। उस वक्त यह बड़ी बात लगती थी। फिर आदत पड़ गई, मैं अब इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। पापा कभी नहीं चाहते थे कि हम लोग फिल्म इंडस्ट्री के साथ मिले-जुलें क्योंकि इंडस्ट्री बहुत बनावटी है। तो वो चाहते थे कि हमें बनावटीपन से दूर रखें।' बॉबी ने बताया कि उनके घर पर इंडस्ट्री जैसा माहौल नहीं था। जब कहीं जाते और धर्मेंद्र को प्यार मिलता तो वे लोग देखकर हैरान होते थे। बॉबी बोले, 'हमारे यहां फिल्म इंडस्ट्री जैसा माहौल कभी नहीं रहा। हमारा परिवार साधारण सा था। हमारे घर पर पार्टियां नहीं होती थीं न ही फिल्मों की बातें होती थीं। हम आम लोगों की तरह रहते थे। हम फिल्म इंडस्ट्री से कभी प्रभावित नहीं हुए। मुझे बस ये देखने को मिला कि मेरे पिता को बहुत प्यार मिलता था। चाहे में सेट पर जाऊं या घर के बाहर लोगों की भीड़ देखूं, ये देखकर मुझे हमेशा हैरानी होती थी कि मेरे पिता को इतना प्यार क्यों मिल रहा है।' बॉबी ने बताया कि वह अपने पिता की फिल्मों के सेट पर इसलिए जाते थे ताकि स्कूल न जाना पड़े। वह बोले, 'मैं डैड के साथ सेट पर जाया करता था, इसलिए नहीं कि शूट देखना था बल्कि इसलिए कि बढ़िया खाना खाना रहता था।

# रणदीप हुड्डा की शादी के खिलाफ था परिवार

रणदीप हुड्डा ने साल 2023 में लिन लैशराम से शादी की थी। दोनों की इंटरकास्ट वेडिंग थी। दोनों की शादी की फोटोज काफी वायरल हुई थी। अब रणदीप ने हाल ही में बताया कि लिन जो कि मणिपुर से हैं, उनसे शादी करना उनके लिए आसान नहीं था। अब क्योंकि लिन, जाट नहीं हैं इसलिए उनकी शादी में कुछ कॉम्पलीकेशन भी थे।

**कहा- फैमिली से पहला हूं जिसने नॉन जाट से शादी की**



रणदीप ने शुभांकर मिश्रा को दिए इंटरव्यू में कहा, 'कॉम्पलीकेशन तो थे, मेरे पैरेंट्स चाहते थे कि मैं अपनी कास्ट में ही शादी करूं। मैं अपने परिवार से पहला शख्स हूं जिसने नॉन जाट से शादी की है इसलिए सभी को काफी दिक्कत थी, लेकिन फिर सब ठीक हो गया।'इसी इंटरव्यू के दौरान रणदीप ने बताया कि पहले दोनों का शादी को लेकर कोई प्लान नहीं था। वह बोलते हैं, 'मैं स्कूल में काफी दुखी होता था। मैं सोचता था कि मैं इस दुनिया में किसी और को नहीं लेकर आऊंगा ताकि वो भी ये सब ना सहे जो मैंने सहा। लेकिन फिर मेरी और लिन की राहें टकराए और अच्छा है हमने शादी की।'

रणदीप फिर मजाक करते हैं कि मैंने थोड़ी देर से शादी की है क्योंकि मेरी सरकारी नौकरी नहीं थी। रणदीप की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो हाल ही में वह फिल्म जाट में नजर आए हैं जिसमें उनके साथ सनी देओल लीड रोल में थे। फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने अब तक 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है।

MSRDC ITSF AWARDS शो में उपाध्यक्ष तथा व्यवस्थापकीय संचालक अनिल कुमार गायकवाड को महाराष्ट्र राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत के हाथों 'सेवा रत्न पुरस्कार' से सन्मानित किया गया।



# मनोज बाजपेयी ने एक रुपये में साइन की थी फिल्म

बॉलीवुड फिल्ममेकर हंसल मेहता ने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज दी हैं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में मनोज बाजेपयी के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। साथ ही, उन्होंने अनुराग कश्यप से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात की। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे मनोज बाजपेयी ने उनकी एक फिल्म को एक रुपये में साइन किया था। वो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी।

खास बातचीत में बताया कि प्रोड्यूसर आरवी पंडित ने उनसे एक कहानी लिखने के लिए कहा था। वो इस कहानी की ब्रेन स्टॉर्मिंग के लिए मनोज बाजपेयी के अपार्टमेंट में थे। हंसल मेहता ने बताया, 'हम आइडियाज पर चर्चा कर रहे थे। बात करते-करते वो (मनोज बाजपेयी) सो गया। दरवाजा किया किसी ने। एक आदमी आयामैंने बोला मनोज भइया सो रहे हैं वो बोलता मैं आपसे मिलना चाहता था। हाइवे देखी थी, पागल हो गया था ।, बड़ा फैन हूंआपको ढूंढ रहा हूं कब से।' उन्होंने आगे बताया कि उस शख्स ने कहा कि वो एक एक्टर और राइटर है। हंसल मेहता जिस शख्स की बात कर रहे थे वो कोई और नहीं बल्कि अनुराग कश्यप थे। हंसल मेहता ने बताया कि जैसे ही उन्होंने राइटर शब्द सुना।

उन्होंने पूछा कि क्या वो इस फिल्म को पेपर पर उतारने में मदद कर सकते हैं। अनुराग कश्यप ने उनसे कहा, 'सर, मैं लिख लूंगा, मुझे 15 हजार रुपये चाहिए, मेरा तीन महीने का किराया है। हंसल बताते हैं अनुराग कश्यप ने 48 घंटे में स्क्रीनप्ले लिखकर दे दिया क्योंकि उनको पैसे चाहिए थे। हंसल मेहता ने कहा कि उस फिल्म के लिए अनुराग कश्यप को 350 पेज की स्क्रिप्ट के लिए 75,000 रुपये मिले थे। इस फिल्म का नाम था जयते।



# केसरी-2 ,कितनी हुई अभी तक एडवांस बुकिंग?

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म केसरी सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर अच्छा-खासा बज बना हुआ है, लेकिन फिल्म ओपनिंग डे पर फिल्म कितनी कमाई करेगी इस सवाल का जवाब भी फैंस जानना चाहते हैं। फिल्म के लिए जमकर एडवांस बुकिंग हो रही है और सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक 4 हजार से ज्यादा टिकटें बिक चुकी हैं। खबर लिखे जाने तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक फिल्म एडवांस बुकिंग से 12 लाख 65 हजार रुपये की कमाई कर चुकी है। ब्लॉक सीटों के साथ उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक यह नंबर 1




करोड़ 2 लाख रुपये के आसपास हो चुका है। दिल्ली, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों से फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ट्रेड विशेषज्ञों की मानें तो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धीमी शुरुआत करेगी, लेकिन असली फैसला तो रिलीज के बाद ही होना है, जब माउथ पब्लिसिटी के आधार पर फिल्म को पॉजिटिव या निगेटिव रिएक्शन मिलना शुरू होगा।

अक्षय कुमार के साथ फिल्म में अनन्या पांडे भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म आजादी के वक्त में लिखी गई है जब जालियावाला बाग में ढेरों लोगों को बेरहमी से मार डाला गया। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म का पिछला पार्ट एक्शन और थ्रिलर से लबरेज था, लेकिन इस पार्ट में लड़ाई जंग के मैदान में नहीं बल्कि कोर्ट में होती दिखाई जाएगी। फिल्म को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट हाई है।

# मुश्ताक खान का खुलासा

'मेरी एक टांग नकली है, मैं हॉकी का बहुत बड़ा खलिाड़ी था। एक दिन उदय भाई के लिए मेरे मुंह से गलत निकल गया तो मजनू भाई ने मेरी हॉकी से मेरी टांग के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। लेकिन इंसान अच्छे हैं, मुझे फौरन हॉस्पटिल ले गए और ये नकली टांग लगवाई।'

## 'वेलकम' में मुझे अक्षय कुमार के स्टाफ से भी कम फीस मिली

साल 2007 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' का यह डायलॉग और इसे बोलने वाले मुश्ताक खान भी आपको जरूर याद होंगे। बीते 45 साल से मुश्ताक फिलम इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। मंझे हुए कलाकार हैं। लेकिन अपने हालिया इंटरव्यू में उन्होंने एक चौंकाना वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि 'वेलकम' में उन्हें अक्षय कुमार के स्टाफ से भी कम फीस मिली थी।

मुश्ताक खान ने साल 1980 में 'अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है' में छोटे से किरदार से बड़े पर्दे पर एक्टिंग डेब्यू किया था।

'हम हैं राही प्यार के', 'क्रांतिवीर', 'गदर' और 'स्त्री' समेत 100 से अधकि फिल्मों में काम कर चुके हैं। टीवी पर 'वागले की दुनिया', 'भारत एक खोज' और 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी' जैसे 12 से अधकि सुपरहिट शोज का हिस्सा रहे हैं। 'फिल्मी मंत्रा' को दिए इंटरव्यू




में मुश्ताक ने बताया कि 'वेलकम' फिल्म के लिए उनकी फीस फिक्स दी। जबकि कॉन्ट्रैक्ट में जितने दिनों की बात हुई थी, उससे ज्यादा दिन शूट करने में लगे थे। एक्टर ने कहा, 'जब हम किसी चीज के लिए कॉन्ट्रैक्ट करते हैं, तो यह साफ बताया जाता है कि शूटिंग में 20 या 25 दिन लगेंगे। उसी हिसाब से हमारी फीस भी तय होती है।

'एक्टर ने बताया कि अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बनी 'वेलकम' ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

इस फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर और कटरीना कैफ जैसे सितारे थे। लेकिन मुश्ताक खान को लंबी शूटिंग के बावजूद बहुत कम मेहनताना मिला था। उन्होंने खुलासा किया कि उनकी फीस उस फिल्म के स्टार एक्टर्स के स्टाफ से भी कम थी।

# 'खिचड़ी 3' हुई अनाउंस

साल 2002 की बात है। पूरा परिवार साथ बैठकर टीवी का फेमस कॉमेडी शो 'खिचड़ी' देखता था और ठहाके भी लगाता था। ये शो दो साल तक चला और फिर बंद हो गया। जब डिमांड बढ़ी तब इस पर फिल्म बनाई गई। इस फिल्म का पहला पार्ट 'खिचड़ी: द मूवी' साल 2010 में और दूसरा पार्ट 'खिचड़ी 2: मिशन पंथुकिस्तान' साल 2023 में रिलीज हुआ था। वहीं अब इसका तीसरा पार्ट आने वाला है।



एक्टर-प्रोड्यूसर जेड़ी मजेठिया ने फराह खान के शो में इस बात की अनाउंसमेंट की है। याद दिला दें, जेड़ी मजेठिया 'खिचड़ी' में हिमांशु के किरदार में नजर आते हैं।

वीडियो में फराह ने जेड़ी मजेठिया से पूछा, 'पार्ट-3 आ रही है या नहीं?' इस पर जेड़ी मजेठिया, 'आपके चैनल पर मैं इस बात की अनाउंसमेंट करता हूं कि 2027 में जब हमारे शो के 25 साल पूरे हो जाएंगे तब हम पार्ट-3 रिलीज करेंगे।'जेड़ी मजेठिया ने आगे कहा, '4 मई के दिन वर्ल्ड लाफ्टर डे है। अब ट्रेंड चल पड़ा है फिल्में री-रिलीज करने का तो हम सोच रहे हैं कि पार्ट 1 को री-रिलीज करें। अभी कोशिश चल रही है।' इसके बाद फराह ने पूछा कि क्या तीसरे पार्ट में मेरा रोल होगा। इस पर जेड़ी ने कहा, 'हां! बिल्कुल होगा न। आपके बिना फिल्म बनेगी ही नहीं।'